सूर्योदय प्रातः 5:02 | सूर्यास्त संध्या 6:35 | पखवाड़ा ज्येष्ठ कृ . एकादशी, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 36° न्यूनतम 25°

फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, गुरुवार, 11 जून 2026, वर्ष : 17, अंक : 117, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions



नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में पूरे किये 12 वर्ष

- पीएम के तौर पर सबसे लम्बी पारी के लिए एनडीए ने पीएम मोदी का किया सम्मान
- भारत मंडपम में विशेष बैठक, 4,399 दिन पूरे कर पं. नेहरू के रिकॉर्ड से आगे निकले

राष्ट्रसेवा व विकसित भारत के लिए नये जोश से काम जारी रहेगा : प्रधानमंत्री

एजेंसी

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय राजनीति में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए देश के सबसे लम्बे समय तक लगातार सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। बुधवार को उनके कार्यकाल के 4,399 दिन पूरे होने पर एनडीए ने विशेष बैठक कर पीएम मोदी का सम्मान किया। इसके साथ ही पीएम मोदी ने भूतपूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के 4,398 दिनों के लगातार कार्यकाल के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 26 मई 2014 को पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। इसके बाद वर्ष 2019 और 2024 में लगातार तीसरी बार सत्ता सम्भालते हुए उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में एक विशेष बैठक आयोजित कर प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया। इस विशेष बैठक में भाजपा और एनडीए शासित 22 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री तथा गठबंधन के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। सभी नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान एनडीए नेताओं ने प्रधानमंत्री के साथ सामूहिक फोटो भी खिंचवायी।

झालमुड़ी खाकर खुशी जाहिर की

बैठक के बाद एक अनौपचारिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी और एनडीए नेताओं ने पश्चिम बंगाल का लोकप्रिय व्यंजन झालमुड़ी खाते हुए खुशी जाहिर की। पश्चिम बंगाल भाजपा के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने हाथों से झालमुड़ी परोसकर खिलायी। इस दौरान नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल देखने को मिला। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2026 में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने झाड़ग्राम में एक स्थानीय दुकान पर झालमुड़ी खायी थी। उस दौरान दुकान संचालक के साथ उनकी बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी चर्चित हुआ था।

देश ने हासिल कीं उपलब्धियां

एनडीए नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 12 वर्षों में विकास, बुनियादी ढांचे, डिजिटल परिवर्तन और वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। बैठक में आगामी राजनीतिक और विकासात्मक एजेंडे पर भी चर्चा की गयी। प्रधानमंत्री की इस उपलब्धि को भाजपा और एनडीए ने ऐतिहासिक बताया है, जबकि राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण पड़ाव है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) राष्ट्र सेवा और विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए नये जोश के साथ मिल कर काम करना जारी रखेगा। गठबंधन को सत्ता में आये हुए आज 12 वर्ष हो गये हैं। केन्द्र में राजग सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज भारत मंडपम, नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में देशभर के गठबंधन से जुड़े नेताओं की बैठक हुई।

देश के सबसे लम्बे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर आज भारत मंडपम में राजग नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी। इस दौरान गठबंधन के नेताओं और राजग सरकारों के मुख्यमंत्रियों ने उन्हें उपहार देकर उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजग के मुख्यमंत्रियों और नेताओं को उनकी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 'राजग की यात्रा राष्ट्रीय हित और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने के साझा संकल्प से प्रेरित रही है। इस भावना ने हमारे लोकतंत्र को मजबूत किया है, सहकारी संघवाद को गहरा किया है और विकास को गति दी है। पिछले 12 वर्षों में, एनडीए ने एक स्थिर सरकार प्रदान की है, जिसने सभी क्षेत्रों में प्रगति को आगे बढ़ाया है।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अब तक के सबसे लम्बे कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री बनने को लेकर देशवासियों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की और कहा, ' मैं इसे अपना परम सैभाग्य मानता हूं, जो मुझे इतने लम्बे समय तक बतौर प्रधानमंत्री राष्ट्र सेवा का देश की जनता ने अवसर दिया है।'

भाजपा नेताओं ने दिल्ली के धार्मिक स्थलों पर की विशेष पूजा-अर्चना

केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर पहुंच कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दीर्घायु, स्वस्थ एवं सफल नेतृत्व की कामना की। दिल्ली के अनेक प्राचीन मंदिरों में भाजपा नेताओं की मौजूदगी देखने को मिली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा, गिरिराज सिंह, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पीयूष गोयल सहित कई वरिष्ठ नेता अलग-अलग मंदिरों में पूजा-अर्चना की। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा और सांसद बांसुरी स्वराज के साथ झंडेवालान देवी मंदिर में दर्शन कर प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घ नेतृत्व काल के लिए प्रार्थना की। वहीं, मंदिर मार्ग स्थित भगवान वाल्मीकि मंदिर में स्वाति मालीवाल और भाजपा राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने पूजा-अर्चना की। 12 साल पूरे होने पर नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई, अनुच्छेद 370 की समाप्ति, जम्मू-कश्मीर में विकास, विश्वस्तरीय हाईवे नेटवर्क, डिजिटल इंडिया और दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान जैसी ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं।

प्रधानमंत्री को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने दी बधाई

दूरदर्शी संकल्प और नेतृत्व के प्रति पूर्ण समर्थन जताया

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को प्रस्ताव पारित कर 10 जून को भारतीय लोकतंत्र की यात्रा का ऐतिहासिक पड़ाव बताया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। प्रस्ताव के अनुसार, 'नरेन्द्र मोदी ने 4,399 दिनों की निरन्तर सेवा पूरी कर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के 4,398 दिनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।' मंत्रिमंडल ने कहा कि यह उपलब्धि भारतीय लोकतंत्र की शक्ति, जनभागीदारी और जनता के विश्वास का प्रतीक है। प्रस्ताव में उल्लेख किया गया कि यह अवसर ऐसे समय आया है जब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार ने अपने 12 वर्ष पूरे किये हैं और वह लगभग 25 वर्षों की ● शेष पृष्ठ 11 पर

एक झलक

सेना प्रमुख ने नॉर्दर्न कमांड का किया दौरा

जम्मू : सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर ज़िले में नॉर्दर्न कमांड हेडक्वार्टर का दौरा किया और वहां ऑपरेशनल तैयारी क्षमता विकास और चल रहे आधुनिकीकरण के कामों का जायजा लिया। सेना के एडिशनल डायरेक्टरेट जनरल ऑफ पब्लिक इन्फॉर्मेशन के मुताबिक इस दौरान सेना प्रमुख को मल्टी-डोमेन ऑपरेशन, टेक्नोलॉजी को अपनाने, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और सभी तरह के मिलिट्री ऑपरेशन में इंटीग्रेटेड कॉम्बैट तैयारी के बारे में जानकारी दी गई। एडीजीपीआई ने बताया कि नॉर्दर्न कमांड और अलग-अलग फॉर्मेशन हेडक्वार्टर के अधिकारियों के साथ हाइब्रिड तरीके से बातचीत करते हुए जनरल द्विवेदी ने तेजी से बदलते सुरक्षा माहौल में ऑपरेशनल असरदारता बढ़ाने के लिए नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने और इनोवेशन को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

बंगाल में पूर्व मंत्री उज्ज्वल विश्वास गिरफ्तार

कृष्णनगर : पश्चिम बंगाल में राहत सामग्री में कथित अनियमितता के मामले में पूर्व कारा मंत्री उज्ज्वल विश्वास को लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। मंगलवार को उनके आवास के बाहर कथित राहत सामग्री घोटाले को लेकर लोगों का भारी विरोध प्रदर्शन हुआ। इस दौरान आक्रोशित भीड़ ने उन पर अंडे भी फेंके। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने उन्हें मौके से निकालकर हिरासत में लिया और बाद में पूछताछ के उपरांत देर रात गिरफ्तार कर लिया। उन्हें बुधवार को कृष्णनगर जिला एवं सत्र न्यायालय में पेश किया जाएगा। उज्ज्वल विश्वास की गिरफ्तारी को लेकर राजनीतिक विवाद भी तेज हो गया है। कृष्णनगर से तृणमूल कांग्रेस लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा ने बुधवार को इस कार्रवाई को पूरी तरह राजनीतिक बताते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर साजिश रचने का आरोप लगाया है। महुआ मोइत्रा ने कहा कि वह स्वयं भी विधायक रह चुकी हैं और राज्य के सभी विधायकों को ईद या अन्य बड़े त्योहारों के अवसर पर वितरण के लिए कपड़े तथा प्राकृतिक आपदाओं के समय लोगों की सहायता के लिए तिरपाल जैसी राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाती है।

झारखंड में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति का रास्ता साफ

चार नामों पर लगी राज्यपाल की स्वीकृति की मुहर

- राज्य सरकार ने भेजा था चार सदस्यीय पैनल
- प्रस्ताव को कुछ शर्तों के साथ मिली स्वीकृति
- मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति भी जल्द सुनिश्चित करने के निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। राज्यपाल ने राज्य सरकार की ओर से भेजे गये चार सदस्यीय पैनल को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही वरिष्ठ पत्रकार अनुज कुमार सिन्हा, तनुज खत्री, अमूल्य नीरज खलखो और भाजपा नेता शिवपूजन पाठक के राज्य सूचना आयुक्त बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

राजभवन सचिवालय ने बुधवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि राज्य सरकार ने इन चार नामों की अनुशंसा करते हुए प्रस्ताव राज्यपाल के अनुमोदन के लिए

भेजा था। हालांकि, प्रारम्भिक स्तर पर लोकभवन ने कुछ प्रक्रियागत आपत्तियां जताते हुए प्रस्ताव को वापस कर दिया था। इसके बाद राज्य सरकार ने उन्हीं नामों के साथ पुनः प्रस्ताव भेजा और उठायी गयीं आपत्तियों पर अपना पक्ष स्पष्ट किया। राज्यपाल ने प्रस्ताव को कुछ शर्तों के साथ स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने राज्य सरकार को निर्देश दिये हैं कि झारखंड राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति भी जल्द सुनिश्चित की जाये, ताकि आयोग का कार्य प्रभावी और सुचारु रूप से संचालित हो सके। राज्यपाल ने ● शेष पृष्ठ 11 पर

अनिल अम्बानी को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ी राहत

मुंबई : उद्योगपति अनिल अंबानी को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ी कानूनी राहत मिली है। अदालत ने काला धन (ब्लैक मनी) अधिनियम, 2015 के तहत उनके खिलाफ प्रस्तावित आपराधिक मुकदमा और दंडात्मक कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगा दी है। साथ ही, अंबानी द्वारा इस कानून की कुछ धाराओं की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका भी स्वीकार कर ली गई है। न्यायमूर्ति बी. पी. कोलाबावाला और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की खंडपीठ ने केंद्र सरकार को इस मामले में अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने आयकर विभाग को स्पष्ट आदेश दिया है कि ● शेष पृष्ठ 11 पर

नीति आयोग की बैठक आज, केन्द्र व राज्यों के बीच समन्वय बढ़ाने पर होगी चर्चा

एजेंसी

नयी दिल्ली : नीति आयोग की 11वीं शासी परिषद की बैठक गुरुवार को राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित की गयी है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में राज्यों और केंद्र के बीच समन्वय बढ़ाने, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, सुशासन, साझेदारी और डेटा आधारित प्रणालियों के बेहतर उपयोग पर चर्चा होगी।

नीति आयोग के अनुसार इस वर्ष बैठक का विषय 'विकसित भारत @2047 के लिए समावेशी मानव विकास' रखा गया है, जिसका उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक के समग्र विकास और कल्याण के लिए साझा रणनीति तैयार करना है। बैठक प्रधानमंत्री मोदी के 'टीम इंडिया' के विजन के अनुरूप आयोजित की जा रही है।

इसमें राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उपराज्यपाल, प्रशासक, केंद्रीय मंत्री तथा नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और मुख्य कार्यकारी अधिकारी भाग लेंगे। बैठक में इस बात पर विचार किया जाएगा कि विकसित भारत के लक्ष्य को ठोस और मापनीय परिणामों में कैसे बदला जाए ताकि देश के हर नागरिक को इसका लाभ मिल सके।

बैठक में समावेशी मानव विकास ढांचे के चार प्रमुख स्तंभों पर चर्चा होगी। इनमें आधारभूत मानव पूंजी और भविष्य के लिए तैयार कौशल, उत्पादक रोजगार एवं उद्यमिता, स्वास्थ्य-पोषण एवं कल्याण तथा सभी के लिए समानता और गरिमा शामिल हैं। इसके अलावा उद्यमिता को बढ़ावा देने, कौशल विकास को मजबूत करने और देशभर में टिकाऊ रोजगार ● शेष पृष्ठ 11 पर

कार्टून कोना



कैबिनेट ने अहमदाबाद मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के फेज-2ए को दी मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली : केन्द्र सरकार ने अहमदाबाद मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के फेज-2ए (कोटेश्वर रोड से एयरपोर्ट कॉरिडोर) को मंजूरी दे दी है। 6.032 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर में पांच स्टेशन बनाए जायेंगे, जिनमें चार एलिवेटेड और एक भूमिगत स्टेशन शामिल होगा। परियोजना की कुल लागत 2,169.04 करोड़ रुपये निर्धारित की गयी है।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को यहां मीडिया को कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने कोटेश्वर रोड-एयरपोर्ट कॉरिडोर को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि छह किलोमीटर लंबे इस मार्ग में पांच स्टेशन

होंगे और इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह एयरपोर्ट को सरदार पटेल स्पोर्ट्स एन्क्लेव से जोड़ेगा, जिसे राष्ट्रमंडल खेलों के मद्देनजर विकसित किया जा रहा है। परियोजना को चार वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

फेज-2ए के तहत बनने वाले स्टेशनों में आश्रम रोड, कोटेश्वर प्राचीन मंदिर, साबरमती नदी, सरदार नगर और एयरपोर्ट स्टेशन शामिल हैं। इस चरण के पूरा होने के बाद अहमदाबाद-गांधीनगर में सक्रिय मेट्रो नेटवर्क की कुल लंबाई बढ़कर 77.63 किलोमीटर हो जायेगी।

सरकार के अनुसार यह परियोजना एयरपोर्ट, आवासीय और वाणिज्यिक क्षेत्रों को बेहतर सार्वजनिक परिवहन सुविधा से जोड़ेगी तथा मौजूदा अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो नेटवर्क के साथ निर्बाध संपर्क सुनिश्चित करेगी। इससे शहरी आवागमन आसान होगा, पर्यटन और व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा वर्ल्ड पुलिस गेम्स 2029 और कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 के लिए आसपास स्पोर्ट्स सुविधाएं भी विकसित किये जाने की संभावना है।

सरकार के मुताबिक परियोजना से आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी, निवेश आकर्षित होगा और कम विकसित क्षेत्रों तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित होगी। इसके अलावा विभिन्न सामाजिक एवं आर्थिक वर्गों के लोगों को सार्वजनिक परिवहन की समान सुविधा उपलब्ध होने से जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा।

अहमदाबाद मेट्रो फेज-2अ से निर्माण कार्य के सबसे व्यस्त ● शेष पृष्ठ 11 पर

अमरावती में दो बड़ी अवसंरचना परियोजनाओं को भी मंजूरी

केन्द्रीय कैबिनेट ने आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती में दो प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन परियोजनाओं में केन्द्रीय सरकारी कार्यालयों के लिए जनरल पूल ऑफिस आवास (सीजीजीपीओए) और कर्मचारियों के लिए जनरल पूल रेजिडेंशियल आवास (जीपीआरए) शामिल हैं। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां राष्ट्रीय मीडिया को कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि इन दोनों परियोजनाओं का उद्देश्य आधुनिक, टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल अवसंरचना का विकास करना है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने अमरावती में केन्द्रीय सरकारी जनरल पूल ऑफिस आवास परियोजना को 1,299.08 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी है। इस परियोजना में 23.25 लाख वर्ग फुट का निर्मित क्षेत्र होगा। साथ ही जनरल पूल रेजिडेंशियल आवास परियोजना को भी मंजूरी दी गई है, जिसकी अनुमानित लागत 1,234.91 करोड़ रुपये है और इसमें 31.30 लाख वर्ग फुट का निर्मित क्षेत्र होगा।

उन्होंने बताया कि दोनों परियोजनाएं सस्टेनेबल और ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर के मानकों पर आधारित होंगी। इनमें न्यूनतम एकीकृत आवास मूल्यांकन हेतु ● शेष पृष्ठ 11 पर

एक झलक

प्रधानमंत्री को ऐतिहासिक कीर्तिमान रचने पर दी बधाई

मांडू : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4399 दिन के कार्यकाल को पूरा कर सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले प्रधानमंत्री बन कर नया इतिहास रच दिया है। उक्त बातें पूर्व जिला अध्यक्ष सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अमरेंद्र कुमार गुप्ता ने प्रेस बयान जारी कर कही है। उन्होंने कहा है कि 12 वर्षों के स्वर्णिम कालखंड में बड़े किर्तिमान स्थापित किए हैं। वैश्विक पटल पर आज भारत आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से काफी तेजी के साथ बढ़ रहा है। जहां देश का चहुंमुखी विकास हो रहा है, वहीं वैश्विक शांति और उन्नति के लिए विश्व के कई देश भारत की तरफ देख रहे हैं। यह बड़ी उपलब्धि है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई और साधुवाद।

डाडी प्रखंड में डीपीएम ने 15वीं वित्त योजना के कार्यों का किया निरीक्षण

गिद्दी : 15वीं वित्त आयोग योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखने के लिए हजारीबाग जिला के डीपीएम राहुल कुमार सिंह बुधवार को डाडी प्रखंड पहुंचे। उन्होंने प्रखंड अंतर्गत कई पंचायतों का दौरा कर निमार्णाधीन योजनाओं का निरीक्षण किया। डीपीएम ने पंचायत भवन में चल रहे कार्यों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र में रहने वाले किसी भी ग्रामीण को सरकार की योजनाओं से वंचित नहीं रखा जाएगा। सभी पात्र लाभुकों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के समय सीएससी के पदाधिकारी सूरज कुमार, डाडी प्रखंड के मुखिया गुंजन साव, प्रकाश कुमार, सीएसी के पंचायत सचिव सरयू पासवान और मनोज कुमार झालू सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। डीपीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरे किए जाएं, ताकि ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ जल्द मिल सके।

जेएलकेएम ने हॉकी खिलाड़ियों का किया स्वागत

खूंटी : तमाड़ स्टैंड बाजार टांड खूंटी में बुधवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के कार्यकताओं ने इंडिया हॉकी अंडर 18 के खिलाड़ी आशीष तानी पूर्ति और प्रेमचंद सोय का जोरदार स्वागत किया। आशीष ने पूरे टूर्नामेंट में कुल 13 गोल कर इंडिया हॉकी टीम को विजयी बनाया और देश तथा खूंटी का नाम पूरे विश्व पटल पर रौशन किया। इस अवसर पर जिला महासचिव विक्रम महतो ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। स्वागत के दौरान जिला उपाध्यक्ष पवन कुमार, अजय राम, अर्पित संगा, मदन, लक्ष्मण कंडुलना, प्रवक्ता बजरंग साहू, कुलदीप कुमार उपस्थित रहे।

उपायुक्त ने की ग्रामीण विकास व पंचायतीराज योजनाओं की समीक्षा

लम्बित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

खूंटी : समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मो. जावेद हुसैन के निर्देश पर उप विकास आयुक्त (डीडीसी) प्रवीण कुमार प्रकाश की अध्यक्षता में बुधवार को ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायतीराज विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत मानव दिवस सृजन, पूर्ण एवं लंबित

योजनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंडों में लंबित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने तथा कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही बिरसा हरित ग्राम योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया। मनरेगा के अंतर्गत लंबित ट्रेंच कम बंड (टीसीबी), फार्म पॉन्ड, स्टेट हाउस और दीदी बाड़ी योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। जियो टैगिंग कार्यों की समीक्षा के दौरान शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने तथा महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर उन्हें अधिक रोजगार उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन की भी समीक्षा की गई। डीडीसी ने स्वीकृत योजनाओं के निर्माण कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने तथा लाभुकों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए। पंचायतीराज विभाग की समीक्षा के दौरान टाइड एवं अनटाइड फंड के पारदर्शी और प्रभावी उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। पंचायत भवनों की आवश्यकतानुसार मरम्मत, ज्ञान केंद्रों के सुचारु संचालन तथा पंचायत मेंटेनेंस फंड का जनहित में उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), अबुआ आवास योजना एवं अंबेडकर आवास योजना सहित अन्य आवासीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने लंबित आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने, लाभुकों को समय पर किस्त भुगतान सुनिश्चित करने तथा योजनाओं की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया।

मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबा आम्रेश्वर धाम में की पूजा-अर्चना

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

खूंटी : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने तथा देश के सबसे लंबे कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री बनने के अवसर पर बुधवार को बाबा आम्रेश्वर धाम में भाजपा कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने विशेष पूजा-अर्चना की और प्रधानमंत्री के दीघार्यु होने की कामना की। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद कुमार ने किया। इस दौरान कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीघार्यु,उत्तम स्वास्थ्य एवं देश के निरंतर विकास के लिए भगवान बाबा भोलेनाथ से प्रार्थना की। जिलाध्यक्ष आनंद कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। पूजा-अर्चना कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री निखिल कंडुलना, जिला उपाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, जिलामंत्री कंचन सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, जय भाला,मुरहू मंडल अध्यक्ष विजय स्वांसी, तपकरा मंडल अध्यक्ष मुस्कु, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष पुरेंद्र माझी, अजित राय, प्रसून माझी, सुखमोहन नायक तथा बजरंग दल के कर्मवीर महतो सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री से मिलने जा रहे झारखंड आन्दोलनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया, बाद में छोड़ा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

सिल्ली : झारखंड राज्य के आंदोलनकारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी आवाज बुलंद करने रांची जा रहे थे। इसी क्रम में पुलिस ने उन्हें बुंडू चौक के समीप हिरासत में लेकर सिल्ली थाना लाया। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सिल्ली के आंदोलनकारी लक्ष्मी महतो के नेतृत्व में रांची के लिए रवाना हुए थे। इस दौरान पुलिस ने उन्हें बुंडू मोड़ पर रोक दिया एवं थाना ले आई। थाना पहुंचने के दौरान आंदोलनकारियों ने नारेबाजी करते हुए सरकार के खिलाफ विरोध किया। आंदोलनकारी नेता लक्ष्मी महतो ने कहा कि सरकार उनकी मांगों को लगातार नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा आंदोलनकारियों से किए गए वादों को पूरा नहीं किया जा रहा है तथा निर्धारित सम्मान राशि भी नियमित रूप से नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि कई आंदोलनकारियों को मात्र दो हजार, तीन हजार अथवा पांच हजार रुपये देकर औपचारिकता निभाने का प्रयास किया जा रहा है, जो आंदोलनकारियों के साथ अन्याय है। लक्ष्मी महतो ने यह भी कहा कि बीच रास्ते में रोककर उनकी आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन आंदोलनकारी पीछे हटने वाले नहीं हैं और उनका आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। वहीं प्रशासन द्वारा छोड़े जाने के बाद लक्ष्मी महतो ने सिल्ली थाना प्रभारी की कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी द्वारा आंदोलनकारियों के साथ अत्यंत सम्मानजनक व्यवहार किया गया। लक्ष्मी महतो ने कहा, ₹हमें थाना परिसर में पूरे सम्मान के साथ रखा गया। सिल्ली में आज तक ऐसा प्रभारी नहीं देखा, जिन्होंने आंदोलनकारियों के साथ इतनी संवेदनशीलता और सम्मान का परिचय दिया हो। इसकी चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है।

निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता अभियान शुरू

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

खूंटी : जिले में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध 10 जून से 25 जून तक चलने वाले विशेष जागरूकता अभियान का शुभारंभ बुधवार को समाहरणालय सभागार में किया गया। उपायुक्त मो जावेद हुसैन के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त (डीडीसी) प्रवीण कुमार प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों को नशामुक्त समाज के निर्माण और मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई। जिला समाज कल्याण विभाग ने बताया कि अभियान के तहत जिले के गांवों, पंचायतों, प्रखंडों और नगर पंचायत क्षेत्रों में जनजागरूकता रैली, शपथ ग्रहण, नुक्कड़ नाटक, विद्यालय एवं महाविद्यालय आधारित कार्यक्रमों सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा। उप विकास आयुक्त ने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए गंभीर खतरा है। इसके उन्मूलन के लिए जनभागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अभियान में सक्रिय सहयोग देने की अपील की। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के आईसीटीसी काउंसलर ने नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सहायता और परामर्श के लिए प्रभावित व्यक्ति या उनके परिजन टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 112 पर संपर्क कर सकते हैं। अवसर पर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया और हस्ताक्षर अभियान चलाकर नशामुक्त समाज निर्माण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैंकिंग जागरूकता शिविर एवं बीमा दावा राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लापुंग : झारखंड ग्रामीण बैंक, ककरिया शाखा के द्वारा कडंरकेल गांव में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बैंकिंग जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, साइबर सुरक्षा तथा स्वरोजगार संबंधी ऋण योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत दिवंगत बीजा पाहन के नामित लाभार्थी बाजो देवी को दो लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों को उपलब्ध विभिन्न ऋण सुविधाओं एवं योजनाओं की जानकारी दी गई। महिलाओं को बताया गया कि झारखंड ग्रामीण बैंक, ककरिया शाखा के माध्यम से स्वरोजगार एवं आजीविका गतिविधियों के लिए एक लाख तक का ऋण सरलता से प्राप्त किया जा सकता है।इस कार्यक्रम में शाखा प्रबंध प्रिय नारायण झा, बैंक सखी फुलवती कुमारी, जेएसएलपीए से सत्यनारायण महतो, जागरूक ग्रामीण महेश कुमार एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सांसद ने सुनी वार्डों में समस्याएं, समाधान का दिया आश्वासन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

खूंटी : सांसद कालीचरण मुंडा के आवासीय जिला कार्यालय में बुधवार को नगर पंचायत कांग्रेस कमेटी की बैठक बुधवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगरपंचायत कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुलाम गौश ने की। यह बैठक जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि मिश्रा के निर्देश पर आयोजित की गई, जिसमें सांसद कालीचरण मुंडा स्वयं उपस्थित थे। बैठक में एसआईआर से जुड़े मुद्दों के साथ-साथ नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों की जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। वार्ड अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल, सड़क, सफाई, नाली, बिजली सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित समस्याओं को सांसद और जिला नेतृत्व के समक्ष रखा। बैठक में नगर पंचायत क्षेत्र के सभी 19 वार्डों के वार्ड अध्यक्ष मौजूद रहे। सभी ने अपने क्षेत्रों की प्रमुख समस्याओं से सांसद को अवगत कराया। सांसद कालीचरण मुंडा ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और वार्ड स्तर तक प्रत्येक नागरिक की आवाज सुनी जाएगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने संगठन की मजबूती और एसआईआर अभियान की सफलता पर जोर देते हुए वार्ड अध्यक्षों से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम नहीं छूटना चाहिए और सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बीएलओ के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें।

भाजपा नेता डॉ. बिरसा उरांव की पत्नी की तबीयत बिगड़ी, बेहतर इलाज के लिए कोलकाता रेफर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बर्लिन पब्लिक स्कूल के संचालक डॉ. बिरसा उरांव की पत्नी की अचानक तबीयत बिगड़ जाने के बाद उन्हें तत्काल रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों द्वारा प्रारंभिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए कोलकाता रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार वर्तमान में उनका इलाज कोलकाता के एक अस्पताल में चल रहा है और उनकी स्थिति स्थिर बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू, भाजपा ग्रामीण जिला पश्चिमी के जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, पूर्व विधायक समरी लाल, डॉ. जीतुचरण राम समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं ने डॉ. बिरसा उरांव के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

विस्थापितों की मांगों पर पीवीयूएनएल ने दी सहमति, बंदी स्थगित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

भुरकुंडा : छाई डैम के विस्थापित प्रभावित ग्रामीणों ने पीवीयूएनएल प्रबंधन से सहमति बनने के बाद ऐश माउंट कार्य बंदी का फैसला फिलहाल टाल दिया। जयनगर सोनार पोखर पर मुखिया विजय मुंडा की अध्यक्षता और हरि प्रसाद सिंह के संचालन में हुई बैठक में बलकुदरा, जयनगर, रसदा और गेगदा के ग्रामीण जुटे। बताया गया कि 9 जून को पीवीयूएनएल प्रबंधक ने तीन पंचायतों के मुखिया विजय मुंडा, लालू महतो, बिजेंद्र मुंडा, जिला परिषद सदस्य राजा राम प्रजापति और ग्रामीणों के साथ वार्ता की। ग्रामीणों ने विस्थापितों को स्थायी रोजगार, बचे हुए बेरोजगार युवाओं को अधिक रोजगार, उपायुक्त के लिखित आदेश पर नियमावली, डैम के अंदर बसे लोगों का पुनर्वास, धान का मुआवजा और स्थानीय ठेकेदारों को 50 प्रतिशत कार्य देने की मांग रखी। पीवीयूएनएल प्रबंधन ने लगभग सभी मांगों पर सहमति जताई और 10 से 15 दिन में नियमावली विधायक, प्रशासन और ग्रामीणों को देने का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने बंदी की घोषणा स्थगित कर दी। ग्रामीणों ने चेताया कि यदि पीवीयूएनएल वादा पूरा नहीं करती तो वे फिर आंदोलन करेंगे और कार्य रोकेंगे। बैठक में अर्जुन सिंह, पंचम शाह, जुम्मन अंसारी, सुरेश प्रसाद, विनय प्रसाद, मेघा प्रजापति, खिरोधर कुमार, मन्नू कुमार, नीरज उरांव, शाहबाज अंसारी, नंदू प्रजापति, अमित कुमार, नवनीत प्रजापति, धीरज साहू, साहिल राजा, गणेश यादव, आदित्य कुमार, देवनाथ ठाकुर सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

सीएनटी जमीन पर खतियानी रैयतों को मिला कब्जा, प्रशासन ने करायी भू-वापसी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : छोटानागपुर काश्तकारी (सीएनटी) अधिनियम के तहत संरक्षित भूमि के अवैध हस्तांतरण के मामले में प्रशासन ने महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए खतियानी रैयतों के वंशजों को उनकी जमीन पर पुनः कब्जा दिलाया। बुधवार को अंचल अधिकारी रमेश रविदास ने पुलिस बल की मौजूदगी में भू-वापसी की प्रक्रिया पूरी कराते हुए संबंधित भूमि का दखल-दिहानी कराया। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, सीएनटी खाते की जमीन का हस्तांतरण कानूनी रूप से प्रतिबंधित है और इस प्रकार का कोई भी हस्तांतरण अवैध माना जाता है। इसी आधार पर निरंजन करमाली और उनके वंशजों के पक्ष में भू-वापसी का निर्णय लिया गया। निरंजन करमाली और उनके उत्तराधिकारियों ने वर्ष 2018 में भू-वापसी के लिए वाद संख्या 27 एलआरडीसी न्यायालय में दायर किया था। मामले की सुनवाई और उपलब्ध दस्तावेजों के परीक्षण के बाद एलआरडीसी न्यायालय ने खतियानी रैयतों के वंशजों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए भूमि पर पुनः कब्जा दिलाने का आदेश जारी किया। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में अंचल अधिकारी रमेश रविदास को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया। उनके नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने थाना संख्या 144, खाता संख्या 40, मौजा मरार के प्लॉट संख्या 1318, 1328 और 1397 की जमीन का सीमांकन कराया। इनमें क्रमशः 1.20 एकड़, 36 डिसमिल और 18 डिसमिल भूमि शामिल है। प्रशासन ने न्यायालय के आदेश के आधार पर भूमि की मापी कराई और कब्जाधारियों से जमीन खाली कराकर निरंजन करमाली के वंशजों को दखल-दिहानी दिलाई। इस दौरान पुलिस बल की तैनाती की गई ताकि पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। अधिकारियों ने बताया कि सीएनटी अधिनियम के तहत आदिवासी रैयतों की भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है और ऐसे मामलों में न्यायालय के आदेशों का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर सचिव ने किया रामगढ़ का दौरा

सदर अस्पताल में बनेगा 250 बेड का जी+6 भवन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : झारखंड सरकार के स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने मंगलवार को रामगढ़ जिले का दौरा कर स्वास्थ्य सुविधाओं, चिकित्सा आधारभूत संरचनाओं और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का विस्तृत निरीक्षण किया। दौरे के दौरान सदर अस्पताल में 250 अतिरिक्त बेड की क्षमता वाला नया जी+6 भवन बनाने और स्टाफ आवास को आधुनिक बनाने पर सहमति बनी। औंअपर मुख्य सचिव ने सबसे पहले कांकेवार स्थित ट्रॉमा सेंटर भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रॉमा सेंटर में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, उपकरणों और आपातकालीन सेवाओं का जायजा लिया। आपात स्थिति में त्वरित और बेहतर स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए ट्रॉमा सेंटर के मॉड्यूलर सिस्टम को अपग्रेड करने का निर्देश दिया। साथ ही ट्रॉमा सेंटर भवन के प्रथम तल पर अतिरिक्त निर्माण कराने की संभावना और जरूरतों पर चर्चा की गई। अभियंताओं को तकनीकी परीक्षण कर प्रस्ताव तैयार करने और भविष्य की जरूरतों के अनुसार कार्य योजना बनाने को कहा गया। इसके बाद अपर मुख्य सचिव ने सदर अस्पताल रामगढ़ का विस्तृत निरीक्षण किया। गायनेकोलॉजी ओपीडी, ईएनटी

ट्रॉमा सेंटर और स्टाफ आवास भी होंगे अपग्रेड

ओपीडी, नेत्र रोग ओपीडी, डेंटल ओपीडी सहित अन्य विभागों का अवलोकन कर मरीजों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। अस्पताल में साफ-सफाई, चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता और मरीजों की सुविधा से जुड़े पहलुओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान ऑपरेशन थिएटर, स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट, डायलिसिस सेंटर, डॉक्टर क्वार्टर और स्टाफ क्वार्टर भी देखे गए। डॉक्टर और स्टाफ क्वार्टर की वर्तमान स्थिति देखने के बाद पुराने क्वार्टर हटाकर चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त 10 मंजिला आवासीय भवन बनाने की संभावनाओं पर चर्चा हुई। संबंधित अधिकारियों को इस दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में अपर मुख्य सचिव ने उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज के साथ सदर अस्पताल परिसर में 250 अतिरिक्त बेड की क्षमता वाले नए भवन के निर्माण पर विस्तृत चर्चा की। बताया गया कि भवन का निर्माण जी+6 यानी ग्राउंड प्लस छह मंजिला मॉडल पर किया जाएगा। अपर मुख्य सचिव ने अभियंताओं को भवन निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने, सभी तकनीकी मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने और भविष्य की स्वास्थ्य जरूरतों को ध्यान में रखकर गुणवत्तापूर्ण आधारभूत संरचना विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त बेड क्षमता विकसित होने से जिले के मरीजों को बेहतर और विस्तारित स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। दौरे के क्रम में अपर मुख्य सचिव ने सिविल सर्जन कार्यालय रामगढ़ का भी निरीक्षण किया। कार्यालय की कार्यप्रणाली, विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज, उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारी, अभियंता और अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

बेड़ो से झारखंड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा मुख्यमंत्री आवास घेराव के लिए हुआ रवाना

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा केंद्रीय समिति रांची के आह्वान पर बुधवार को प्रखंड झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के सचिव सहिंद्र लकड़ा के नेतृव में प्रखंड के आंदोलनकारी मुख्यमंत्री आवास घेराव के लिए रवाना हुआ। मौके पर सहिन्द्र लकड़ा ने कहा कि हम आंदोलनकारियो ने अलग राज्य की लड़ाई लड़ी, अलग राज्य हुआ तो हम हीं लोग उपेक्षित है। हम्मारी मुख्य मांगे सभी झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान पेंशन राशि दे सरकार, झारखंड आंदोलनकारी के पुत्र पुत्री एवं आश्रितों को सीधी नियुक्ति दे। सर्वोच्च सम्मान दे, सहित अन्य मांगे है। मौके पर सहिंद्र लकड़ा के साथ विमल उरांव, प्रदीप कुमार लकड़ा, राजेंद्र महतो, सोमे उरांव, निर्मल उरांव,पुनई उरांव, जॉन तिर्की, भोला उरांव, सुकरा महली, पंचु उरांव, मोथो उराईन, अनिल लकड़ा, समीरुद्दीन अंसारी, सुशील उरांव, लगना उरांव, मो रमजान, नानकेश्वर मुंडा, गुजरी उराईन, शांति देवी, युगल किशोर एतवा उरांव, रुथ टोप्पो, हीरालाल ठाकुर, विष्णु तिर्की, महावीर उरांव व बैजनाथ उरांव सहित कई आंदोलनकारी शामिल थे।

एक झलक

एकादशी सब पापों को हरनेवाला और मनुष्यों की समस्त कामनाओं को पूर्ण करनेवाला व्रत

रांची : रांची नगर में स्थिति पहाड़ी मंदिर के सन्निकट दिव्यदेशम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में 11 जून गुरुवार को अधिक ज्येष्ठ कृष्णपक्ष की पुरुषोत्तमी-कामदा एकादशी व्रत के उपलक्ष्य पर होंगें उद्यास्तमन सेवा। इसके अंतर्गत महाभिषेक सहित कयी अनुष्ठान पूरे होंगें। प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में नित्याराधन संपादन करके महाभिषेक होगा। फिर श्रृंगार, महाआरती, नैवेद्य भोग और महास्तुति अनुष्ठानादि प्रक्रिया को पूर्ण करने के बाद मंदिर गोपुरम द्वार को खोल दिया जायेगा। जिससे प्रातः 7:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं संध्या 4:00 बजे से रात्रि 7:00 बजे तक तमाम व्रती-श्रद्धालु दर्शन-पूजन का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं-- एकादशी व्रत पवित्र व्रतों में सबसे उत्तम है। इससे दुःस्वप्न का नाश तथा पुण्यों की प्राप्ति होती है। इस कलियुग में जो भक्ति पूर्वक, शास्त्रीय विधि के अनुसार एकादशी का उत्तम व्रत करते हैं, वह मनुष्य विष्णुरूप हो वैकुण्ठलोक में सुख पूर्वक निवास करते हैं। पुरुषोत्तम मास के द्वितीय पक्ष की एकादशी का नाम कामदा है । जो श्रद्धापूर्वक कामदा की शुभ व्रत का अनुष्ठान करता है , वह इस लोक और परलोक में भी मनोवांछित वस्तुओं को पाता है । यह कामदा पवित्र, पावन , महापातक नाशिनी तथा व्रत करने वालों को भोग एवं मोक्ष प्रदान करने वाली है । कामदा एकादशी को भक्ति पूर्वक पुष्प तथा तुलसी दल से भगवान पुरुषोत्तम - श्रीवेंकटेश्वर की पूजा करनी चाहिए ।

रांची सदर अस्पताल बनेगा टेली एसएनसीयू और ई-संजीवनी हब, डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा विस्तार

रांची : झारखंड में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण की दिशा में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने महत्वपूर्ण पहल की है। विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने रांची सदर अस्पताल को टेली एसएनसीयू (स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट) हब तथा ई-संजीवनी हब सेंटर के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्देश दिया है। बुधवार को जारी निर्देश में अजय कुमार सिंह ने कहा कि इस पहल से राज्य में नवजात शिशु चिकित्सा सेवाओं, टेलीमेडिसिन और ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं को नई मजबूती मिलेगी। साथ ही जिला एवं प्रखंड स्तर पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लक्ष्य को भी बल मिलेगा। उन्होंने रांची के सिविल सर्जन को एक सप्ताह के भीतर विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। विभाग का मानना है कि सदर अस्पताल में पहले से संचालित टेली रेडियोलॉजी और टेली आईसीयू सेवाओं के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच को और बेहतर बनाएगी। प्रस्तावित टेली एसएनसीयू हब के माध्यम से राज्य के विभिन्न जिला अस्पतालों में संचालित नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाइयों (एसएनसीयू) को रांची सदर अस्पताल से जोड़ा जाएगा। इससे गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं की निगरानी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ऑनलाइन की जा सकेगी तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श समय पर उपलब्ध कराया जा सकेगा। इससे दूरदराज के जिलों में नवजात शिशुओं के उपचार की गुणवत्ता में सुधार आने की संभावना है। वहीं, ई-संजीवनी हब के माध्यम से ग्रामीण और सुदूरवर्ती क्षेत्रों के मरीज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त कर सकेंगे। इससे मरीजों को बेहतर चिकित्सा सलाह के लिए बड़े शहरों का रुख करने की आवश्यकता कम होगी तथा समय और खर्च दोनों की बचत होगी।

रिम्स में मेडिकल शिक्षा के विस्तार की बड़ी पहल

यूजी, पीजी व सुपर स्पेशियलिटी सीटें बढ़ाने का प्रस्ताव

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड सरकार ने राज्य में चिकित्सा शिक्षा और विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से रिम्स, रांची में स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी) तथा सुपर स्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों की सीटों में व्यापक वृद्धि का प्रस्ताव तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने बुधवार को रिम्स निदेशक को पत्र भेजकर विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया है। पत्र में कहा गया है कि भारत सरकार की ओर से संचालित एक केंद्र प्रायोजित योजना के तहत मेडिकल कॉलेजों में यूजी, पीजी एवं सुपर स्पेशियलिटी सीटों की वृद्धि के लिए प्रति अतिरिक्त सीट लगभग 1.5 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना में कुल लागत का 60 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार तथा 40 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार की ओर से वहन किया जाएगा। विभाग ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत पहले ही महात्मा गांधी मेमोरियल चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, जमशेदपुर में यूजी सीटों को 150 से बढ़ाकर 250 तथा पीजी सीटों को 49 से बढ़ाकर 200 करने का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया था, जिसे स्वीकृति प्राप्त हो चुकी

है। इसी प्रकार शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, धनबाद में यूजी सीटों को 100 से बढ़ाकर 250 तथा पीजी सीटों को 19 से बढ़ाकर 200 करने के प्रस्ताव को भी भारत सरकार की ओर से मंजूरी दी जा चुकी है। इसी क्रम में अब रिम्स, रांची के लिए भी महत्वाकांक्षी विस्तार योजना तैयार की जा रही है। प्रस्तावित योजना के अनुसार यूजी सीटों की संख्या 180 से बढ़ाकर 250, पीजी सीटों की संख्या 176 से बढ़ाकर 275 तथा सुपर स्पेशियलिटी सीटों की संख्या 11 से बढ़ाकर 100 करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए रिम्स प्रशासन को आवश्यक अधोसंरचना, भवन, उपकरण एवं अन्य संसाधनों का विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर शासी परिषद की स्वीकृति के बाद राज्य सरकार को भेजने का निर्देश दिया गया है, ताकि प्रस्ताव को भारत सरकार को अग्रसारित किया जा सके। पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि सीटों की वृद्धि के लिए पुराने भवनों के जीर्णोद्धार, जर्जर एवं अनुपयोगी भवनों को ध्वस्त कर नए भवनों का निर्माण तथा आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त अधोसंरचना विकसित करने के प्रस्ताव भी शामिल किए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त प्रस्तावित रिम्स-2 परियोजना के अंतर्गत छात्रावास निर्माण को लेकर भी नई रणनीति अपनाने की तैयारी है। राज्य सरकार ने सिद्धांततः निर्णय लिया है कि छात्रावासों का निर्माण प्रत्यक्ष सरकारी व्यय के बजाय पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर कराया जाए। इसके लिए भारत सरकार के वायबिलिटी गैप फंड (वीजीएफ) से अनुदान प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा। इससे राज्य सरकार पर वित्तीय बोझ कम होगा तथा छात्रावासों के संचालन, रखरखाव और आधुनिक सुविधाओं की उपलब्धता में निजी क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित की जा सकेगी। पत्र में रिम्स परिसर में पहले से निर्मित छात्रावासों के उन्नयन, रखरखाव तथा भविष्य की आवश्यकताओं का आकलन कर नए छात्रावासों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने को भी कहा गया है। इस प्रस्ताव को शासी परिषद के एजेंडे में शामिल कर अनुमोदन प्राप्त करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस पहल के सफल क्रियान्वयन से रिम्स न केवल पूर्वी भारत के प्रमुख चिकित्सा शिक्षण संस्थानों में अपनी स्थिति और मजबूत करेगा, बल्कि झारखंड में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ाने तथा राज्य के विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

आईसीएआर-आईआईएबी में आयोजित दस दिवसीय समर कैम्प

दो दिवसीय निःशुल्क सोहराय चित्रकला कार्यशाला सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : आईसीएआर-इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी (आईआईएबी), रांची के अंतर्गत कार्यरत स्वयंसेवी संगठन अइडश्ए द्वारा आयोजित दस दिवसीय समर कैंप के अंतर्गत कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स, रांची के सहयोग से दो दिवसीय निःशुल्क सोहराय चित्रकला कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यशाला में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए झारखंड की पारंपरिक सोहराय कला की विभिन्न तकनीकों एवं शैलीगत विशेषताओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला का संचालन प्रख्यात कलाकार, कला शिक्षक एवं कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स के संस्थापक धनंजय कुमार द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को सोहराय कला का इतिहास, सांस्कृतिक महत्व, पारंपरिक प्रतीकों, प्राकृतिक रंगों के उपयोग तथा प्रकृति से प्रेरित आकृतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बच्चों ने स्वयं चित्र बनाकर इस लोककला की बारीकियों को समझा और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान आईसीएआर-आईआईएबी के निदेशक डॉ. सुजय रक्षित ने कहा कि झारखंड की पारंपरिक कला एवं संस्कृति के संरक्षण और नई पीढ़ी तक इसके प्रसार के लिए इस प्रकार की पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बच्चों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि कला और संस्कृति आधारित गतिविधियां बच्चों के समग्र व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

फैशन और लाइफस्टाइल प्रेमियों के लिए फैशन पॉइंट ने की दो दिवसीय प्रदर्शनी आयोजित

हैंडलूम और ज्वेलरी का भव्य संगम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : फैशन और लाइफस्टाइल प्रेमियों के लिए फैशन पॉइंट द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रदर्शनी 'समर एंड लक्स एडिट एसएस-26' का आयोजन 11 एवं 12 जून 2026 को होटल कैपिटल हिल, राँची में किया जा रहा है। सुबह 10:30 बजे से रात 8:30 बजे तक एंट्री रहेगा, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर महुआ माजी राज्यसभा सांसद और विशिष्ट अतिथि मनीष सिंह होगी. इस प्रदर्शनी में देशभर के प्रतिष्ठित फैशन, हैंडलूम, ज्वेलरी, होम डेकोर और लाइफस्टाइल ब्रांड्स अपनी विशेष एवं नवीनतम कलेक्शन्स प्रस्तुत करेंगे। प्रदर्शनी का

उद्देश्य राँचीवासियों को एक ही छत के नीचे देश के प्रमुख फैशन केंद्रों- मुंबई, दिल्ली, बनारस सहित विभिन्न शहरों की उत्कृष्ट शॉपिंग का अनुभव उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में ट्रेंड्ज बुटीक, लेबल कासिका, कृतिका सिंह, डेविना, अभिषेक रे, बनारस खादी, तियापाखी टाइमलेस वीव्स, सियाकारी, आकृति ज्वेल्स, एमएचएम (मिस हॉट मेस) और रोमा होम डेकोर जैसे नामी ब्रांड भाग ले रहे हैं। प्रदर्शनी में हैंडलूम सूट्स, अनारकली, शरारा सेट्स, डिजाइनर साड़ियां, एथनिक मेंसवियर, बनारसी और पारंपरिक बुनाई की विशेष श्रृंखलाएं आकर्षण का केंद्र होंगी। वहीं ज्वेलरी सेक्शन में 22, 18 और 14 कैरेट गोल्ड ज्वेलरी के साथ सिल्वर ज्वेलरी एवं फैशन ज्वेलरी की आकर्षक रेंज उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा प्रीमियम होम डेकोर, ब्यूटी और लाइफस्टाइल उत्पाद भी प्रदर्शित किए जाएंगे। फैशन पॉइंट की चेयरपर्सन रीना अग्रवाल ने कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य रांची के ग्राहकों को महानगरों जैसी प्रीमियम शॉपिंग सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने शहरवासियों से परिवार और मित्रों के साथ प्रदर्शनी में शामिल होकर देशभर के चुनिंदा ब्रांड्स और नवीनतम फैशन ट्रेंड्स का अनुभव लेने की अपील की। यह आयोजन केवल खरीदारी तक सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय कला, संस्कृति, हस्तशिल्प और फैशन विरासत के उत्सव के रूप में भी देखा जा रहा है। प्रेस वार्ता में रीना अग्रवाल, सीमा अग्रवाल प्रीति केजरीवाल, नीरू और डॉ ख्याति मुंजाल मौजूद थी।

जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन लेडीज विंग रांची की 'उड़ान' प्रदर्शनी का भव्य शुभारम्भ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन लेडीज विंग, रांची द्वारा आयोजित दो दिवसीय भव्य प्रदर्शनी 'उड़ान' का सेलिब्रेशन बैंक्वेट हॉल, रांची में शानदार शुभारंभ हुआ। 10 एवं 11 जून तक चलने वाली इस प्रदर्शनी का उद्घाटन लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री एवं धारावाहिक 'बालिका वधू' से प्रसिद्ध नेहा मार्डा ने दीप प्रज्ज्वलन किया। इस अवसर पर JITO रांची चैप्टर के चेयरमैन विशाल जैन, चीफ सेक्रेटरी सर्वेश जैन, वाइस चेयरमैन राजकुमार रामपुरिया, JITO लेडीज विंग रांची की चेयरपर्सन सरोज जैन, चीफ सेक्रेटरी एकता बडजात्या,वाइस चेयरपर्सन पायल जैन एवं विनीता सेठी, ट्रेजरर आशिका जैन, नेशनल डिजीनारी प्रियंका जैन तथा JITO यूथ विंग से श्रेय जैन एवं नितेश जैन सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रदर्शनी में देश के विभिन्न कोनों से आए प्रदर्शकों ने अपने विशेष उत्पादों को प्रदर्शित किया है।

झारखंड में 11-12 जून को भारी बारिश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड में मौसम का मिजाज तेजी से बदलने वाला है। मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में 11 और 12 जून को गर्जन के साथ बारिश, आकाशीय बिजली गिरने और तेज आंधी चलने की संभावना जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, जिससे जनजीवन प्रभावित होने की आशंका है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवाओं के प्रभाव और अनुकूल मौसमी परिस्थितियों के कारण राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम सक्रिय रहेगा। लोगों को खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने, खुले मैदानों और पेड़ों के नीचे शरण न लेने तथा बिजली कड़कने के समय सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग की ओर से बुधवार को बताया गया कि अगले तीन से चार दिनों के भीतर दक्षिण-पश्चिम मानसून के झारखंड सहित ओडिशा, बिहार और छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में पहुंचने की प्रबल संभावना है। मानसून के आगमन के साथ राज्य में बारिश की गतिविधियों में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश भी दर्ज की गई। इस अवधि में सबसे अधिक 37.2 मिलीमीटर वर्षा दुमका में रिकॉर्ड की गई। वहीं तापमान के मामले में डाल्टनगंज सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने लगाया निःशुल्क नेत्रदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच, नेत्रदान जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। यह शिविर नेत्र दिवस के अवसर पर अध्यक्षा शुभा अग्रवाल के नेतृत्व में मनोराज अपार्टमेंट, रातू रोड में आयोजित किया गया। आराम हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा शिविर में उपस्थित लोगों की निःशुल्क नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य जांच की गई। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को नेत्र स्वास्थ्य एवं नेत्रदान के प्रति जागरूक करना तथा स्वास्थ्य संबंधी प्रारंभिक जांच की सुविधा उपलब्ध कराना था। शिविर में अनेक लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा की अध्यक्षा शुभा अग्रवाल, सचिव रेखा राईका, पूजा लाडिया, आशा सराफ एवं राधिका बोहरा की सक्रिय उपस्थिति एवं सहयोग सराहनीय रहा। शाखा द्वारा भविष्य में भी समाजहित एवं जनकल्याण से जुड़े ऐसे सेवा कार्य निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी वेदिका सिंघानिया ने दी।

पारस एचईसी हॉस्पिटल ने शुरू की 'फास्ट ट्रैक ओपीडी' सुविधा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : मरीजों को तेज, सुविधाजनक और प्राथमिकता आधारित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पारस एचईसी हॉस्पिटल, रांची ने 'फास्ट ट्रैक ओपीडी' सेवा शुरू की है। इस नई सुविधा के तहत मरीज बिना लंबी प्रतीक्षा के विशेषज्ञ डॉक्टरों से प्राथमिकता के आधार पर परामर्श प्राप्त कर सकेंगे। फास्ट ट्रैक ओपीडी में मरीजों को प्राथमिकता अपॉइंटमेंट, वीआईपी लाउंज सुविधा, समर्पित जीआरई सहायता, लाउंज में ही सैंपल कलेक्शन एवं वाइटल्स जांच, विभिन्न जांचों में प्राथमिकता और रिपोर्ट्स व्हाट्सएप पर उपलब्ध कराने जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इससे मरीजों का अनुभव अधिक सहज, तेज और आरामदायक होगा। इस सेवा के लिए फास्ट ट्रैक कंसल्टेशन शुल्क 2000 निर्धारित किया गया है। अधिक जानकारी और अपॉइंटमेंट के लिए मरीज 8080808069 / 7282010101 पर संपर्क कर सकते हैं। फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि मरीजों को बेहतर, तेज और परेशानी मुक्त स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी प्रोथमिकता है। फास्ट ट्रैक ओपीडी सुविधा विशेष रूप से उन मरीजों के लिए शुरू की गई है, जो समय की कमी या अन्य कारणों से लंबी प्रशिक्षण से बचते हुए विशेषज्ञ डॉक्टरों से शीघ्र परामर्श लेना चाहते हैं। यह सेवा मरीजों को अस्पताल में एक सहज, आरामदायक और प्रीमियम अनुभव प्रदान करेगी। हमारा प्रयास है कि हर मरीज को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा कम समय से कम उपलब्ध हो।

झारखंड राज्यसभा चुनाव : परिमल नाथवानी के नामांकन पर बवाल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नाथवानी के नामांकन पत्र को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। उनके नामांकन को रद्द करने की मांग को लेकर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बुधवार को विधानसभा परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। वहीं, भाजपा कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद विधानसभा परिसर के बाहर राजनीतिक तनाव का माहौल बन गया। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि चुनाव आयोग राज्यसभा चुनाव के मामलों में अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग मानदंड अपना रहा है। उनका कहना है कि

परिमल नाथवानी के नामांकन पत्र में कथित तौर पर कई खामियां होने के बावजूद उन्हें सुधार का अवसर दिया गया, जबकि मध्य प्रदेश में कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन के नामांकन को तकनीकी आधार पर निरस्त कर दिया गया। प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि यदि मध्य प्रदेश में सख्ती दिखाई गई है तो झारखंड में भी समान नियम लागू होने चाहिए। कांग्रेस का आरोप है कि चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी प्रत्याशियों के साथ समान व्यवहार जरूरी है। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि परिमल नाथवानी का नामांकन रद्द नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। विधानसभा के गेट संख्या-2 पर आयोजित प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, राज्य सरकार के मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, दीपिका पांडे सिंह और शिल्पी नेहा तिर्की सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बड़ी संख्या में कांग्रेस समर्थक भी वहां पहुंचे और नारेबाजी करते हुए विधानसभा परिसर की ओर बढ़ने लगे। इस दौरान कुछ कांग्रेस समर्थक सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए विधानसभा परिसर के अंदर प्रवेश कर गए। प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा कर्मियों और कुछ कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति भी देखने को मिली।

90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत डालसा का हुआ आयोजन

योजनाओं का लाभ लोगों को दिलाना ही उद्देश्य : डालसा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव राकेश रौशन की मौजुदगी में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। इसी आलोक में नगड़ी प्रखण्ड के बालालौंग में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीएलवी पंकज कुमार, फुलकुमारी देवी, रीता महली, अमित बड़ाईक एवं ग्रामीणों में उगन देवी, पेरो देवी, लिलावती देवी, संगीता देवी, बेबी देवी, सुप्रिया देवी, सुगिया देवी, सुवती देवी, मधुरी देवी, किरण देवी, सीता देवी, रानी देवी समेत अन्य लोग उपस्थित थे। डालसा रांची के पीएलवी पंकज कुमार ने नालसा और झालसा द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलनेवाली सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से बताया। फुलकुमारी देवी लोक आदालत तथा मध्यस्थता पर फोकस की ओर लोगों को अपने वादों का निस्तारण मध्यस्थता के माध्यम से कराने की सलाह दी। रीता महली ने बाल विवाह, बाल श्रम और डायन बिसाही पर लोगों को जानकारी दी वही अमित बड़ाई पीड़ित मुआवजा व मोटर वाहन दुर्घटना में मिलनेवाली मुआवजा के बारे में जानकारी दी।

लोगों को कानूनी अधिकार दिलाना ही उद्देश्य : डालसा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव राकेश रौशन की मौजुदगी में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। इसी आलोक में बुढ़मू प्रखण्ड के बाड़े पंचायत में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीएलवी काजल कुमारी, विजय खलखो, मुखिया अनुपमा उरांव समेत अन्य लोग उपस्थित थे। डालसा रांची के पीएलवी ने कहा कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 39ए समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सहायता सुनिश्चित करता है। इसी दिशा में राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण ने अप्रैल 2025 में संवाद योजना की शुरूआत की। यह योजना कानूनी सहायता को एक नया और सक्रिय रूप देती है। इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य उन समुदायों तक न्याय पहुंचाना है जो भौगोलिक और सांस्कृतिक रूप से मुख्यधारा से कटे हुए हैं।

डीएवी पब्लिक स्कूल जोन 'जी' में त्रिदिवसीय 'शिक्षक क्षमता संवर्धन कार्यशाला' का दूसरा दिन भी सुचारु रूप से हुआ सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : डीएवी सीएई, डीएवी सीएमसी नयी दिल्ली के तत्वावधान में डीएवी पब्लिक स्कूल जोन 'जी' में त्रिदिवसीय 'शिक्षक क्षमता संवर्धन कार्यशाला' का दूसरा दिन भी सुचारु रूप से सम्पन्न हुआ। शिक्षकों के व्यावसायिक विकास एवं शिक्षण कौशल को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आयोजित शिक्षक क्षमता संवर्धन कार्यशाला का दूसरा दिन भी उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी विषयों की कार्यशाला विभागीय रूप से विभक्त पृथक-पृथक कक्ष में हुई। परम्परानुसार कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना व मंगलाचरण से की गई। कार्यशाला में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा नवीन शिक्षण विधियों, क्षमता-आधारित शिक्षा, कक्षा प्रबंधन तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिक्षकों को समूह चर्चा, गतिविधि-आधारित शिक्षण तथा तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग के बारे में भी प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए तथा शिक्षण प्रक्रिया में आने वाली चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। प्रशिक्षकों ने शिक्षकों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए व्यावहारिक सुझाव दिए।

एक झलक

सैंकड़ों छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण

विष्णुगढ़ : प्रखंड के चानो में बुधवार को झारखंड आंदोलनकारी सह भाजपा नेता चन्द्रनाथ भाई पटेल के माता का छठवां पुण्य तिथि मनाया गया। इस अवसर पर एक शोक सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने उनके माता की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। इस कार्यक्रम सभा को मोहन लाल महतो, शिक्षक, नीलकंठ महतो, कैलाश महतो, लक्ष्मण महतो, बिशुन महतो, नीतू कुमारी, बसंत कुमार, नुनूचंद महतो सहित कई लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी टीपूलाल महतो ने जबकि संचालन अजीत महतो के द्वारा किया गया। इस अवसर पर चन्द्रनाथ भाई पटेल ने कहा कि मेरी मां भले पढ़ी लिखी नहीं थी, फिर भी शिक्षा के प्रति जागरूक थी। लोगों के शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करती थी। उनके पुण्य तिथि पर आज सैंकड़ों छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया।

नि:शुल्क पशु स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

विष्णुगढ़ : प्रखंड के नागी पंचायत अंतर्गत ग्राम अर्जरी टोला बोरो में बुधवार को न्यूरूट्स वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा नि:शुल्क पशु स्वास्थ्य जांच एवं टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य पशुपालकों को बरसात के मौसम में पशुओं में होने वाली संक्रामक बीमारियों के प्रति जागरूक करना तथा पशुधन के स्वास्थ्य संरक्षण को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान पशुपालकों को बरसात के मौसम में बकरियों एवं अन्य पशुओं में होने वाले विभिन्न संक्रमणजनित रोगों से बचाव, उचित देखभाल, स्वच्छता प्रबंधन एवं समय पर उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी एवं सुझाव दिया गया। शिविर में कुल 30 किसानों की लगभग 80 से अधिक बकरियों का पीपीआर टीकाकरण किया गया। इससे पशुओं को घातक संक्रामक रोगों से सुरक्षा प्रदान करने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में वेटनरी चिकित्सक डॉ० मनोज कुमार का विशेष योगदान रहा। उन्होंने पशुपालकों को पशुओं में होने वाली संक्रामक बीमारियों के लक्षण, रोकथाम एवं उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी तथा किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। शिविर में 30 से अधिक किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पशुपालन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। उपस्थित किसानों ने इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

भाजपा कार्यकर्ता मनेन्द्र प्रताप सिंह का असमय निधन

चरही/हजारीबाग : भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता मनेन्द्र प्रताप सिंह के असमय निधन पर क्षेत्र के नागरिक और भाजपा ने गहरा शोक व्यक्त किया है।स्व.सिंह चुरचू प्रखंड के ग्राम चरही के स्थानीय निवासी थे। वे कुछ वर्षों से केंसर की बीमारी से जुझ रहे थे। उन्होंने ने अपनी इलाज केंसर अस्पताल मुम्बई और रांची में करा रहे थे। मंगलवार की देर शाम अपने घर खाना खाने के बाद बेड पर लेट गए। परिजनों ने समझ लिया कि सो रहे हैं। काफी देर तक शरीर में कोई हलचल नहीं होते देख मन में तरह-तरह की शक होने लगी। रात में इलाज के लिये हजारीबाग के क्षितिज अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों को बताया कि इनकी मृत्यु पहले ही हो चुकी है। पार्थिव शरीर को घर लाया गया। शव को घर पहुंचते ही परिजन रोने बिलखने लगे। इस आवाज को सुनकर आस-पास के लोग मृतक के घर पहुंचे। किसी को विश्वास ही नहीं हो रहा था। काफी रात होने के कारण अग्नि संस्कार नहीं हो सका। बुधवार सुबह शव को सजाया गया। उनका पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए चरही के चौढी नदी घाट ले जाया गया। जहां पर पूरे सम्मान और विधि-विधान के साथ दाह संस्कार किया गया। इसके पूर्व आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन धारण किया गया।

हजारीबाग जिले के विभिन्न विभागों के राजस्व संग्रहण से संबंधित समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित

वन व सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त रखने के लिए प्रभावी कार्रवाई करें अधिकारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : बुधवार को हजारीबाग जिले के विभिन्न विभागों के राजस्व संग्रहण से संबंधित समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभाकक्ष, हजारीबाग में आयोजित की गई। विजय कुमार गुप्ता, प्रमंडलीय आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा की जनकल्याणकारी कार्यों के लिए राजस्व में वृद्धि आवश्यक है। इसके समूचित संकलन के लिए अपनी समस्त विभागीय शक्तियों का प्रयोग कर राज्य सरकार के लक्ष्य आधारित राजस्व की प्राप्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी, कर्मचारी अपने विभागीय कार्यों, योजनाओं, कार्यक्रमों, नियमों और शासनादेशों की पूरी जानकारी रखे, अधिकारियों को जितनी अच्छी जानकारी होगी, वे राजस्व संग्रहण में उतना ही अच्छा काम कर सकेंगे। समीक्षा के दौरान हजारीबाग ज़िले के विभिन्न विभागों द्वारा

बैठक

निर्धारित वार्षिक राजस्व लक्ष्य तथा अब तक की लक्ष्य प्राप्ति की स्थिति का विस्तार से आकलन किया गया। इस अवसर पर खनन विभाग, वाणिज्य कर, परिवहन, उत्पाद, कृषि, माप एवं तौल, बाजार समिति, निबंधन, मत्स्य, नगर निगम सहित अन्य विभागों के पदाधिकारियों ने अपने-अपने विभागों के वार्षिक लक्ष्य, अब तक की प्राप्ति तथा शेष लक्ष्य के संबंध में अद्यतन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की वर्तमान स्थिति एवं राजस्व संग्रहण की प्रगति से आयुक्त महोदय को अवगत कराया। बैठक के दौरान राजस्व वृद्धि के उद्देश्य से प्रमंडलीय आयुक्त ने निर्देश दिया कि फ्लैट निबंधन से संबंधित मामलों के निष्पादन में तेजी लाई जाए। साथ ही अधिक-अधिक फ्लैट का रजिस्ट्रेशन हो

- राजस्व वसूली में तेजी लाने तथा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु आवश्यक बिन्दुओं पर विस्तृत समीक्षा
- दाखिल खारिज का ससमय निष्पादन न होने पर अंचल अधिकारी पर सेवा अधिकार अधिनियम के तहत होगी कार्रवाई

सके इसके लिए अधिकारी विशेष एजेंडा तैयार कर कार्य करें ताकि राजस्व संग्रहण में अपेक्षित वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा की वैसे अभिलेख जो क्षतिग्रस्त होने के कगार पर है उनका संधारण सुनिश्चित करें। परिवहन विभाग की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को परिवहन कार्यालय की कार्यप्रणाली में सुधार लाते हुए विभाग की सकारात्मक छवि स्थापित करने तथा अपनी वैधानिक शक्तियों का समुचित उपयोग कर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विभागीय प्रक्रियाओं को सरल एवं सुगम बनाया जाए, ताकि आम नागरिकों को ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण अथवा अन्य परिवहन संबंधी सेवाओं के लिए किसी बिचौलिए या वेंडर पर निर्भर न रहना पड़े तथा वे सीधे विभाग के माध्यम से अपने कार्य संपादित कर सकें।आयुक्त ने डिफॉल्टर वाहनों, ओवरलोड वाहनों एवं परिचालित बसों के विरुद्ध समय-समय पर सघन जांच अभियान चलाने तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। उत्पाद विभाग की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने मद्य दुकानों की बंदोबस्ती की स्थिति, अवैध शराब के विरुद्ध की गई कार्रवाई तथा अब तक ध्वस्त की गई भट्टियों एवं जब्त देशी-विदेशी शराब की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बिहार सीमा क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए गुप्तचर तंत्र को सक्रिय रखने तथा अवैध शराब निर्माण एवं तस्करी से संबंधित गतिविधियों के विरुद्ध सघन अभियान चलाकर उन्हें पूर्णतः समाप्त करने का निर्देश दिया। वाणिज्य कर विभाग की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को ऐसे ठेकेदारों एवं व्यवसायियों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया, जो नियमित रूप से जीएसटी का भुगतान नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कर संग्रहण में वृद्धि तथा कर चोरी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। खनन विभाग की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने निर्देश दिया कि विभिन्न घाटों से हो रहे अवैध बालू उठाव पर प्रभावी रोक लगाने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन को पूर्णतः बंद करने के लिए सतत निगरानी एवं सघन जांच अभियान चलाया जाए। साथ ही, सभी प्रकार के अवैध खनन गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। आयुक्त ने निर्देश दिया कि बिना वैध लाइसेंस एवं आवश्यक दस्तावेजों के खनिज परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध एमएमडीआर अधिनियम एवं अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाए। बैठक में आयुक्त ने माप-तौल विभाग को पेट्रोल पंपों का नियमित निरीक्षण, जन-जागरूकता अभियान चलाने तथा उपलब्ध वैधानिक शक्तियों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

सीओ के समर्थन में उतरे डीवीसी विस्थापित, स्थानांतरण की मांग का विस्थापितों ने किया विरोध

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ सीओ नित्यनाद दास इन दिनों सुर्खियां में बने हुए हैं। एक तरफ जहां स्थानीय सांसद और विधायकों ने एकजुट होकर दिशा की बैठक में सीओ पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए उनके तबादले की मांग की है, वहीं दूसरी तरफ कोनार डीवीसी के विस्थापित सीओ के समर्थन में खुलकर सामने आ गए हैं। विस्थापितों ने सीओ को अपना हितैषी बताते हुए उनके खिलाफ किसी भी संभावित प्रशासनिक कार्रवाई या तबादले का विरोध शुरू कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक यह पूरा विवाद मुख्य रूप से मांडू विधायक और सीओ के बीच उपजी आपसी रंजिश का परिणाम माना जा रहा है। डीसी से मिलने हजारीबाग रवाना हुए सैकड़ों विस्थापित-सीओ के समर्थन में मंगलवार को लगभग 500 की संख्या में विस्थापित हजारीबाग के लिए रवाना हुए। विस्थापितों का मुख्य उद्देश्य डीसी से मुलाकात कर उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराना था। विस्थापितों का कहना है कि सीओ

नित्यनाद दास के सकारात्मक प्रयासों के कारण ही दशकों पुराना डीवीसी से भूमि विवाद अब सुलझने की राह पर है। विस्थापितों को डर है कि यदि इस मोड़ पर सीओ का स्थानांतरण कर दिया गया तो पिछले 70 वर्षों से लटका हुआ यह संवेदनशील मसला एक बार फिर ठंडे बस्ते में चला जाएगा। 70 साल पुराना मामला सुलझने की आस - विस्थापितों के अनुसार पिछले 70 वर्षों से उन्हें डीवीसी से मिली जमीनों का मालिकाना हक नहीं मिल पाया है। जमीन का दाखिल -खारिज उनके नाम पर न होने के कारण वे लंबे समय से विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित चल रहे हैं। सीओ नित्यनाद दास की सक्रिय पहल से इस दिशा में बड़ी कामयाबी मिली है। 18 विस्थापितों के नाम अब तक सरकारी लगान रसीद निर्गत की जा चुकी है। शेष विस्थापितों के नाम जमीन हस्तांतरण की प्रक्रिया तेजी से जारी है। जल्द ही अन्य सभी विस्थापितों के नाम भी जमीन का दाखिल-खारिज कर दिया जाएगा। विस्थापित संघ का एक प्रतिनिधिमंडल ने हजारीबाग पहुंचकर डीसी से मुलाकात की और सीओ के स्थानांतरण पर रोक लगाने की मांग करते हुए अपनी बात रखी। इस प्रतिनिधिमंडल में संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार महतो, बनासो मुखिया चंद्रशेखर पटेल, पूर्व मुखिया कैलाश महतो, सुरेश राम, माही पटेल, हीरामन महतो, राजू महतो समेत काफी संख्या में विस्थापित लोग शामिल थे।

हजारीबाग में बिजली व्यवस्था पर अधीक्षण अभियंता का बड़ा बयान

हर चुनौती से निपटने में सक्षम है विभाग

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : जिले में इन दिनों बिजली की आंख-मिचौली, लो वोल्टेज और बढ़ती मांग को लेकर उपभोक्ताओं के बीच उठ रहे सवालों के बीच हजारीबाग विद्युत अधीक्षण अभियंता ने विभाग का पक्ष स्पष्ट करते हुए कहा है कि बिजली विभाग हर परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार और सक्षम है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं तथा वर्तमान में जो कुछ समस्याएं सामने आ रही हैं, उनका समाधान शीघ्र किया जायेगा।

अधीक्षण अभियंता ने कहा कि वर्तमान में कहीं-कहीं लो वोल्टेज और बिजली कटौती की जो समस्या देखने को मिल रही है, उसका मुख्य कारण विभागीय व्यवस्था नहीं बल्कि डीवीसी (दामोदर वैली कॉपोरेशन) से संबंधित

तकनीकी एवं आपूर्ति संबंधी कारण हैं। उन्होंने बताया कि इस विषय को गंभीरता से लेते हुए डीवीसी के उच्च अधिकारियों से लगातार बातचीत की जा रही है और उम्मीद है कि जल्द ही इसका सकारात्मक समाधान निकल जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद विभाग पूरी तत्परता के साथ काम कर रहा है। ट्रांसफार्मरों की उपलब्धता को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग के पास ट्रांसफार्मरों की कोई कमी नहीं है। जिले के किसी भी क्षेत्र में ट्रांसफार्मर खराब होने या तकनीकी समस्या आने पर उसे प्राथमिकता के आधार पर बदला जा रहा है। उन्होंने बताया कि पहले जहां ट्रांसफार्मर बदलने में कई दिन लग जाते थे, वहीं अब विभाग की सक्रियता के कारण अधिकांश मामलों में एक ही दिन के भीतर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया जा रहा है, जो विभाग की कार्यक्षमता और तत्परता को दर्शाता है। हमारे संवाददाता द्वारा विभाग में कर्मियों की कमी को लेकर पूछे गये सवाल पर अधीक्षण अभियंता ने स्वीकार किया कि बढ़ते विद्युत नेटवर्क, नए ट्रांसफार्मरों की स्थापना और लगातार विस्तार हो रहे वितरण तंत्र के अनुपात में मानव संसाधन की आवश्यकता बढ़ी है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विद्युत निगम के उच्च अधिकारियों से लगातार संवाद चल रहा है और जल्द ही एजेंसी एवं कंपनी के माध्यम से आवश्यक कर्मियों की नियुक्ति की जाएगी। इससे फील्ड स्तर पर कार्यों की गति और सेवा की गुणवत्ता में और सुधार आयेगा।

स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कटकमसांडी (हजारीबाग) : रोमी पंचायत में श्मशान घाट एवं हरिजन समाज के दफन स्थल के समीप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश उस समय उभर पड़ा जब लोगों को निर्माण कार्य की जानकारी मिली। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपनी धार्मिक एवं सामाजिक भावनाओं से जुड़े इस मुद्दे पर विरोध जताते हुए निर्माण कार्य रोकने की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि संबंधित भूमि वर्षों से श्मशान घाट और दफन स्थल के रूप में उपयोग होती रही है। ऐसे स्थान पर स्वास्थ्य केंद्र निर्माण को लेकर लोगों में नाराजगी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अंचल अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी बिट्टू रजक तथा जिला परिषद पूर्वी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष मंजू नंदिनी तत्काल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया। तनावपूर्ण माहौल के बीच सीओ अनिल कुमार गुप्ता ने धैर्य, संवेदनशीलता और प्रशासनिक कुशलता का परिचय देते हुए ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से सुना तथा विवादित स्थल पर निर्माण कार्य पर रोक लगाने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया। उनके स्पष्ट और सकारात्मक रुख से ग्रामीणों का भरोसा बढ़ा और स्थिति जल्द ही सामान्य हो गई।प्रशासन ने बताया कि स्थल की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी तथा जरूरत पड़ने पर भूमि को पूर्व स्थिति में बहाल करने की प्रक्रिया भी अपनाई जायेगी। सीओ के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया। क्षेत्र में अंचल अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता की तत्परता, संवाद क्षमता और विवाद समाधान की कार्यशैली की सराहना की जा रही है। लोगों का कहना है कि समय रहते प्रशासन के हस्तक्षेप से एक बड़ा विवाद शांतिपूर्ण ढंग से सुलझ गया, जिससे क्षेत्र में सौहार्द और शांति बनी रही। रोमी पंचायत की यह घटना प्रशासन और जनता के बीच संवाद की ताकत का उदाहरण बन गई है, जहां संवेदनशील मुद्दे का समाधान टकराव नहीं बल्कि बातचीत और समझदारी से निकाला गया।

चटकरी में अवैध शराब कारोबार पर प्रशासन का शिकंजा

पांच भट्ठियां ध्वस्त, करीब 4000 किलोग्राम जावा महुआ नष्ट

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : प्रखंड अंतर्गत मडमो पंचायत के चटकरी (उपर टोला) में उत्पाद विभाग ने अवैध महुआ शराब के निर्माण और कारोबार के खिलाफ सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब निर्माण के कई अड्डों को ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया। गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने गांव में संचालित अवैध महुआ चुलाई शराब निर्माण स्थलों पर एक अभियान चलाकर छापेमारी की। अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर चल रही पांच अवैध शराब भट्ठियों का भंडाफोड़ किया गया। टीम ने मौके पर भारी मात्रा में जमा कर रखे गए करीब 4000 किलोग्राम जावा महुआ को नष्ट

कर दिया, जिसका उपयोग शराब निर्माण में किया जा रहा था। छापेमारी के दौरान 135 लीटर अवैध महुआ शराब भी बरामद कर जब्त की गई। इसके अलावा शराब बनाने में प्रयुक्त ड्रम, पाइप, भट्ठी और अन्य उपकरणों को भी नष्ट कर दिया गया, ताकि दोबारा इस अवैध कारोबार को संचालित न किया जा सके। बताया जाता है कि उत्पाद विभाग की कार्रवाई की भनक मिलते ही कई कारोबारी मौके से फरार हो गए। विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसमें संलिप्त लोगों की पहचान शुरू कर दी है और उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। अभियान का नेतृत्व अवर निरीक्षक उत्पाद भुनेश्वर नायक कर रहे थे। उनके साथ उत्पाद आरक्षी अनूप कुमार सिंह तथा सशस्त्र गृह रक्षा वाहिनी के जवान भी मौजूद थे। टीम ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध शराब निर्माण और बिक्री के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जायेगा तथा किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जायेगा। ग्रामीणों ने उत्पाद विभाग की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि अवैध शराब का कारोबार सामाजिक बुराइयों को बढ़ावा देता है और कई परिवारों को प्रभावित करता है। लोगों ने प्रशासन से ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाने की मांग की।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

ईचाक : जीएम इंटर महाविद्यालय के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति से संबंधित पहलू की जानकारी दी गई, इसके अलावा जे.गुरुजी ऐप के अंतर्गत रेल प्रोजेक्ट, ई विद्यावाहिनी, उल्लास,वोकेशनल कोर्स, टीचर नोट्स इत्यादि की जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षण में डॉ. पुरुषोत्तम कुमार सिंह एवं गगन कुमार ने प्रशिक्षण प्रदान किया। इस अवसार पर महाविद्यालय के प्राचार्य शंभू कुमार एवं समस्त शिक्षक उपस्थित थे। दोनों प्रशिक्षकों ने क्लास रूम से लेकर महाविद्यालय प्रबंधन एवं बच्चों को गुणवतापूर्ण शिक्षा के समस्त तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। जीएम. इंटर महाविद्यालय के शिक्षकों के लिए यह कार्यशाला एक मील का पत्थर साबित होगा क्योंकि इसके माध्यम से बच्चों के सार्वजनिक विकास पर जोर दिया गया। यह प्रशिक्षण में सभी शिक्षकों को बहुत सारी जानकारी हासिल हुई जिसका उपयोग शिक्षण कक्ष में प्रयोग किए जाने का संकल्प लिया गया। अंतिम में महाविद्यालय के प्राचार्य शंभू कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ प्रशिक्षण का समापन किया गया।

भेलवारा में खरीफ फसल के लिए एक दिवसीय किसान गोष्ठी आयोजित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : प्रखंड के भेलवारा पंचायत भवन में बुधवार को फसलों के विकास आत्मा-समेति सहायय अनुदान योजनान्तर्गत खरीफ फसल हेतु एक दिवसीय किसान गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की कृषि प्रभाग अंतर्गत संतुलित उर्वरक, दलहन खेती, रागी की खेती पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि संतुलित उर्वरक और मिट्टी परीक्षण के आधार पर फसल की उपज बढ़ा सकते हैं। उन्होंने किसानों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि आवश्यतानुसार पोषक तत्व नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश को सही मात्रा, सही समय और सही अनुपात में देना है। यह केवल पैदावार बढ़ाता है, बल्कि मिट्टी के स्वास्थ्य, उत्पाद की गुणवत्ता और पर्यावरण की रक्षा भी करता है। सरकार मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना चल रही है। किसानों को अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर इसका लाभ लेना चाहिए। आज के समय में मड़ुवा की खेती आवश्यक है। पानी के अभाव में हम टपक प्रणाली का उपयोग कर सकते हैं। किसान क्लस्टर बनाकर कृषि विभाग का लाभ ले सकते हैं। कृषक पाठशाला भी चलाई जा रही है। कृषक पाठशाला से किसानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बैंक से कृषि कार्य के लिए पूंजी भी मिलती है। सरकार प्रोत्साहन भत्ता भी देती है। सोलर सिस्टम पंप दिए जा रहे हैं। हमें घर-घर में खेती करने की आवश्यकता है। जैविक खेती में जैविक खाद का प्रयोग करें। यूरिया का कम से कम प्रयोग करें। एक दिवसीय गोष्ठी में प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक उमेश कुमार राणा, मुखिया लक्ष्मी कुमारी समेत कई कृषक मित्र महिला पुरुष शामिल थे।

धनबाद में चला एंटी क्राइम चेकिंग अभियान, 1291 वाहनों की हुई जांच

धनबाद : वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर मंगलवार को देर शाम तक जिलेभर में व्यापक एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों की पुलिस टीमों ने प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर विशेष जांच अभियान चलाकर वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की। अभियान के दौरान कुल 1291 वाहनों की जांच की गई। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों के दस्तावेजों का सत्यापन किया तथा आवश्यक कागजातों की जांच की। जिन वाहनों के कागजात अधूरे या नियमों के अनुरूप नहीं पाए गए, उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान काटे गए और वाहन मालिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अलावा चेकिंग अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी लेकर उनकी पहचान का सत्यापन भी किया गया।

बंदखारो में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहीद झारखंड आन्दोलनकारियों का शहादत दिवस मनाया

झारखंड आन्दोलनकारी के परिजनों को किया सम्मानित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : प्रखंड के बंदखारो में बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा शहीद झारखंड आंदोलनकारी साधु महतो, शनिचर महतो, सैनाथ महतो, रामधनी मंडल, सोहर महतो, मोहर महतो, बुधराम महतो तथा केवल महतो का शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल के द्वारा दिया गया झारखंड आंदोलनकारी के परिजनों को अंग वस्त्र एवं पेंशन राशि देकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सम्मानित किया। मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि झारखंड अलग राज्य की प्राप्ति झारखंड के शहीदों की देन है। जेपी पटेल द्वारा झारखंड आंदोलनकारी के परिजनों को व्यक्तिगत निजी तौर पर सम्मानित करना गौरवपूर्ण बात है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुरु प्रसाद साव, नारायण महतो, परमेश्वर महतो, निरंजन महतो, बुधन महतो, दिनेश मंडल, टेकामन महतो, कोलेश्वर महतो, फूलचंद महतो, सुरेंद्र मंडल, झरी महतो, रामप्रसाद महतो, मुकेश महतो समेत शहीद परिवार के परिजन उपस्थित थे।

हजारीबाग थ्रोबॉल संघ व आरएफसी के सदस्यों ने नेशनल थ्रोबॉल विजेताओं को किया जोरदार स्वागत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : राजस्थान में आयोजित 36वीं जूनियर नेशनल थ्रो बॉल चैंपियनशिप 2026-27 में झारखंड की बालिका टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान का पदक जीत कर झारखंड का नाम रोशन किया है। जिसमें बालिकाएं बिहार, मध्य प्रदेश एवं तमिलनाडु को पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक से रोमांचक मुकाबले में मात्र एक पॉइंट से पराजित हुई एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। बुधवार की अहले सुबह जैसे ही विजेता टीम हजारीबाग पहुंची हजारीबाग थ्रोबॉल संघ के सभी सदस्य एवं रिटायर्ड फुटबॉल

क्लब की सभी गणमान्य सदस्यों ने बालक एवं बालिका टीम को हजारीबाग कर्जन ग्राउंड में फूलमाला, गुलदस्ता तथा मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया। स्वागत समारोह में रिटायर्ड फुटबॉल क्लब के सचिव अभय पासवान ने कहा की बहुत ही गर्व की बात है कि झारखंड की टीम में हजारीबाग के बालिका एवं बालक टीम नेशनल खेलने गए एवं बालिका टीम पदक जीतकर पूरे झारखंड का नाम रोशन किया। जिसके लिए मैं तहे दिल से धन्यवाद देता हूं और मुझे विश्वास है कि इन बच्चों को यदि लगातार अभ्यास कराया जाए तो निश्चित रूप में स्वर्ण पदक के हकदार होगी। हजारीबाग थ्रोबॉल संघ के सचिव अबोध राम ने बताया कि यह झारखंड के बालक एवं बालिकाएं टीम काफी सुदूरवर्ती क्षेत्र से है। यदि इन्हें थोड़ी सी और प्रोत्साहित किया जाए तो यह बच्चे आने वाले समय में थ्रोबॉल खेल में झारखंड का नाम रोशन करेंगी। उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के सचिव राजेश कुमार एवं भारतीय थ्रोबॉल संघ के सचिव गौतम कुमार को धन्यवाद देते हुए कहा कि खुशी की बात है कि इन लोगों के द्वारा हजारीबाग में थ्रो बॉल संघ का बढ़ावा देने के लिए हम लोगों को प्रेरित किए हैं जिसके लिए तहे दिल से धन्यवाद देते हैं। हजारीबाग थ्रोबॉल संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि यह झारखंड के बालक एवं बालिकाएं राजस्थान में काफी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसका श्रेय थ्रो बॉल संघ हजारीबाग को भी जाता है क्योंकि इन्हें पूर्व में प्रशिक्षण देकर इन्हें विभिन्न तरह का कौशल का ज्ञान प्राप्त करवाया हैं। हजारीबाग थ्रो बॉल संघ के उपाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि बच्चे काफी मेहनती है, इन्हें और अच्छा कैसे करें इसके लिए हम संघ के लोगों को विचार करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार के द्वारा विभिन्न तरह की सुविधा भी खेल में दी जाती है। उसका लाभ इन बच्चों को दिलवाने की आवश्यकता है।

विशेष अभियान के तहत खरीफ फसल तैयारी के लिए किसान गोष्ठी का आयोजन

ईचाक : कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की कृषि प्रभाग आत्मा सहायता अनुदान अंतर्गत प्रखंड के ग्राम हदारी पंचायत हदारी में संतुलित उर्वरक, दलहन खेती, मोटे अनाज की खेती करने की सलाह दी गई जैसे की मक्का बाजार रागी की खेती पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी, जिसमें बताया गया साथ ही संतुलित उर्वरक उपयोग का अर्थ है मिट्टी परीक्षण के आधार पर फसल की आवश्यतानुसार पोषक तत्वों नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, सूक्ष्म पोषक तत्व को सही मात्रा, सही समय और सही अनुपात में देना। यह न केवल पैदावार बढ़ाता है, बल्कि मिट्टी के स्वास्थ्य, उत्पाद की गुणवत्ता और पर्यावरण की रक्षा भी करता है संतुलित उर्वरक में फसल की आवश्यकताओं, मिट्टी की उर्वरता की स्थिति और मौजूदा जलवायु परिस्थितियों के आधार पर सभी आवश्यक मैक्रोन्यूट्रिएंट्स और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स को उचित अनुपात, मात्रा, समय और तरीकों से लागू करना शामिल है। सरकार मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, पोषक तत्व आधारित सब्सिडी, नीम-लेपित यूरिया और नैनो उर्वरकों सहित कई पहलों के माध्यम से उर्वरकों के संतुलित उपयोग को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है। गोष्ठी में मुख्य रूप से प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, प्रखंड कृषि पदाधिकारी विनोद कुमार रवि, प्रखंड तकनीकी पुष्पा कुमारी, क

एक झलक

15 से 24 जून तक चलेगा दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष नामांकन अभियान

धनबाद : जिले में विद्यालय से बाहर रह गए दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए 15 जून से 24 जून तक विशेष नामांकन अभियान चलाया जाएगा। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर शुरू होने वाले इस अभियान के तहत दिव्यांग बच्चों का उनके पोषक क्षेत्र के नजदीकी विद्यालयों में नामांकन कराया जायेगा। जिला प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी दिव्यांग बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। विशेष अभियान के दौरान शिक्षा विभाग की टीम घर-घर संपर्क कर ऐसे बच्चों की पहचान करेगी तथा उनका नामांकन सुनिश्चित करेगी। प्रशासन ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे अपने बच्चों को विद्यालय से जोड़कर उन्हें बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर करने में सहयोग करें। इससे दिव्यांग बच्चों को शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध हो सकेंगे।

पीडीआईएल के 70 वर्ष पुराने सड़क मार्ग को बंद किये जाने से लोगों में आक्रोश

सिन्दरी (धनबाद): पीडीआईएल के मुख्य प्रवेश द्वार से रोहड़ाबांध स्थित आरएल और आरएन आवासों को जोड़ने वाले लगभग 70 वर्ष पुराने मुख्य सड़क मार्ग को जेसीबी मशीन से काटकर बंद किए जाने के बाद क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस सड़क के माध्यम से वर्षों से आवागमन होता रहा है और इसके बंद होने से हजारों लोगों की दैनिक गतिविधियां प्रभावित हो गई हैं। लोगों ने बताया कि सड़क बंद होने से आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं, स्कूली बच्चों के आवागमन तथा आसपास के निवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वैकल्पिक मार्ग लंबा होने के कारण समय और खर्च दोनों बढ़ गए हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और पीडीआईएल प्रबंधन से तत्काल हस्तक्षेप कर सड़क को पुनः चालू कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि बिना पूर्व सूचना और जनहित को ध्यान में रखे सड़क बंद करना उचित नहीं है। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन करने की चेतावनी भी दी गई है।

स्थाई लोक अदालत के कैम्प कोर्ट में 14 मामलों का निपटारा, 1.19 लाख रुपये की रिकवरी

धनबाद: झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) धनबाद के अध्यक्ष निकेश कुमार सिन्हा के निर्देश पर स्थाई लोक अदालत द्वारा बैंक ऑफ इंडिया की भगाबांध शाखा में विशेष कैंप कोर्ट का आयोजन किया गया। इस दौरान वर्षों से लंबित ऋण संबंधी 14 सुलहनीय मामलों का आपसी सहमति के आधार पर निपटारा किया गया। डालसा के सचिव सह अवर न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष पीयूष कुमार तथा सदस्य सुधीर कुमार सिन्हा और दुर्गा चरण निश्चल की पहल से कुल एक लाख 19 हजार 650 रुपये की वसूली कराई गई। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य आपसी सुलह और समझौते के माध्यम से मामलों का त्वरित निष्पादन कर पक्षकारों को शीघ्र एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराना है। इस पहल से लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी आई है।

चिरागोड़ा में बहेगी भक्ति की गंगा, 08 जुलाई से शुरू होगा श्रीमद्भागवत सप्ताह

धनबाद : चिरागोड़ा स्थित जागृत मंदिर के तृतीय स्थापना वर्षगांठ के अवसर पर 8 से 16 जुलाई 2026 तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ, प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव एवं भव्य भगवती जागरण का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भगवती जागृत मंदिर समिति की बैठक में विस्तृत रूपरेखा तय की गई। समिति के सचिव राजेश सिन्हा ने बताया कि 8 जुलाई को प्रातः 6:30 बजे मंदिर परिसर से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद दोपहर 3 बजे से वृंदावन के प्रसिद्ध संत श्री उज्ज्वल शांडिल्य जी महाराज श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ करेंगे। कथा का आयोजन 14 जुलाई तक प्रतिदिन होगा। उन्होंने बताया कि 13 से 15 जुलाई तक वार्षिकोत्सव एवं प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 15 जुलाई को पूर्णाहुति के बाद रात्रि 8 बजे से भव्य भगवती जागरण और आकर्षक धार्मिक झांकियों की प्रस्तुति श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। 16 जुलाई को महा भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

उप विकास आयुक्त ने लम्बित डीसी विपत्रों की समीक्षा की

लम्बित डीसी विपत्रों का शीघ्र करें निस्तारण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : जिले में विभिन्न विभागों के लंबित डीसी विपत्रों के शीघ्र निष्पादन को लेकर बुधवार को उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने समीक्षा बैठक की। बैठक में समाज कल्याण, पशुपालन, उद्यान, आपूर्ति विभाग, जिला परिषद समेत कई विभागों के लंबित मामलों की स्थिति की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने एब्स्ट्रेक्ट कंटीन्जेंसी से निकाली गई अग्रिम राशि को वाउचर के साथ डिटेल कंटीन्जेंसी (डीसी विपत्र) के माध्यम से समायोजित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिन एजेंसियों द्वारा बिलों का समायोजन नहीं किया जाएगा, उन्हें भविष्य में योजनाओं के लिए अग्रिम राशि आवंटित नहीं की जाएगी। सभी संबंधित एजेंसियों को युद्धस्तर पर कार्रवाई करते हुए लंबित डीसी विपत्रों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान स्पेशल डिवीजन, पीएचईडी, जिला परिषद के जिला अभियंता, झमाडा समेत अन्य विभागों के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस (शो-कॉज) जारी करने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सन्नी राज, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप, जिला आपूर्ति पदाधिकारी पंकज कुमार, विकास शाखा के प्रधान सहायक संतोष सुमन, साकिर अंसारी, स्वरूप कुमार, चंदन कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए लंबित विपत्रों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करना है।

बरही अनुमंडलीय अस्पताल के उन्नयन कार्य का शिलान्यास

1.45 करोड़ रुपये की लागत से बढ़ेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

बरही : अनुमंडलीय अस्पताल को आधुनिक और संसाधनयुक्त बनाने की दिशा में बुधवार को बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने डीएमएफटी मद से प्रस्तावित अनुमंडलीय अस्पताल उन्नयन कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने शिलापट्ट का अनावरण कर तथा नारियल फोड़कर निर्माण कार्य की शुरूआत की। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने विधायक मनोज यादव का बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और अस्पतालकर्मी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि बरही अनुमंडलीय अस्पताल को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए वे लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल के विकास से जुड़े मुद्दों को उन्होंने विधानसभा में भी कई बार उठाया है, जिसका सकारात्मक परिणाम आज देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास है कि बरही अनुमंडलीय अस्पताल में सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध हों और हर विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सक नियुक्त किए जाएं, ताकि क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और अस्पताल के समुचित विकास को लेकर मैं लगातार प्रयासरत हूं। विधायक ने कहा कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठकों में भी उन्होंने अस्पताल को सुव्यवस्थित और सुविधायुक्त बनाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया है। उनका लक्ष्य है कि बरही और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकें। कार्यक्रम का संचालन विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने किया। उन्होंने कहा कि बरही विधायक मनोज यादव के सतत प्रयासों के कारण अस्पताल को लगातार नई सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि विधायक की प्राथमिकता स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि अस्पताल का उन्नयन क्षेत्र की जनता के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बढ़ती आबादी और स्वास्थ्य जरूरतों को देखते हुए अस्पताल में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार आवश्यक था। यह परियोजना पूरी होने के बाद मरीजों और उनके परिजनों को काफी राहत मिलेगी। जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी ने कहा कि अस्पताल संसाधनयुक्त होने से यहां के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी।

इन सुविधाओं का होगा निर्माण

डीएमएफटी मद से स्वीकृत 1.45 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना के तहत अस्पताल परिसर में योगा शेड, वेटिंग हॉल, स्टोर रूम, कैंटीन सहित विभिन्न मरम्मत एवं उन्नयन कार्य किए जाएंगे। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अस्पताल की आधारभूत संरचना और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा।

बीसीसीएल ओबीसी एसोसिएशन का प्रथम महाअधिवेशन

ओबीसी कर्मचारियों के हक और कल्याण के मुद्दों पर केन्द्रित रहा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : बैकवर्ड क्लास (ओबीसी) कोल एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन, बीसीसीएल धनबाद का प्रथम महाअधिवेशन बुधवार को गोल बिल्डिंग के समीप स्थित सुरभि होटल एंड बैंक्वेट में आयोजित किया गया। अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य ओबीसी कर्मचारियों की एकजुटता को मजबूत करना तथा उनके सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक हितों की रक्षा के लिए साझा रणनीति तैयार करना था। मुख्य अतिथि एसोसिएशन के महामंत्री जय बहादुर सिंह यादव (सीआईएल) ने कहा कि कोयला खदानों और कोलियरियों में कार्यरत ओबीसी कर्मचारियों को उनके जायज अधिकार दिलाने, पदोन्नति में न्याय सुनिश्चित करने तथा आरक्षण और क्रीमी लेयर से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी आवाज उठाई जाएगी। इस दौरान राम मनोहर सिंह यादव, नन्हकू महतो और देव कुमार वर्मा ने भी कर्मचारी कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार रखे। एसोसिएशन प्रभारी देव कुमार वर्मा ने अतिथियों का शॉल और पुष्पमाला से स्वागत किया। इससे पूर्व जय बहादुर सिंह यादव ने अपनी टीम के साथ अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों से मुलाकात की और रजिस्ट्रेशन व्यवस्था, कैंटीन, ऑक्सीजन प्लांट व अन्य सुविधाओं में कई कमियां उजागर कीं। अधिवेशन में राम दुलार सिंह, भोला यादव, राम नारायण, दया राम यादव, बिरेन गोप, रामनाथ गोप, मनोज मल्लाह, मुन्ना, ललन प्रसाद शर्मा, राजू कुमार, गणेश ठाकुर, विजय हांसदा, शिव प्रकाश, शंभु कुमार सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

तुलेश्वर हेम्ब्रोम की 14वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

ईचाक : ईचाक प्रखंड के फुफंदी गांव में बुधवार को समाजसेवी स्वर्गीय तुलेश्वर हेम्ब्रोम की 14वीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत स्व. हेम्ब्रोम की धर्मपत्नी शांति देवी एवं ग्राम प्रधान छात्र हेम्ब्रोम द्वारा संयुक्त रूप से उनके चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर संसद प्रतिनिधि सह मनोनीत सदस्य रमेश कुमार हेम्ब्रोम, पंचायत समिति सदस्य लिलावती देवी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी स्व. हेम्ब्रोम को श्रद्धासुमन अर्पित किए। सभा को संबोधित करते हुए रमेश कुमार हेम्ब्रोम ने कहा कि स्वर्गीय तुलेश्वर हेम्ब्रोम एक प्रखर समाजसेवी थे। उन्होंने समाज को सही दिशा देने तथा शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मैन्युअल लोडिंग की मांग पर बागडीगी कोलियरी में छह घंटे ठप रही ट्रांसपोर्टिंग

मजदूरों ने अनिश्चितकालीन बंदी की घोषणा की

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झरिया (धनबाद) : बीसीसीएल के लोदना क्षेत्र अंतर्गत बागडीगी कोलियरी में मैन्युअल लोडिंग शुरू करने की मांग को लेकर बुधवार को मजदूरों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए कोयला ट्रांसपोर्टिंग का कार्य करीब छह घंटे तक ठप कर दिया। यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन (एटक) से संबद्ध संगठित मोर्चा के कोलियरी सचिव सूरज भूईयां के आह्वान पर मजदूरों ने अनिश्चितकालीन बंदी की घोषणा की, जिससे प्रबंधन और मजदूरों के बीच टकराव की स्थिति उत्पन्न हो गई।

आंदोलन का समर्थन करते हुए पूर्व पार्षद अनूप कुमार साव ने कहा कि मजदूरों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उनकी मांगों को पूरा करना प्रबंधन की जिम्मेदारी है। ट्रांसपोर्टिंग बंद होने की सूचना मिलते ही प्रबंधन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और आंदोलनकारियों से वार्ता की, लेकिन मजदूर अपनी मांगों पर अड़े रहे।

बाद में वरीय अधिकारियों के निर्देश पर परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार ने यूनियन को पत्र जारी कर 18 जून को वार्ता कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इसकी जानकारी सांसद ढुल्लू महतो को भी दी गई। आश्वासन मिलने के बाद करीब छह घंटे बाद ट्रांसपोर्टिंग का कार्य पुनः शुरू हुआ।

मौके पर सूरज कुमार भूईयां, पूर्व पार्षद अनूप कुमार साव, सांसद प्रतिनिधि श्रीराम गोराई, उज्जवल मंडल, गफ्फार अंसारी, जितेंद्र प्रसाद, रंजन साहू, सूरजदीप पासवान, आमिर मलिक, अरुण कुमार भूईयां, धीरज कुमार, सन्नी कुमार पासवान, गणेश पासवान, अवधेश पासवान, दीपक पासवान, शंभू पासी, वेणु पासवान, दीपक कुमार पासवान, टुनटुन मिस्त्री, रेखा देवी, सुनीता देवी, आरती देवी, वासु देवी तथा नगीना देवी समेत बड़ी संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

राज्यसभा चुनाव को लेकर सियासी पारा चरम पर, भाजपा पर बरसे राजद के प्रदेश प्रवक्ता

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : राज्यसभा चुनाव को लेकर प्रदेश की सियासत गरमा गई है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रदेश प्रवक्ता कैलाश यादव ने धनबाद के आठ लेन स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने राज्यसभा चुनाव में अधिकृत उम्मीदवार उतारने का दावा कर राज्य की जनता को गुमराह किया और अंततः निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी के समर्थन की घोषणा कर अपनी राजनीतिक रणनीति उजागर कर दी।

कैलाश यादव ने कहा कि राजद लगातार यह कहता रहा है कि भाजपा के पास राज्यसभा की एक सीट जीतने के लिए आवश्यक संख्या बल नहीं है। उन्होंने दावा किया कि एक सीट के लिए 28 विधायकों के समर्थन की जरूरत होती है, जबकि भाजपा इस आंकड़े से काफी पीछे है। राजद प्रवक्ता ने भाजपा पर धनबल और हॉर्स ट्रेडिंग की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पर्याप्त संख्या नहीं होने के बावजूद भाजपा ने चुनावी समीकरणों को प्रभावित करने के उद्देश्य से परिमल नाथवानी का समर्थन किया है। उनके बयान के बाद राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी और तेज हो गई है।

मोदी की दीर्घायु की कामना को लेकर धनबाद में विशेष पूजा

धनबाद : देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने के अवसर पर बुधवार को धनबाद के मानस मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। धनबाद विधायक राज सिन्हा ने विधिवत पूजा कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं राष्ट्रसेवा के लिए मंगलकामना की। पूजा के उपरांत श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक राज सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह ऐतिहासिक कीर्तिमान केवल किसी एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं, बल्कि देश की 145 करोड़ जनता के विश्वास और समर्थन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व, तप, त्याग और ₹राष्ट्र प्रथम₹ की भावना के साथ देश को नई दिशा प्रदान की है। उनके नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

स्वास्थ्य उपकेन्द्र निर्माण का शिलान्यास, ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर चिकित्सा सुविधा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झरिया (धनबाद) : झरिया प्रखंड के जयरामपुर में 15वें वित्त आयोग (हेल्थ ग्रांट) मद से बनने वाले स्वास्थ्य उपकेंद्र का शिलान्यास बुधवार को झरिया विधायक रागिनी सिंह ने किया। स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण से जयरामपुर समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी। काफी समय से क्षेत्रवासी स्वास्थ्य केंद्र की मांग कर रहे थे। शिलान्यास के साथ ही इस मांग को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल शुरू हो गई है। उपकेंद्र बनने के बाद लोगों को छोटी-बड़ी बीमारियों के इलाज, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए दूर-दराज के अस्पतालों का सहारा नहीं लेना पड़ेगा। इस मौके पर विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि झरिया विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव और बस्ती तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना उनका संकल्प है तथा जयरामपुर में बनने वाला स्वास्थ्य उपकेंद्र क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात साबित होगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने पहल का स्वागत करते हुए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया तथा उम्मीद जताई कि इससे क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था और सुदृढ़ होगी।

सदर अस्पताल में सफलतापूर्वक हुआ जटिल ऑपरेशन निजी अस्पताल के मुकाबले मरीज को मिली बड़ी राहत

धनबाद : धनबाद के सदर अस्पताल में बुधवार को एक महिला का जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। सीमित आर्थिक संसाधनों वाले परिवार के लिए यह ऑपरेशन किसी बड़ी राहत से कम नहीं रहा, क्योंकि निजी अस्पतालों में इसी प्रकार के ऑपरेशन पर लगभग 30 हजार रुपये से अधिक का खर्च आने की संभावना थी। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार महिला को लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्या थी, जिसके बाद चिकित्सकों की टीम ने आवश्यक जांच के उपरांत ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। विशेषज्ञ डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने पूरी सावधानी और आधुनिक चिकित्सा पद्धति के तहत सफल सर्जरी को अंजाम दिया। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति सामान्य बताई जा रही है और उसे चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। परिजनों ने सफल उपचार के लिए चिकित्सकों और अस्पताल प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण निजी अस्पताल में इलाज कराना संभव नहीं था, ऐसे में सदर अस्पताल में गुणवत्तापूर्ण और निःशुल्क उपचार मिलने से उन्हें बड़ी राहत मिली है। सदर अस्पताल में जटिल ऑपरेशन की सफलता से सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर लोगों का भरोसा और मजबूत हुआ है।

घनुडीह में ओबी डंपिंग को लेकर बवाल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झरिया/धनबाद : झरिया के घनुडीह चीनकोठी बस्ती से सटे इलाके में संचालित सिंह नेचुरल आउटसोर्सिंग परियोजना के विस्तार के तहत ओवरबर्डन (ओबी) डंपिंग को लेकर बुधवार को जमकर बवाल हो गया। बस्ती के समीप डंपिंग कार्य का विरोध कर रहे ग्रामीणों और कंपनी समर्थकों के बीच विवाद बढ़ने पर मारपीट की घटना हुई। ग्रामीणों ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से हवाई फायरिंग किए जाने का भी आरोप लगाया है, हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। ग्रामीणों का आरोप है कि आबादी से सटे क्षेत्र में ओबी डंपिंग कराई जा रही थी, जिसका वे लगातार विरोध कर रहे थे। विरोध के दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई और मारपीट शुरू हो गई। ग्रामीण सुनील कुमार मंडल उर्फ छोटू मंडल ने आरोप लगाया कि करीब 30 लोगों ने उनके साथ मारपीट की, जिसमें उनका हाथ टूट गया। उन्होंने फायरिंग होने का भी दावा किया। घटना की सूचना मिलने पर धनबाद के मेयर संजीव सिंह और घनुडीह ओपी प्रभारी मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों से बातचीत कर मामले की जानकारी ली। घटनास्थल से एक खोखा बरामद होने की चर्चा है, जिसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक किसी भी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। मेयर संजीव सिंह ने कहा कि उच्चस्तरीय बैठक होने तक विवादित स्थल पर ओबी डंपिंग अथवा किसी नए कार्य की अनुमति नहीं दी जाएगी। वहीं, सिंदरी एसडीपीओ प्रकाश चंद्र महतो ने कहा कि मारपीट की सूचना मिली है, लेकिन फायरिंग की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच में जुटी है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है।

अंचल कार्यालयों में भ्रष्टाचार पर कार्रवाई की मांग

बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी सीओ पर हो सख्ती : ब्रजेंद्र सिंह

धनबाद : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कोऑर्डिनेशन कमेटी के सदस्य ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने राज्य सरकार से अंचल कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि बिहार की तरह झारखंड में भी भ्रष्टाचार में लिप्त अंचल अधिकारियों (सीओ) के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाने चाहिए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके। ब्रजेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि कई अंचल कार्यालयों में जमीन से जुड़े मामलों की फाइलें जानबूझकर लंबित रखी जाती हैं। अधिकारी और कर्मचारी तरह-तरह के बहाने बनाकर लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने के लिए मजबूर करते हैं। इससे आम नागरिकों को आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को अंचल कार्यालयों की कार्यप्रणाली की नियमित निगरानी करनी चाहिए तथा भ्रष्टाचार की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस जनता के साथ मिलकर आंदोलन का रास्ता अपनाने को बाध्य होगी।

---

16 जून को गिरिडीह डीसी कार्यालय पर होगी असंगठित मजदूर मोर्चा की चेतावनी रैली

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

असंगठित मजदूर मोर्चा

धनबाद : असंगठित मजदूर मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को धनबाद सर्किट हाउस में केंद्रीय अध्यक्ष सह सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में गिरिडीह के बालमुकुंद स्पंज फैक्ट्री में चल रहे आंदोलन को और तेज करने का निर्णय लिया गया। केंद्रीय महामंत्री निताई महतो ने बैठक का संचालन किया। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि मजदूरों और विस्थापितों के अधिकारों को लेकर 16 जून को गिरिडीह उपायुक्त कार्यालय के समक्ष विशाल चेतावनी रैली आयोजित की जाएगी। उन्होंने धनबाद और बोकारो इकाई के कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में शामिल होकर आंदोलन को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कोयलांचल क्षेत्र की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनियों में कार्यरत मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी तक नहीं मिल रही है। वहीं, रैयतों की जमीनों पर जबरन खनन कर कोयला उठाया जा रहा है, लेकिन प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा। इन मुद्दों को लेकर जल्द ही कोयलांचल में बड़े आंदोलन का शंखनाद किया जायेगा। बैठक में जुलाई माह में बोकारो, धनबाद और गिरिडीह में जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। इस दौरान दीप नारायण भट्टाचार्य, बिंदा पासवान, पवन महतो समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

लम्बित मामलों में आयी कमी, अपराध नियंत्रण पर धनबाद पुलिस की मजबूत पकड़

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

DHANBAD POLICE

धनबाद : जिले में अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों के निष्पादन को लेकर धनबाद पुलिस ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। मंगलवार की देर शाम जिला पुलिस मुख्यालय में आयोजित मई माह की अपराध समीक्षा बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ अपराध की स्थिति और कार्रवाई की समीक्षा की। बैठक में सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी एस. मोहम्मद याकूब, डीएसपी, एसडीपीओ तथा थाना प्रभारी मौजूद थे। समीक्षा के दौरान बताया गया कि मई माह में जिले में 420 नए कांड दर्ज हुए, जबकि 470 मामलों का निष्पादन किया गया। इसके साथ ही लंबित मामलों की संख्या 1887 से घटकर 1850 हो गई है। एसएसपी ने अगले दो माह में लंबित कांडों की संख्या 1600 से नीचे लाने का लक्ष्य निर्धारित किया। मई माह में 1277 लंबित वारंटों का निष्पादन करते हुए 25 वांछित अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वहीं 1250 पुराने मामलों में चार्जशीट अथवा अंतिम प्रतिवेदन न्यायालय में दाखिल किया गया। ऑनलाइन प्राप्त 398 शिकायतों में से 376 का निस्तारण किया गया तथा 1884 लोगों को चरित्र प्रमाण पत्र जारी किये गये। बैठक में सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम मोबाइल की बरामदगी अभियान की भी समीक्षा की गई। जून माह में एक हजार मोबाइल फोन बरामद करने का लक्ष्य तय किया गया है। आगामी मोहर्रम को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा अवैध हथियारों के खिलाफ विशेष टास्क फोर्स के माध्यम से अभियान तेज करने का निर्देश दिया गया। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए हेलमेट और यातायात नियमों के उल्लंघन के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखने का भी निर्णय लिया गया।

बैंक और ज्वेलरी दुकानों की सुरक्षा जांच में जुटी धनबाद पुलिस

धनबाद : जिले में बैंक शाखाओं और ज्वेलरी दुकानों की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए बुधवार को पुलिस ने विशेष जांच अभियान चलाया। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित बैंकों और आभूषण प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों की पड़ताल की। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अलार्म सिस्टम, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, सुरक्षा गार्डों की तैनाती, प्रवेश और निकास द्वारों की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक इंतजामों की बारीकी से जांच की। अधिकारियों ने बैंक प्रबंधकों और ज्वेलरी शॉप संचालकों से सुरक्षा तैयारियों की जानकारी भी ली। जांच के दौरान कुछ प्रतिष्ठानों में सुरक्षा संबंधी मामूली कमियां सामने आईं। कहीं सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था पर्याप्त नहीं मिली तो कहीं अन्य सुरक्षा उपायों में सुधार की आवश्यकता महसूस की गई। ऐसे मामलों में संबंधित प्रबंधन को तत्काल आवश्यक सुधार करने और निर्धारित सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने संचालकों को संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल स्थानीय थाना को देने, नकदी एवं बहुमूल्य आभूषणों की सुरक्षा के प्रति अतिरिक्त सतर्कता बरतने तथा कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रशिक्षित रखने की सलाह दी। एसएसपी श्री कुमार ने कहा कि चोरी, लूट और अन्य आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए इस तरह का निरीक्षण अभियान नियमित रूप से चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि संवेदनशील प्रतिष्ठानों की सुरक्षा और जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए धनबाद पुलिस पूरी तरह सतर्क और सक्रिय है।

सम्पादकीय.....

इस्लामाबाद की नाकामियां उजागर

पाकिस्तान के कब्जेवाले कश्मीर (पीओके) में आरक्षित सीटों के मुद्दे पर जिस तरह हिंसा भड़की, उसने इस्लामाबाद की नीतियों पर सवाल खड़े कर दिये हैं। सुरक्षाबलों की कार्रवाई, जॉइंट अवामी एक्शन कमिटी (जेएएसी) पर प्रतिबंध और जनता की बढ़ती नाराजगी से क्षेत्र में असंतोष गहराता जा रहा है। कहना गलत नहीं होगा कि पीओके में भड़की हिंसा इस्लामाबाद की नाकामियों को उजागर करती है। आज जो स्थितियां वहां दिख रही हैं, वे किसी साजिश अथवा अचानक भड़के गुस्से का परिणाम नहीं हैं। इसके मूल में है वर्षों का दबा असंतोष। इंटरनैशनल मीडिया की मानें, तो पीओके में इंटरनेट बंद है और सड़कों पर सेना का पहरा है। सुरक्षाबलों की गोलाबारी में कई नागरिकों की मृत्यु हुई है। संख्या अलग-अलग आ रही है, मगर भयभीत करनेवाली बात है कि कैसे एक सेना निहत्थे लोगों पर अपनी ताकत आजमा सकती है। इतनी सख्ती के बावजूद लोगों में आक्रोश है। इस बार यह मामला शुरू हुआ पीओके की विधानसभा में 12 आरक्षित सीटों को लेकर। ये सीटें उन शरणार्थियों के लिए आरक्षित हैं, जो जम्मू-कश्मीर से होने का दावा करते हैं। लोगों को अंदेशा है कि उनका प्रतिनिधित्व कमजोर होगा और इस्लामाबाद का प्रभाव बढ़ेगा। दरअसल, जनसामान्य की चिन्ता को समझने के बजाय पाकिस्तान ने दमन का रास्ता अपनाया। आम लोगों की आवाज बनी जॉइंट अवामी एक्शन कमिटी (जेएएसी) को आतंकवाद निरोधी कानून के तहत प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया गया। इससे गुस्सा और भड़क उठा। जेएएसी पर प्रतिबंध का निर्णय पाकिस्तान की सबसे बड़ी विफलताओं में से एक है। यह संगठन आम लोगों की समस्या ; यथा महंगाई, बेरोजगारी, प्रशासनिक अव्यवस्था जैसे मुद्दों को लेकर खड़ा हुआ था। आज इसे जिस तरह का समर्थन मिल रहा है, उससे स्पष्ट है कि पाकिस्तान के शेष राजनैतिक दलों पर पीओके को भरोसा नहीं रहा। सर्वविदित है कि पाकिस्तान के कब्जेवाले कश्मीर में एक अन्तराल पर आन्दोलन भड़कता रहता है। तात्कालिक मुद्दे भले अलग-अलग लगते हों, लेकिन मूल कारण है पीओके को लेकर पाकिस्तान की सोच। अपने तमाम प्रोपेगेंडा के बावजूद पाकिस्तान ने कभी इस इलाके के विकास और जनता की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। यही कारण है कि आज यह पूरा क्षेत्र बदहाली का शिकार है। तिस पर इस्लामाबाद में बैठी सरकार उनके अधिकारों पर भी डाका डालने के फिराक में लगी रहती है। प्रसंगवश, चर्चा आवश्यक है कि पाकिस्तान में मानवाधिकारों का उल्लंघन आम है। बलूचिस्तान से लेकर पीओके तक, पूरी कमान वहां की सेना के हाथ में है। राजनैतिक विरोधी और असहमति जतानेवाले लोग वहां जिस तरह गायब हो जाते हैं या उनकी हत्या हो जाती है, इसे लेकर संयुक्त राष्ट्र भी चिन्ता व्यक्त कर चुका है। स्थितियों के मद्देनजर भारत के विदेश मंत्रालय की यह बात बिलकुल ठीक है कि पीओके में पाकिस्तान अपनी विफलताओं को छिपाने की नीयत से हताशा पूर्ण प्रयास कर रहा है। वैसे भी उसकी निर्लज्जता सर्वविदित है। जनता का आक्रोश उसके लिए कोई मायने नहीं रखता।

'मिसिंग मिडिल' की चुनौती व आर्थिक सुरक्षा का प्रश्न

विशेष | डॉ. प्रियंका सौरभ

किसी भी आधुनिक अर्थव्यवस्था में मध्यम वर्ग को विकास का इंजन माना जाता है, क्योंकि उसकी आय और आकांक्षाएं उत्पादन तथा बाजार; दोनों को संचालित करती हैं। भारत में भी मध्यम वर्ग को भविष्य के आर्थिक विकास, सामाजिक स्थिरता और लोकतांत्रिक मजबूती का आधार माना जाता है। इसके बावजूद एक विडम्बना यह है कि भारतीय मध्यम वर्ग का बड़ा हिस्सा स्वयं आर्थिक रूप से सुरक्षित नहीं है। वह गरीबी से ऊपर तो उठ चुका है, लेकिन स्थायी समृद्धि और सुरक्षा तक नहीं पहुंच पाया है। यही स्थिति अर्थशास्त्र में मिसिंग मिडिल अर्थात लुप्त या कमजोर मध्य वर्ग की परिघटना के रूप में पहचानी जाती है।

भारत आज विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। वैश्विक मंच पर उसकी बढ़ती आर्थिक शक्ति, विशाल युवा आबादी, डिजिटल क्रांति और बढ़ते उपभोक्ता बाजार की चर्चा लगातार हो रही है। इस विकास यात्रा के केंद्र में यदि कोई सामाजिक-आर्थिक वर्ग सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है तो वह है भारत का मध्यम वर्ग। यही वर्ग देश में उपभोग बढ़ाता है, बचत करता है, निवेश करता है, कर देता है, शिक्षा और कौशल में निवेश करता है तथा आर्थिक गतिविधियों को निरंतर गति प्रदान करता है। किसी भी आधुनिक अर्थव्यवस्था में मध्यम वर्ग को विकास का इंजन माना जाता है क्योंकि उसकी आय और आकांक्षाएं उत्पादन तथा बाजार दोनों को संचालित करती हैं। भारत में भी मध्यम वर्ग को भविष्य के आर्थिक विकास, सामाजिक स्थिरता और लोकतांत्रिक मजबूती का आधार माना जाता है। इसके बावजूद एक विडंबना यह है कि भारतीय मध्यम वर्ग का बड़ा हिस्सा स्वयं आर्थिक रूप से सुरक्षित नहीं है। वह गरीबी से ऊपर तो उठ चुका है, लेकिन स्थायी समृद्धि और सुरक्षा तक नहीं पहुंच पाया है। यही स्थिति अर्थशास्त्र में मिसिंग मिडिल अर्थात लुप्त या कमजोर मध्य वर्ग की परिघटना के रूप में पहचानी जाती है।

'मिसिंग मिडिल' का आशय उस स्थिति से है जिसमें समाज में गरीबों और अमीरों के बीच स्थित मध्यम वर्ग पर्याप्त रूप से मजबूत नहीं होता या उसकी आर्थिक स्थिति इतनी स्थिर नहीं होती कि वह किसी संकट का सामना कर सके। भारत में लाखों परिवार ऐसे हैं जो आय के आधार पर मध्यम वर्ग में गिने जाते हैं, लेकिन उनके पास पर्याप्त बचत, सामाजिक सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच या दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता नहीं होती। परिणामस्वरूप वे किसी बीमारी, नौकरी जाने, व्यवसाय में नुकसान या आर्थिक मंदी जैसी परिस्थितियों में तेजी से आर्थिक संकट में फंस सकते हैं। कोविड-19 महामारी ने इस वास्तविकता को बहुत स्पष्ट रूप से सामने ला दिया था। महामारी के दौरान लाखों ऐसे परिवार, जो स्वयं को मध्यम वर्ग का हिस्सा मानते थे, अचानक आय के स्रोत समाप्त होने, चिकित्सा खर्च बढ़ने और रोजगार अस्थिर होने के कारण आर्थिक कठिनाइयों में आ गए। इससे यह स्पष्ट हुआ कि भारत का मध्यम वर्ग संख्या में बड़ा होने के बावजूद सुरक्षा के मामले में कमजोर है।

भारतीय मध्यम वर्ग की सबसे बड़ी शक्ति उसकी उपभोग क्षमता है। देश में घर, वाहन, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं, शिक्षा, स्वास्थ्य, बीमा, पर्यटन और डिजिटल सेवाओं की मांग का बड़ा हिस्सा इसी वर्ग से आता है। जब मध्यम वर्ग की आय बढ़ती है तो वह अधिक वस्तुओं और सेवाओं की खरीद करता है, जिससे उद्योगों का विस्तार होता है, निवेश बढ़ता है और नए रोजगार सृजित होते हैं। यही कारण है कि विकसित देशों की आर्थिक सफलता के पीछे मजबूत मध्यम वर्ग को एक प्रमुख कारक माना जाता है। भारत भी यदि विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है तो उसे अपने मध्यम वर्ग को अधिक मजबूत और सुरक्षित बनाना होगा। लेकिन वर्तमान में यह वर्ग कई प्रकार की चुनौतियों से घिरा हुआ है।

सबसे पहली चुनौती रोजगार की गुणवत्ता और स्थिरता से जुड़ी है। भारत में रोजगार का एक बड़ा हिस्सा अभी भी असंगठित क्षेत्र में है। यहां कार्यरत लोगों को नियमित वेतन, भविष्य निधि, पेंशन, स्वास्थ्य बीमा या अन्य सामाजिक सुरक्षा लाभ नहीं मिलते। शिक्षित युवाओं की बड़ी संख्या भी ऐसी नौकरियों में काम कर रही है जो उनकी योग्यता के अनुरूप नहीं हैं। रोजगार के अवसर तो बढ़ रहे हैं, लेकिन उनमें से कई अस्थायी, संविदा आधारित या कम वेतन वाले हैं। गिग अर्थव्यवस्था और प्लेटफॉर्म आधारित रोजगार ने नए अवसर तो पैदा किए हैं, लेकिन उनमें भी दीर्घकालिक सुरक्षा का अभाव है। ऐसे में मध्यम वर्ग के लिए भविष्य की आर्थिक योजना बनाना कठिन हो जाता है। दूसरी बड़ी चुनौती स्वास्थ्य और शिक्षा के बढ़ते खर्च की है। भारत में गुणवत्तापूर्ण सरकारी स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं की सीमित उपलब्धता के कारण मध्यम वर्ग को निजी संस्थानों पर निर्भर रहना पड़ता है। बच्चों की शिक्षा, कोचिंग, उच्च शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर होने वाला व्यय परिवारों की आय का बड़ा हिस्सा खा जाता है। किसी गंभीर बीमारी या दुर्घटना की स्थिति में वर्षों की बचत समाप्त हो सकती है। अनेक अध्ययन बताते हैं कि भारत में स्वास्थ्य पर होने वाला व्यक्तिगत खर्च आज भी काफी अधिक है। यह स्थिति मध्यम वर्ग को आर्थिक रूप से असुरक्षित बनाती है और उसे लगातार वित्तीय दबाव में रखती है।

तीसरी चुनौती महंगाई और जीवन-यापन की बढ़ती लागत है। महानगरों और बड़े शहरों में आवास, परिवहन, ऊर्जा, भोजन और अन्य आवश्यक सेवाओं की कीमतों में लगातार वृद्धि हुई है। हालांकि आय में भी वृद्धि होती है, लेकिन कई बार वह महंगाई की गति के अनुरूप नहीं होती। परिणामस्वरूप वास्तविक आय और क्रय शक्ति प्रभावित होती है। मध्यम वर्ग को अपने जीवन स्तर को बनाए रखने के लिए अधिक ऋण लेना पड़ता है। गृह ऋण, वाहन ऋण, शिक्षा ऋण और उपभोक्ता ऋणों का बढ़ता बोझ भी वित्तीय असुरक्षा को बढ़ाता है।

नफरत की आंधी में मुहब्बत का दीपक

गौरतलब | निर्मल रानी

इस अग्निकांड में रियाजुद्दीन नामक एक मुस्लिम गद्दा व्यापारी ने अपनी सूझबूझ, तत्परता व मानवता के चलते अग्निकांड में फंसे लगभग 15 लोगों की जान बचा कर काफी सुर्खियां बटोरीं। घटनास्थल के करीब ही रियाजुद्दीन की गद्दों (मैट्रेस) की दुकान है। रियाजुद्दीन व उनके बेटे ने आग की लपटें बढ़ते ही अपने नफे-नुकसान की परवाह किये बिना अपनी दुकान के सारे गद्दे जलते हुए भवन के ठीक नीचे एक पर एक रख कर बिछा दिये।

दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में गत 3 जून को हुए एक भीषण अग्निकांड की घटना घटित हुई। बताया जाता है कि इस अग्निकांड के परिणाम स्वरूप 21 लोगों की मौत आग से झुलसने या धुएँ में दम घुटने की वजह से हो गयी। कहा जा रहा है कि मृतकों में 9 भारतीय जबकि 12 विदेशी नागरिक थे। इस अग्निकांड में स्थानीय लोगों द्वारा लगभग 49 लोगों को उनकी जान बचाकर सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस अग्निकांड में रियाजुद्दीन नामक एक मुस्लिम गद्दा व्यापारी ने अपनी सूझबूझ,तत्परता व मानवता के चलते अग्निकांड में फंसे लगभग 15 लोगों की जान बचाकर काफी सुर्खियां बटोरीं। घटनास्थल के करीब ही रियाजुद्दीन की गद्दों (मैट्रेस) की दुकान है। रियाजुद्दीन व उनके बेटे ने आग की लपटें बढ़ते ही अपने नफे-नुकसान की परवाह किये बिना अपनी दुकान के सारे गद्दे जलते हुये भवन के ठीक नीचे एक पर एक रखकर बिछा दिये। इनके अतिरिक्त अफजल, मोहम्मद शाहरुख , मोहम्मद अनीस, मोहम्मद आमिर और मोहम्मद वसीम ने भी अपनी जान पर खेल कर लोगों की जान बचाने में मदद की। नतीजतन लगभग 15 प्रभावित लोगों ने जलते हुये भवन की खिड़कियों से उन्हीं गद्दों पर कूद कर अपनी जान बचाई। हालाँकि इस दौरान रियाजुद्दीन के करीब 2 लाख रुपए के गद्दे क्षति ग्रस्त हो गये। आज स्थानीय लोग यह कहने को मजबूर हैं कि रियाजुद्दीन ने फरिश्ता बनकर लोगों की जान बचाई। रियाजुद्दीन व उनके बेटे के इस समझदारी भरे साहसिक कार्य के लिये उनकी चौतरफा प्रशंसा की जा रही है। लोग उनके गद्दों की क्षतपूर्ति के लिये व उनके साहसिक कार्य के लिये उनसे मिल रहे हैं उन्हें सम्मानित कर रहे हैं यहाँ तक कि उन्हें आर्थिक सहायता दे रहे हैं। उधर रियाजुद्दीन ने उन्हें आर्थिक सहायता देने वालों से पैसे न भेजने की अपील की है। स्थनीय भाजपा विधायक सतीश उपाध्याय ने इनकी तारीफ करते हुये कहा कि 'आज के जांबाजों को सलाम। हौज रानी, मालवीय नगर में लगी भीषण आग के दौरान इन साहसी नागरिकों ने मदद की और यहां तक कि लोगों को सीपीआर भी दिया। मुझे आप पर बहुत गर्व है। यही इंसानियत है, जो सबसे ऊपर है और सबसे बड़ा धर्म है।' निश्चित रूप से यह घटना इंसानियत व धर्म से ऊपर साहस व मानवता की मिसाल बन गई है। एक मुस्लिम व्यापारी ने अपने आर्थिक नुकसान की परवाह किए बिना हिन्दू व अन्य धर्मों के लोगों की जान बचाई, और हिन्दू विधायक व अनेक संस्थाओं ने उसे सम्मान व नकद इनाम दिया।

आज का इतिहास

- कैप्टन जेम्स कूक ने 1770 में ऑस्ट्रेलिया के ग्रेट बैरियर रीफ की खोज की।
- अमेरिका की स्वतंत्रता का घोषणा पत्र तैयार करने के लिए 1776 में समिति बनायी गयी।
- इलाहाबाद उच्च न्यायालय की स्थापना 1866 में हुई। इसे पहले आगरा उच्च न्यायालय के नाम से जाना जाता था।
- न्यूजीलैंड ने 1901 में क्रुक द्वीप पर कब्जा किया।
- ब्राजील में महिलाओं को 1921 में चुनाव में मत देने का अधिकार प्रदान किया गया।
- एडविन आर्मस्ट्रांग ने 1935 में पहली बार एफएम का प्रसारण किया।
- इटली के जेनेवा तोरन पर 1940 में ब्रिटेन ने बमबारी की।
- यूरोपीय देश इटली ने 1940 में मित्र देशों के खिलाफ लड़ाई की घोषणा की।
- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1940 में इटली की वायु सेना ने पहली बार माल्टा द्वीप पर हमला किया।
- अमेरिका और तत्कालीन सोवियत संघ ने 1942 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान लैंड-लीज समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- ब्रिटिश सेना ने 1943 को भूमध्यसागर में स्थित सिसली द्वीप के दक्षिण में स्थित एक छोटे से द्वीप पैंटेलेरिया पर हमला किया।
- अमेरिका के 15 लड़ाकू विमानों ने 1944 में मारियाना द्वीप समूह में स्थित जापान के आधार शिविर पर हमला किया।
- अमेरिका में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1947 में पूर्ण रूप से चीनी की रसद खत्म हुई।
- पहले मैग्निशियम जैट हवाई जहाज ने 1955 में उड़ान भरी।
- प्रथम भारतीय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की इच्छानुसार 1964 में उनकी अस्थियों की भस्म पूरे देश में बिखेरी गयी।
- पहली बार अश्वेत समुदाय के एबट, पॉल बोटेग और बर्नी को 1987 को ब्रिटेन में संसद सदस्य चुना गया।

● किसने क्या कहा

राष्ट्रसेवा और विकसित भारत के लिए नये जोश से काम जारी रखेगा एनडीए

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

आईएएस को केवल नौकरी नहीं, संविधान और राष्ट्र के प्रति आजीवन प्रतिबद्धता मानें

ओम बिरला
लोकसभा अध्यक्ष

अंकजाल - 8295

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

	21	20	17		35	27	11	12	
16		3				3		2	16
22	6		9		7		5		21
7		5		7		9		3	29
35	8		6		3				
				3		7		8	36
29	5		6		6		8		15
21		5		7		3		7	12
20	5		9				5		20
	13	17	33	30		10	23	30	

अंकजाल 8294 का हल

	12	13	35	30		12	16	22	
24	2	6	7	9		7	2	5	14
20	5	4	9	2		5	8	7	20
25	5	3	8	2	7		4	7	11
			5	7	8	9	2	3	34
35	8	5	6	7	3	6			
7	2	5		3	4	7	8	8	30
19	5	8	6		4	6	8	7	25
14	3	5	6		7	3	2	7	19
	18	23	12		33	31	18	22	

Jagrutidaur.com, Bangalore

जीवन का बड़ा सबक

पं. रामनाथ एक छोटी-सी जगह गुरुकुल में छात्रों को पढ़ाते थे। कृष्णनगर के राजा शिवचंद्र को यह पता लगा तो उन्हें बहुत दुख हुआ कि ऐसा महान विद्वान भी गरीबी में रह रहा है। एक दिन वह स्वयं पंडितजी से मिलने उनकी कुटिया में जा पहुंचे और बोले-पंडित जी, मैं आपकी कुछ सहायता करना चाहता हूं। पं. रामनाथ ने कहा-राजन, भगवान की कृपा ने मेरे सारे अभाव मिटा दिए हैं। मुझे अब कोई आवश्यकता नहीं रही। राजा बोले-मैं घर खर्च के बारे में पूछ रहा हूं। हो सकता है उसमें कुछ परेशानी होती हो। उन्हें जवाब मिला-इस बारे में तो गृहस्वामिनी अधिक जानती हैं। आप उन्हीं से पूछ लें। यह सुनकर राजा गृहिणी के पास जा पहुंचे-माता, आपके घर के खर्च के लिए कोई कमी तो नहीं? गृहिणी का जवाब था-भला सर्व-समर्थ परमेश्वर के रहते उनके भक्तिं को क्या कमी रह सकती है। पहनने को कपड़े हैं। सोने को बिछौना है। पानी रखने के लिए मिट्टी का घड़ा है। भोजन की खातिर विद्यार्थी सीधा ले आते हैं। बाहर खड़ी चौलाई का साग हो जाता है। इससे अधिक की जरूरत भी क्या है? राजा श्रद्धावनत हो गए, फिर भी बोले-हम चाहते हैं कि आपको कुछ गांवों की जागीर प्रदान करें। इससे आपको भी अभाव नहीं रहेगा और गुरुकुल भी ठीक से चलता रहेगा।

सुविचार

दीपक के प्रकाश की तरह अच्छे काम की ख्याति भी चारों और फैलती है।
विलियम शेक्सपियर

आशा कभी आपको छोड़ कर नहीं जाती है, आप इसे छोड़ते हैं।
जॉर्ज वीनवर्ग

आखिर परीक्षाओं के प्रति हम कब गम्भीर होंगे ?

गिरीश्वर मिश्र

राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षाओं की छीछालेदर देखते हुए यह सवाल उठाना बेहद जरूरी हो गया है कि सरकार कब इस विषय पर गंभीर होगी और कुछ निर्णायक कदम उठाएगी। ऐसी परीक्षाओं की साख बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। बार-बार नीट जैसी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में गड़बड़ी होना अक्षम्य है। पिछली बार की गड़बड़ी से सबक न लेते हुए एनटीए ने इस बार की परीक्षा की बलि ले ली और लाखों छात्रों को मुश्किल में डाल दिया। पहले की तरह सरकार की ओर से जांच-पड़ताल की कार्रवाई की सूचना जारी हो चुकी है। संसद की स्थायी समिति ने भी काम शुरू कर दिया है। समिति के सदस्य माननीय सांसद एनटीए से 'पेपर लीक' की परिभाषा पूछने और जानने में लगे हुए हैं। अखबारी खबर के अनुसार एनटीए का कहना है कि 'गेस पेपर' यानी अनुमानित प्रश्न को 'पेपर लीक' नहीं कहा जा सकता इसलिए जो भी हुआ वह पेपर लीक ही नहीं है। बात कानूनी अर्थ लगाने की है। अब यदि कोई अभ्यर्थी या अध्यापक या फिर कोचिंग संस्थान प्रश्नपत्र का सटीक अनुमान लगा ले तो क्या किया जा सकता है? मेधावी लोग कुछ भी कर सकते हैं। स्थिति हास्यास्पद हो रही है क्योंकि सभी अपने-अपने दायित्व को मुस्तैदी से निभाने की ज़िम्मेदारी निभाते दिखने की भारी-भरकम कवायद में जुटे हुए हैं। यह अद्भुत दृश्य उपस्थित है : वे यही कह रहे हैं कि जो है या जो हुआ वह स्वाभाविक है यानी वही हो ही सकता था ! परीक्षा की नई तारीख मुकर्रर कर दी गई है। भगवान करे वह परीक्षा बिना किसी विवाद के हो जाय और युवा वर्ग को अपने जीवन के पथ पर चलने का एक अवसर मिले। गौरतलब है कि अन्य परीक्षाओं में भी धांधली की अनेक घटनाएँ सामने आती रही हैं और अनुचित साधनों का इस्तेमाल कर फायदा उठाने के मसले भी पकड़ में आते रहे हैं। अक्सर इन मामलों में समय पर कार्रवाई नहीं होती या फिर कार्रवाई ही नहीं होती। जो भी हो अक्सर अपराधी दण्डित नहीं हो पाते। दूसरी तरफ बहुत से निरपराधियों को बेगुनाह होते हुए भी नाहक ही अच्छा-खासा नुकसान उठाना पड़ता है। व्यवस्था अपनी जगह चलती रहती है। सच कहा जाय तो यह समस्या सुविधा और शार्टकट के सहारे सस्ते में लाभ कमाने की व्यापक होती जा रही संस्कृति का ही हिस्सा है। पैसा कमाने की चाह जाने कितने तरह के अनैतिक , भ्रष्ट और आपराधिक किस्म के गलत कामों को प्रोत्साहन देती है।

कुछ दिनों पहले नीट मामले में यह खबर भी आई थी कि कुछ अध्यापक जिन्हें एनटीए ने योग्य माना और परीक्षा के गोपनीय कार्य में लगाया उन्होंने फौरी अर्थ लाभ पाने की आशा से परीक्षा के प्रश्न पत्र के साथ छेड़खानी की और पेपर लीक हो गया था। उन अध्यापकों को गिरफ्तार भी किया गया था। इस समस्या का एक नया आयाम डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग सें भी जुड़ गया है। इंटरनेट की सुविधाएं , सर्च इंजिन और सर्वर आदि की समस्या के कारण परीक्षा से जुड़े कामों में बाधा उत्पन्न होती है। सीबीएसई के ताजा मामले में कुछ यही हुआ है जिसे अब आईआईटी की तकनीकी सहायता से दूर किया जा रहा है। यह विडंबना ही कही जाएगी कि शिक्षण और परीक्षण के बीच अब दो फाँक हो चुकी है। पढ़ने वाला, पढ़ाने वाला और पढ़ाई की पड़ताल करने वाला और जीविका देने वाला धीरे-धीरे एक-दूसरे से दूर होते गए हैं।

वातानुकूलित कमरे में बैठ कर क्रान्ति की कड़वी बातें

गौरतलब | राधा रमण

बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बताया कि इंडिया गठबंधन के नेता मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), वोटर लिस्ट में हेरफेर और चुनाव की निष्पक्षता पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को चिट्ठी लिखेंगे। इसके अलावा बैठक में शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की गयी। देश में आर्थिक स्थिति की बदहाली, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और किसानों के मसले पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की सरकार से मांग की गयी।

राजनीति की डगर उबड़-खाबड़ होती है, पथरीली होती है। चिलचिलाती धूप में चलना होता है। सड़क पर विरोध-प्रदर्शन करना होता है। नारेबाजी करनी होती है, जेल जाना होता है और जरूरत पड़ने पर पुलिस की लाठियां भी खानी पड़ती है। वातानुकूलित कमरों में बैठकर तो सिर्फ मीठी-मीठी बातें होती है। क्या आपको लगता है कि देश के सियासी दल खासकर विपक्ष के दल सड़क पर उतरने की हालत में हैं? मुझे तो ऐसा नहीं लगता।

लगभग दो साल बाद विपक्षी दलों के गठबंधन (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्ल्यूसिव अलायंस) की बैठक नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में हुई, जिसमें पांच मुद्दों पर सहमति की बात कही गई। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बताया कि इंडिया गठबंधन के नेता मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), वोटर लिस्ट में हेरफेर और चुनाव की निष्पक्षता पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को चिट्ठी लिखेंगे। इसके अलावा बैठक में शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की गई। देश में आर्थिक स्थिति की बदहाली, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और किसानों के मसले पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की सरकार से मांग की गई।

अब इसका विश्लेषण करते हैं। एसआईआर को लेकर पहले भी विपक्ष के कई दल सुप्रीम कोर्ट जा चुके हैं और मुंह की खाकर लौटे हैं। अब सीजेआई को पत्र लिखने से क्या नया हो जाएगा? नीट पेपर लीक और सीबीएसई 12वीं बोर्ड की नई ऑनस्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) को लेकर राहुल गांधी लंबे समय से शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। अभी तक इस्तीफा नहीं मिला। मिलने की उम्मीद भी कम है क्योंकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 2015 में ही स्पष्ट कर चुके हैं कि यह सरकार इस्तीफा देने वाली नहीं है। तबसे सरकार उसी लकीर पर चल रही है। बीच में कई मामले आए, चाहे वह तत्कालीन गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी का मामला हो, मंत्री कौशल किशोर का हो, बंदी संजय का हो, ब्रजभूषण शरण सिंह का हो अथवा हरदीप पुरी का हो, पिछले 12 वर्षों में एमजे अकबर के अलावा किसी ने इस्तीफा नहीं दिया है। अकबर का मामला भी अपवाद कहा जा सकता है क्योंकि प्रधानमंत्री ने उनसे इस्तीफा नहीं मांगा था। मीटू में नाम आ जाने और चरित्र हनन से आजिज आकर उन्होंने खुद ही पद छोड़ दिया था। अब बात सर्वदलीय बैठक बुलाने की करते हैं। अगर विपक्ष के पास देश की बदहाल आर्थिक स्थिति से निकलने, महंगाई पर अंकुश लगाने, बेरोजगारी दूर करने और किसानों की आय बढ़ाने का कोई रोडमैप है, तो उसे जनता को बताना चाहिए। हो सकता है सरकार भी उससे सीख लेती। फिर क्या सरकार इन मुद्दों के प्रति गंभीर नहीं है? कृषि मंत्री संसद के पिछले सत्र में ही कह चुके हैं कि सरकार के प्रयास से किसानों की आय दोगुनी हुई है। तब संसद में बैठे विपक्ष के लोग क्या कर रहे थे।

राशिफल

मेष परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़ कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।	**तुला** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवासए मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी सम्भव है।
वृष जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें, तो अच्छा ही होगा।	**वृश्चिक** स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।
मिथुन परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।	**धनु** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की सम्भावना है। समय ठीक है।
कर्क किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें। व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। सचेत रहें।	**मकर** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा।
सिंह भ्रातृपक्ष में विरोध होने की सम्भावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।	**कुंभ** महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें, तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।
कन्या शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।	**मीन** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। समय ठीक है।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक** : नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)** : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों की उपायुक्त ने की समीक्षा

शत-प्रतिशत बच्चों तक खुराक पहुंचाने के निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय पोलियो टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिले के सभी पात्र बच्चों तक पोलियो रोधी खुराक पहुंचाने पर जोर दिया गया। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अभियान के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पोलियो उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए यह सुनिश्चित किया जाये कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। इसके लिए विशेष रणनीति बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने सम्बन्धित विभागों को आपसी समन्वय के साथ जन-जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। विशेष रूप से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में अभिभावकों को पोलियो रोधी खुराक के महत्व के प्रति जागरूक करने पर बल दिया गया। बैठक में पोलियो बूथों की व्यवस्था, वैक्सीन की उपलब्धता, स्वास्थ्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति, प्रशिक्षण, निगरानी व्यवस्था तथा प्रचार-प्रसार संबंधी तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गयी। बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, अपर समाहर्ता सलमान जफर खिजरी, अनुमंडल पदाधिकारी दिनेश कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मेरी मड़की, सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन सहित जिला टास्क फोर्स के सदस्य, जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

जिले में अपराध नियंत्रण पर एसपी की मासिक समीक्षा में लम्बित मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश

लातेहार : पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में बुधवार को मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में बीते माह के दौरान जिले में घटित सभी महत्वपूर्ण आपराधिक मामलों की विस्तृत समीक्षा की गयी। इस दौरान लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन, अपराध नियंत्रण, पासपोर्ट एवं चरित्र सत्यापन, ई-डीएआर एंट्री तथा सीईआईआर पोर्टल के उपयोग की स्थिति का आकलन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। गोष्ठी में हत्या, लूट, बलात्कार, पॉक्सो सहित अन्य गम्भीर अपराधों से जुड़े मामलों में की गयी कार्रवाई की गहन समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों और पुलिस पदाधिकारियों से इन मामलों में गिरफ्तारी, उद्भेदन और अनुसंधान की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने तथा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियानों, वारंट एवं कुर्की निष्पादन, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी तथा तकनीकी संसाधनों के बेहतर उपयोग पर भी चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने सभी पदाधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ जनता से बेहतर समन्वय स्थापित करने पर बल दिया।

नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत, जागरूकता रथ को उपायुक्त व एसपी ने दिखायी हरी झंडी

लातेहार : राज्य सरकार के निर्देश पर राज्यव्यापी निषिद्ध मादक पदार्थ विरोधी जागरूकता अभियान की शुरूआत बुधवार को की गयी। इस अवसर पर उपायुक्त संदीप कुमार एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने समाहरणालय परिसर से नशा मुक्ति जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त तथा अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त ने पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलायी। इस मौके पर उपायुक्त संदीप कुमार ने कहा कि नशा केवल शरीर को ही नहीं, बल्कि व्यक्ति के सपनों और उसके भविष्य को भी बर्बाद कर देता है। नशे की लत से ग्रसित बच्चों और नागरिकों में कई प्रकार की मानसिक एवं शारीरिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग सरकार के इस अभियान में सहभागी बनें और नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।

एक झलक

दो बाइकों की भिड़ंत 04 घायल, 02 रेफर

घाघरा : गुमला मुख्य पथ के कसपोड़िया मोड़ के बीती रात दो बाइकों की सीधी भिड़ंत में चार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस के सहयोग से सभी घायल यात्रियों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, घाघरा लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों में बहादुरा निवासी जितेंद्र उरांव, सदानंद लोहरा, बड़काडीह निवासी आशीष महली और लालजीत उरांव शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जितेंद्र और सदानंद दोदांग से बहादुरा लौट रहे थे, वहीं विपरीत दिशा से आशीष व लालजीत अपने घर बड़काडीह जा रहे थे। कसपोड़िया मोड़ पर दोनों बाइकों की सीधी भिड़ंत हो जाने से सड़क पर विकराल दुर्घटना हुई और चारों को मामूली से लेकर गंभीर चोटें आयीं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने प्रारंभिक जांच के बाद जितेंद्र उरांव और लालजीत को बेहतर इलाज हेतु गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि अन्य दो का उपचार वहीं जारी है।

जमीन विवाद में हत्या मामले के दो और आरोपी गिरफ्तार

कोडरमा : चितरपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई हत्या के मामले में कोडरमा पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। 3 जून 2026 की रात हुए इस हमले में राजकुमार यादव की फरसा और कुदाल से मार कर हत्या कर दी गयी थी, जबकि तीन अन्य लोग घायल हुए थे। मृतक की पत्नी स्वेता देवी के आवेदन पर कोडरमा थाना कांड संख्या 113/2026 दर्ज किया गया था। पुलिस ने पहले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। अब सोनी देवी और यशोदा देवी उर्फ गीता देवी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

मवेशी चराने निकले वृद्ध की हत्या

पलामू : पलामू जिले के पांकी प्रखंड के करार पंचायत अंतर्गत नादगाद गांव निवासी 76 वर्षीय धनराज भुइयां की अज्ञात अपराधियों ने गला दबाकर और पत्थर से कूचकर हत्या कर दी। धनराज का शव गांव में सोनरे नदी किनारे से बुधवार सुबह बरामद की गई। दोपहर में मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) में शव का पोस्टमार्टम किया गया। घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैली हुई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने घटना की निष्पक्ष जांच कर मामले का उद्वेदन करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। परिजनों ने जमीन विवाद और किसी से दुश्मनी से इनकार किया है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह धनराज भुइयां मवेशियों को लेकर चराने निकले थे, लेकिन लौट कर घर नहीं आए। उनकी खोजबीन की जा रही थी। इसी क्रम में सोनरे नदी के किनारे उनका शव बरामद हुआ। शव को देखने से पता चलता था कि गला दबाने के बाद सिर को पत्थर से कुचलकर हत्या की गई गई है। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए और इसकी सूचना प्रशासन को दी गयी।

पंचायतों में बंद पड़ी बैंकिंग सुविधा, ब्लॉक मुख्यालय में चल रहे सीएसपी; ग्रामीणों ने उठाये सवाल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गारू (लातेहार) : गारू प्रखंड में ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) संचालकों की कार्यप्रणाली को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। पंचायतों में बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जारी की गई सीएसपी आईडी के बावजूद कई संचालक अपने निर्धारित क्षेत्रों में सेवा देने के बजाय ब्लॉक मुख्यालय में ही कारोबार संचालित कर रहे हैं। इससे गांवों में बैंकिंग सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं और लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार ने वित्तीय सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए सीएसपी केंद्रों की व्यवस्था की थी, ताकि लोगों को नकद निकासी, जमा, आधार आधारित भुगतान और अन्य बैंकिंग कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़े। लेकिन कई पंचायतों में सीएसपी केंद्र नियमित रूप से संचालित नहीं होने के कारण लोगों को ब्लॉक मुख्यालय का रुख करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, जिस पंचायत के नाम पर सीएसपी संचालकों को अनुमति और आईडी प्रदान की गई है, उन्हें वहीं सेवाएं देनी चाहिए। यदि संचालक पंचायत छोड़कर मुख्यालय में ही बैठेंगे, तो ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधा पहुंचाने की योजना का उद्देश्य अधूरा रह जायेगा। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगजनों को हो रही है। बैंकिंग कार्यों के लिए उन्हें कई किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त लागत बढ़ रही है।

डीडीसी ने पालकोट और कामडारा प्रखंड का किया सघन दौरा

गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरे करने के दिये निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से उप विकास आयुक्त (डीडीसी) गुमला अनिमेष रंजन ने पालकोट एवं कामडारा प्रखंड का सघन दौरा कर मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। दौरे के क्रम में उन्होंने पालकोट प्रखंड की उमरा पंचायत एवं कामडारा प्रखंड की सुरहू पंचायत में चल रही योजनाओं का औचक निरीक्षण कर उनके क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान डीडीसी ने मुख्य रूप से बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत संचालित आम बागवानी तथा बिरसा सिंचाई कूप योजना के अंतर्गत निमार्णाधीन कूपों का भौतिक सत्यापन किया। उन्होंने कार्यस्थल पर मौजूद अधिकारियों और तकनीकी टीम को निर्देश देते हुए कहा कि सभी योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर तथा गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरा किया जाए, ताकि वर्षा ऋतु से पूर्व किसानों को इन योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। उप विकास आयुक्त ने मनरेगा योजनाओं में पारदर्शिता बनाए रखने और मजदूरों को समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने का निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मनरेगा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के साथ-साथ स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण भी सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे किसानों और ग्रामीण परिवारों को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होगा।

हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : नेतरहाट थाना क्षेत्र में वर्ष 2023 में हुए हत्या के एक मामले में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, लातेहार की अदालत ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आरोपी को दोषी करार दिया है। अदालत ने नेतरहाट थाना कांड संख्या-14/2023 के अभियुक्त दिलेश्वर किसान उर्फ मधु किसान को हत्या के अपराध में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 50 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों, गवाहों के बयान तथा अनुसंधान में जुटाए गए तथ्यों का अवलोकन करने के बाद न्यायालय ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दोषी पाया। इसके बाद सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए अदालत ने उसे आजीवन कारावास एवं आर्थिक दंड से दंडित करने का आदेश दिया। दोषी करार दिया गया अभियुक्त दिलेश्वर किसान उर्फ मधु किसान, चौकती किसान का पुत्र है तथा नेतरहाट थाना क्षेत्र के कोरगी बटुआ टोला गांव का निवासी है। हत्या की इस घटना के बाद नेतरहाट थाना में कांड संख्या-14/2023 दर्ज कर पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू की गयी थी। अनुसंधान के दौरान जुटाये गये साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया था।

बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत एक दिवसीय आम महोत्सव बिक्री सह प्रदर्शनी का आयोजन

उन्नत किस्मों के आम बने आकर्षण का केन्द्र, किसानों को मिला सीधा बाजार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कुंडहित : कुंडहित प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में बुधवार को मनरेगा अंतर्गत संचालित बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत एक दिवसीय आम महोत्सव बिक्री सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख रामकिशोर मुर्मू, प्रखंड विकास पदाधिकारी जमाले राजा, जिला परिषद सदस्य रीना मंडल, पूर्व जिला परिषद सदस्य भजहरि मंडल, विधायक प्रतिनिधि शरम मंडल, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऑफिसर हेंब्रम, प्रखंड सचिव कुतुबुद्दीन खान, बीपीओ विधुत मुर्मू एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनोरंजन मिर्धा ने संयुक्त रूप से

दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम उत्पादक किसानों को सीधे बाजार उपलब्ध कराना तथा उनके उत्पादों का उचित मूल्य सुनिश्चित करना था। महोत्सव में प्रखंड की विभिन्न पंचायतों से पहुंचे प्रगतिशील किसानों ने अपने बागानों में उत्पादित आम की विभिन्न उन्नत किस्मों की प्रदर्शनी लगायी। प्रदर्शनी में आम्रपाली, दशहरी, मालदा, गुलाब खास सहित कई किस्मों के आम लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। आगंतुकों ने आमों की गुणवत्ता और विविधता की सराहना की तथा किसानों से सीधे खरीदारी भी की। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जमाले राजा ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना किसानों की आय बढ़ाने तथा क्षेत्र में बागवानी को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन किसानों को बाजार से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें बेहतर उत्पादन के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किसानों द्वारा प्रदर्शित आमों का अवलोकन किया तथा आम खरीदकर उनका उत्साहवर्धन किया। महोत्सव में बड़ी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

नहर बेड की जमीन पर अतिक्रमण कर बनाया गया घर, किसानों और स्कूली बच्चों की बढ़ी परेशानी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

डंडई (गढ़वा) : प्रखंड मुख्यालय डंडई स्थित यदुवंशी पेट्रोल पंप के समीप नहर की बेड भूमि पर अतिक्रमण कर एक व्यक्ति द्वारा मकान निर्माण किए जाने का मामला सामने आया है। इस अतिक्रमण के कारण आम लोगों, किसानों तथा स्कूली बच्चों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पूर्व से निर्मित नहर के किनारे का रास्ता गांव के लोगों के लिए महत्वपूर्ण आवागमन मार्ग रहा है। लेकिन नहर बेड पर मकान निर्माण होने से रास्ता संकरा हो गया है। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब नहर में पानी का प्रवाह शुरू होता है। उस दौरान लोगों को अतिक्रमित स्थल के पास नहर में उतरकर आगे बढ़ना पड़ता है। वहीं चारपहिया वाहनों का आवागमन भी लगभग पूरी तरह बाधित हो गया है। बताया जाता है कि दानरो जलाशय योजना की बाईं मुख्य नहर के इस हिस्से में अतिक्रमण की शुरूआत झोपड़ी निर्माण से हुई थी। विभाग के गैंग कुली शंकर विश्वकर्मा ने प्रारंभिक चरण में ही निर्माण कार्य रोकने का प्रयास किया था, लेकिन अतिक्रमणकारी ने उनकी चेतावनी को नजरअंदाज कर दिया। पहले झोपड़ी बनायी गयी और बाद में उसे स्थायी मकान का रूप दे दिया गया। शंकर विश्वकर्मा ने बताया कि जब झोपड़ी का निर्माण शुरू हुआ था, तभी उन्होंने सम्बन्धित व्यक्ति को रोकते हुए नहर बेड की भूमि की सीमा भी दिखा दी थी। इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी रहा। उन्होंने बताया कि लगभग एक सप्ताह पूर्व भी ईंट की चिनाई शुरू होने पर निर्माण रोकने का प्रयास किया गया था, लेकिन अतिक्रमणकारी ने कार्य जारी रखते हुए मकान पर खपड़ा भी लगा दिया। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जानकारी विभाग के वरीय अधिकारियों को दे दी गयी है।

कार्यपालक अभियंता नवीन महली ने कहा...
नहर की भूमि पर अतिक्रमण कर मकान निर्माण किए जाने की जानकारी विभाग को प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि नहर बेड की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए संबंधित जूनियर इंजीनियर (जेई) एवं सहायक अभियंता (एई) को आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। कार्यपालक अभियंता ने स्पष्ट कहा कि नहर की सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण स्वीकार नहीं किया जाएगा। अतिक्रमण करने वाले व्यक्ति को नियमानुसार भूमि से बेदखल किया जाएगा तथा बहुत जल्द अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जायेगी।

ठेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग, सौरभ श्रीवास्तव ने प्रशासन से की जांच की अपील

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : जिले में हाल के दिनों में जारी हुई विभिन्न निविदाओं (टेंडरों) को लेकर पारदर्शिता पर सवाल उठने लगे हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के युवा नेता सौरभ श्रीवास्तव ने इस मुद्दे को उठाते हुए उपविकास आयुक्त को आवेदन सौंपकर टेंडर प्रक्रियाओं की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। आवेदन में सौरभ श्रीवास्तव ने कहा है कि जिले के कई विभागों द्वारा जारी टेंडरों में अनियमितताओं और पारदर्शिता की कमी की शिकायतें मिल रही हैं। इससे न केवल प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं, बल्कि आम लोगों का भरोसा भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जिन

निविदाओं को लेकर विवाद और शिकायतें सामने आई हैं, उनकी समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई की जाये। साथ ही भविष्य में टेंडर प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया, ताकि सभी योग्य आवेदकों को समान अवसर मिल सके। सौरभ का कहना है कि टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं होने से कथित तौर पर सिंडिकेट संस्कृति को बढ़ावा मिलता है, जिससे स्थानीय स्तर पर कई योग्य लोगों को अवसर नहीं मिल पाते। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में उचित कदम नहीं उठाए गए तो लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन किया जाएगा और मामले को मीडिया व अन्य संवैधानिक मंचों पर भी उठाया जायेगा।

'आम उत्सव सह बागवानी मेला' का भव्य आयोजन

डीडीसी ने किया उद्घाटन, किसानों की आम प्रदर्शनी और विपणन प्रयासों की सराहना

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : ग्रामीण विकास विभाग के निदेर्शानुसार गुमला जिले के पालकोट प्रखंड में मनरेगा के तहत संचालित बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत 'आम उत्सव सह बागवानी मेला' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन उप विकास आयुक्त (डीडीसी) अनिमेष रंजन ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त ने आम बागवानी से जुड़े प्रगतिशील किसानों एवं लाभुकों से सीधा संवाद किया। उन्होंने किसानों की समस्याओं को सुना तथा उनके अनुभवों की जानकारी ली। मेले में स्थानीय किसानों द्वारा 15 से अधिक किस्मों के आमों की

आकर्षक प्रदर्शनी लगायी गयी थी। डीडीसी ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए किसानों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर डीडीसी ने 'प्रदान' एवं जेएसएलपीएस द्वारा समर्थित कृषि बागवानी सहकारी समिति, पालकोट तथा बसिया-पालकोट फार्मर कंपनी के कार्यों की विशेष रूप से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इन संस्थाओं ने किसानों को संगठित कर उनकी उपज के बेहतर विपणन की दिशा में सराहनीय कार्य किया है। कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि पालकोट सहकारी समिति ने अब तक लगभग 209 मीट्रिक टन आम के सफल विपणन की व्यवस्था सुनिश्चित की है। इससे क्षेत्र के किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्राप्त हुआ है और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।

एसआईआर के माध्यम से मतदाताओं के नाम हटाने की साजिश हो सकती है : कांग्रेस

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

सिसई (गुमला) : सिसई प्रखंड कांग्रेस के उत्तरी मंडल की ओर से मंडल अध्यक्ष जितेंद्र लोहरा के नेतृत्व में भुरसो पंचायत में एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) को लेकर पंचायत अध्यक्षों एवं कार्यकताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं को सतर्क रहने तथा बूथ स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। बैठक में मुख्य रूप से गुमला जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी, जिला महासचिव सह प्रखंड प्रभारी चंद्रशेखर उरांव, प्रखंड अध्यक्ष निलेश उरांव, जिला सचिव सह मंडल प्रभारी रजब अंसारी तथा करीम अंसारी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान पार्टी कार्यकताओं को विशेष रूप से सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रक्रिया के माध्यम से बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने का प्रयास किया जा सकता है। नेताओं ने दावा किया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में हजारों मतदाताओं के नाम कटने की संभावना है, इसलिए बूथ स्तर पर निगरानी बढ़ाने की जरूरत है।

जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा की अध्यक्षता में हुई जिला परिषद की सामान्य बैठक

आम जनता को त्वरित मिले सरकारी योजनाओं का लाभ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : जिला परिषद कार्यालय सभागार में जिला परिषद की महत्वपूर्ण सामान्य बैठक आहुत की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त अनिमेष रंजन, जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, जिला परिषद कार्यपालक पदाधिकारी ललन कुमार रजक, जिला परिषद कार्यपालक अभियंता बलि उरांव, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, विद्युत आपूर्ति पदाधिकारी विनय कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, अभियंता, जिला परिषद सदस्य एवं जनप्रतिनिधि मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक के दौरान पूर्व निर्धारित एजेंडे के तहत बिंदुवार समीक्षा की गई, जिसके अंतर्गत सर्वप्रथम दिनांक 09 मार्च 2026 को हुई जिला परिषद की पिछली सामान्य बैठक की

कार्यवाही की सर्वसम्मति से सम्पुष्टि की गई। इसके साथ ही पिछली बैठक में विभिन्न विभागों को दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की प्रगति रिपोर्ट देखी गई। इसके तहत जिला गव्य विकास, जिला पशुपालन, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जलपथ प्रमण्डल, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल एवं मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कार्यालय द्वारा प्राप्त अनुपालन प्रतिवेदन की विस्तृत समीक्षा की गयी। वित्तीय मामलों पर विचार करते हुए सदन द्वारा राजस्व मद से माह मार्च 2026 से मई 2026 तक किए गए व्यय का अनुमोदन किया गया। 15वें वित्त आयोग के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनाबद्ध मद में ली गई योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत कतिपय योजनाओं के स्थल या योजना परिवर्तन की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त जिला परिषद, गुमला के अंतर्गत आने वाले विभिन्न सैरातों एवं बाजार-हाटों की बंदोबस्ती की प्रक्रिया की समीक्षा की गयी। सदन में उपस्थित जिला परिषद सदस्यों और जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की जनसमस्याओं और विकास कार्यों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को भी बैठक में रखा। बैठक में पशुपालन, कृषि, जिला सहकारिता, जिला आपूर्ति, जिला उद्योग केंद्र, पेयजल एवं स्वच्छता, जिला स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, जिला समाज कल्याण, उद्यान विभाग, भूमि संरक्षण, विद्युत आपूर्ति, लघु सिंचाई प्रमंडल और ग्रामीण कार्य विभाग सहित अन्य सभी विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों की वास्तविक स्थिति, तकनीकी बाधाओं और उनके निवारण हेतु बनायी गयी आगामी योजनाओं से अध्यक्ष व सदन को अवगत कराया। जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा ने जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए सभी मामलों को बेहद गंभीरता से लिया और अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि आज की बैठक में तय किए गए प्रस्तावों और योजनाओं का क्रियान्वयन अगली बैठक से पूर्व समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित करें, ताकि धरातल पर आम जनता को सरकारी योजनाओं का त्वरित लाभ मिल सके।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के बाद ग्रामीणों का फूटा आक्रोश, 12 घंटे से सड़क जाम

चतरा : सिमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमरिया-बगरा-बालूमाथ मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत के बाद ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। जबड़ा पंचायत के संधली गांव निवासी प्रदीप बाखला की दुर्घटना में मौत से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजा एवं दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया है। जानकारी के अनुसार, सड़क जाम पिछले लगभग 12 घंटे से जारी है, जिसके कारण मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई है। यातायात पूरी तरह प्रभावित होने से राहगीरों और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परिजनों का आरोप है कि कोयला ढोने वाले एक वाहन द्वारा ओवरटेक किए जाने के दौरान यह हादसा हुआ, जिसमें प्रदीप बाखला की जान चली गई। मृतक अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उसके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक अपने पीछे तीन छोटे बच्चों सहित परिवार के अन्य सदस्यों को छोड़ गया है। घटनास्थल पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों ने चतरा उपायुक्त को घटनास्थल पर बुलाने की मांग की है और मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है।

एक झलक

चपरी में लगा नि:शुल्क आयुष हेल्थ कैम्प

नावाडीह (बेरमो) : नावाडीह प्रखंड के चपरी पंचायत भवन के समीप बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नावाडीह की ओर से एक दिवसीय निशुल्क आयुष हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया । इस दौरान मरीजों के निशुल्क जांच कर उनके बीच मुफ्त दवाई का वितरण किया गया। नावाडीह में आयुष चिकित्सक डा कंचन कुमारी ने कहा कि मनुष्य का स्वास्थ्य एक ऐसा धन है। जिसको किसी से खरीदा नहीं जा सकता और सिर्फ अपने आहार, जीवन शैल पर निर्भर रहता है। वर्तमान समय में मानव अपनी जीवन शैली में सुधार कर लेता है तो वह खुशहाल जिदगी यापन कर सकता है। उन्होंने बताया कि मनुष्य अपने मन को कैसे नियंत्रित कर सकता है। यह भी कहा कि अगर मनुष्य अपनी जीवन शैली के सुधार कर लेता है तो वह रोगमुक्त जीवन यापन कर सकता है। मनुष्य को रोजाना तीस मिनट योग और संतुलित आहार का प्रयोग करने पर जोर दी। यहां सहिया गीता देवी, ललिता देवी, सुमित्रा देवी, आरती देवी, सुषमा देवी के सहयोग से लगभग 75 मरीजों की जांच कर उनके बीच दवाई का वितरण किया गया। साथ ही बीपी की भी जांच की गयी।

जमीन विवाद से राहत पाने को टावर पर चढ़ा युवक

नावाडीह (बेरमो) : बुधवार की अहले सुबह करीब सात बजे जमीन विवाद से परेशान एक युवक मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया। टॉवर पर चढ़े युवक नावाडीह के बस्तेजिया निवासी तारकेश्वर महतो के इस कारनामे की सूचना से पूरा क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। देखते ही देखते लोगों की भीड़ टॉवर के समीप उमड़ पड़ी। सूचना पर नावाडीह मुखिया किरण देवी, विधायक प्रतिनिधि संदीप झारखंडी के अलावा स्वजन पहुंचे और युवक को हरसम्भव उतारने का प्रयास किया। किन्तु जब युवक टॉवर से उतरने को तैयार नहीं हुआ तो मामले की जानकारी नावाडीह पुलिस के अलावा नावाडीह बीडीओ व सीओ को दी गयी। सूचना पर नावाडीह सीओ अभिषेक कुमार, बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम, नावाडीह थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, अवर निरीक्षक मिथिलेश कुमार, विमल सिंह आदि पहुंचे और काफी प्रयास के बाद युवक को समझा बुझाकर लगभग 11 बजे टॉवर से नीचे उतारा। युवक के टॉवर से उतरते ही पुलिस युवक को थाना ले आयी।

पुलिस अधीक्षक ने किया नगर महिला थाना का औचक निरीक्षण

बोकारो : पुलिस अधीक्षक द्वारा नगर महिला थाना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उनके द्वारा थाना में लंबित कांडों की समीक्षा की गई तथा कांडों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही महिला सम्बन्धी मामलों के निष्पादन में संवेदनशीलता एवं तत्परता बरतने पर विशेष बल दिया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला थाना के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को शहर में महिलाओं की सुरक्षा एवं अपराधों की रोकथाम के दृष्टिकोण से संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में नियमित रूप से पिंक पेट्रोलिंग संचालित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने तथा किसी भी प्रकार की शिकायत पर त्वरित पुलिस कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु भी आवश्यक निर्देश दिये।

आम्रलिका महोत्सव 2026

किसानों और स्वयं सहायता समूहों को मिला बड़ा विपणन मंच

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बोकारो : बोकारो जिला परिषद कार्यालय परिसर में आयोजित आम्रलिका आम महोत्सव-2026 में जिले के जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, किसानों, स्वयं सहायता समूहों की दीदियों एवं आम उत्पादकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना तथा बागवानी आधारित आजीविका को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि आम्रलिका महोत्सव स्वाद, सुगंध और संस्कृति का संगम है। उन्होंने कहा कि किसी भी आयोजन की सफलता केवल बिक्री से नहीं, बल्कि उसमें शामिल लोगों के संतोष और खुशी से आंकी जाती है। उन्होंने बताया कि कोविड-19 के बाद राज्य सरकार और मुख्यमंत्री की प्रेरणा से बिरसा हरित ग्राम योजना को अभियान के रूप में आगे बढ़ाया गया है, जिसके तहत बोकारो जिले में लगभग 4,500 एकड़ से अधिक भूमि पर बागवानी विकसित की गई है और करीब 5,500 किसान इससे जुड़े हैं। उपायुक्त ने कहा कि भारत विश्व के कुल आम उत्पादन का लगभग 40 प्रतिशत उत्पादन करता है। यदि झारखंड की हरियाली, संस्कृति और मिठास को आम के साथ जोड़कर ब्रांडिंग की जाए तो राज्य के आम को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिल सकती है। उन्होंने लक्ष्य रखा कि आने वाले वर्षों में बोकारो के आम की मांग देशभर में

बढ़े और किसान सीधे बड़े बाजारों से जुड़ें। उन्होंने युवाओं से कृषि एवं बागवानी आधारित उद्योगों की ओर आगे बढ़ने की अपील की। साथ ही कहा कि आम प्रसंस्करण इकाइयों और एग्रो-बेस्ड उद्योगों के माध्यम से रोजगार के बड़े अवसर सृजित किए जा सकते हैं। डीएमएफटी एवं अन्य योजनाओं के माध्यम से महिला समूहों और किसान उत्पादक संगठनों को और अधिक सशक्त बनाने पर भी जोर दिया गया। जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी ने कहा कि आम किसानों के लिए आय का महत्वपूर्ण स्रोत बन रहा है और स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं इस क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने ऐसे आयोजनों को पंचायत स्तर तक ले जाने की आवश्यकता बताई। उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने कहा कि आम्रलिका महोत्सव का उद्देश्य किसानों को एक साझा मंच प्रदान करना है, जहां वे अपने उत्पादों का बेहतर विपणन कर सकें। उन्होंने बताया कि बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत भूमिहीन, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्ग एवं जरूरतमंद किसानों को फलदार पौधे उपलब्ध कराये जा रहे हैं तथा तकनीकी सहयोग भी दिया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्ष 2017 से अब तक जिले में लगभग 4,500 एकड़ बंजर भूमि को हरित क्षेत्र में परिवर्तित किया गया है। इस वर्ष अब तक जिले में 50 टन से अधिक आम उत्पादन दर्ज किया गया है। महोत्सव में मल्लिका, आम्रपाली और लंगड़ा जैसी प्रमुख किस्मों के आम प्रदर्शित एवं बिक्री के लिए उपलब्ध रहे। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता सुनील चन्द्र, एआरएम विनीत कुमार, चास एसडीओ प्रांजल ढांडा, एएसपी वेदांत शंकर सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं विभिन्न प्रखंडों के किसान, स्वयं सहायता समूह और आम उत्पादकों ने अपने उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री कर महोत्सव को सफल बनाया।

भक्तिमय वातावरण के बीच 02 दिवसीय श्री राम चरित मानस पाठ का समापन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झुमरी तिलैया : देवी मंडप के प्रांगण में आयोजित 02 दिवसीय अखंड श्री रामचरितमानस के अखंड पाठ का पूजा-अर्चना और पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया। रामचरितमानस पाठ मंगलवार से शुरू होकर बुधवार को समापन हुआ। इस मानस पाठ में क्षेत्र के काफी संख्या में लोग शामिल हुए और भक्ति मय वातावरण के बीच श्री राम चरित मानस के पाठ का श्रवण किया और भगवान से सुख शांति और समृद्धि की कामना की। वहीं, इस दौरान मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य कृष्ण मुरारी पाण्डेय ने कहा कि पुरुषोत्तम माह में श्रीरामचरितमानस का पाठ करने से साधक के जाने-अनजाने में हुए सभी पाप मिट जाते हैं और कथाओं और चौपाइयों के प्रभाव से क्षेत्र का वातावरण पवित्र बनता है और आपसी प्रेम बढ़ता है। इस पवित्र महीने में किए गए किसी भी धार्मिक कार्य का पुण्यफल कई गुना बढ़ जाता है, जिससे व्यक्ति को मनोवांछित फल की भी प्राप्ति होती है। वहीं शास्त्रों के अनुसार, इस मास में भगवान विष्णु और उनके अवतारों की कथा पढ़ने-सुनने से अंत में जन्म-मरण के बंधन से भी मुक्ति मिलती है। वहीं, इस पूजन के मौके कर सुरेश पाण्डेय, कृष्ण मुरारी पाण्डेय, बरुण पाण्डेय, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, छोटे लाल पाण्डेय, रमेश हर्षधर, माधव राम भार्गव, अनूप जोशी, हीरा लाल पाण्डेय, रविन्द्र पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, धनंजय पाण्डेय, ऋषि कांत पाण्डेय, विद्या भूषण पाण्डेय, शशि भूषण ओझा, इंदु भूषण ओझा, उमा शंकर पाण्डेय, अवध पाण्डेय, रामप्रसाद शर्मा, सुचित्रा देवी, समेत सैकड़ों की की संख्या में लोग मौजूद थे।

आधी रात को एसपी का सड़क पर औचक निरीक्षण

बोकारो : बोकारो स्टील सिटी क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और अपराध नियंत्रण को प्रभावी करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने आधी रात को सड़कों पर उतरकर रात्रि गश्ती और सुरक्षा व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। एसपी ने सिटी सेंटर, सेक्टर-4 और सेक्टर-6 थाना क्षेत्रों में चल रही रात्रि पेट्रोलिंग व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों पर एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन जांच करायी। सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ विशेष जांच अभियान भी संचालित किया गया। इस दौरान नशे की हालत में वाहन चलाने वालों की पहचान के लिए सघन जांच की गई और नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की गयी। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल को रात्रि गश्ती को और अधिक प्रभावी एवं सक्रिय बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण और आम नागरिकों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए हर स्तर पर सतर्कता जरूरी है। इस अवसर पर नगर पुलिस उपाधीक्षक एवं संबंधित थाना प्रभारी भी मौजूद रहे। उनके नेतृत्व में पूरे क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया गया और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गयी।

तिलैया डैम एडवेंचर पार्क एवं मत्स्य आहार मिल का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

गुणवत्तापूर्ण कार्य व पौधरोपण के दिये निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कोडरमा : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने तिलैया डैम स्थित एडवेंचर पार्क का निरीक्षण कर वहां संचालित विभिन्न परियोजनाओं एवं विकास कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्क परिसर में चल रहे सभी प्रोजेक्ट कार्यों का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पार्क परिसर को और अधिक आकर्षक एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर पौधरोपण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हरित वातावरण से पार्क की सुंदरता बढ़ेगी तथा पर्यटकों को बेहतर अनुभव प्राप्त

होगा। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने तिलैया डैम स्थित मत्स्य आहार मिल का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने फिश फीड (मत्स्य आहार) निर्माण की पूरी प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की तथा उत्पादन क्षमता एवं कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने मिल परिसर में साफ-सफाई बनाये रखने तथा उत्पादन कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित करने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त रवि जैन, जिला खेल पदाधिकारी तुषार राय, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुजूर, प्रखंड विकास पदाधिकारी समित, अंचल अधिकारी अशोक भारती सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

पोते की हत्या के मामले में दादी को आजीवन सश्रम कारावास, 25 हजार जुर्माना भी लगाया

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कोडरमा : अपने ही पोते की हत्या के एक गंभीर मामले में अदालत ने दोषी दादी को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा की अदालत ने आरोपी रेखा देवी (53 वर्ष), पति मनोज यादव, निवासी गझंडी, जिला कोडरमा को हत्या का दोषी करार देते हुए यह सजा दी। साथ ही अदालत ने उस पर 25,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने की स्थिति में आरोपी को तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। यह मामला वर्ष 2025 का है, जिसमें तिलैया थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक मासूम बच्चे की हत्या का आरोप सामने आया था। मृतक बच्चे की मां पूनम देवी ने तिलैया थाना में आवेदन देकर अपने सास-ससुर एवं अन्य परिजन पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की थी। इस आधार पर तिलैया थाना कांड संख्या 123/2025 दर्ज किया गया और पुलिस ने जांच प्रारंभ की। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि होली के समय मृतक के पिता अरविंद कुमार का शराब के नशे में अपनी मां रेखा देवी के साथ विवाद हुआ था। इसी विवाद के बाद परिवार में तनाव बढ़ गया था। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते बच्चे को निशाना बनाया गया। पुलिस जांच के दौरान रेखा देवी ने स्वीकार किया कि उसने कपड़ा टांगने वाली रस्सी से बच्चे की गला दबाकर हत्या की। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक प्रवीण कुमार सिंह ने अदालत में पक्ष रखा और आठ गवाहों का परीक्षण कराया।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा की अदालत ने सुनायी सजा

जन समाधान में विधवा महिला को मिली राहत

ऑन स्पॉट स्वीकृत हुई पेंशन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने जन समाधान कार्यक्रम के तहत समाहरणालय सभाकक्ष में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान आमजनों ने अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से उपायुक्त को अवगत कराया, जिसपर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जन समाधान कार्यक्रम के दौरान मेदिनीनगर के हमीदगंज से आयी माया कुमारी सिन्हा ने उपायुक्त को बताया कि वर्ष 2021 में कोरोना के कारण उनके पति का निधन हो गया था। उनके परिवार में अब कोई पुरुष सदस्य नहीं है तथा उनकी एक छोटी बच्ची है, जिसके पालन-पोषण में उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार की विधवा पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए कई बार आवेदन किया गया, लेकिन हर बार किसी न किसी त्रुटि के कारण आवेदन स्वीकृत नहीं हो सका।

उन्होंने कहा कि यदि पेंशन का लाभ मिल जाता तो आर्थिक परेशानियों से कुछ राहत मिलती। माया कुमारी सिन्हा की समस्या सुनने के बाद उपायुक्त श्री शेखावत ने संवेदनशीलता दिखाते हुए सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक को तत्काल इस मामले के निष्पादन की जिम्मेदारी सौंपी। इसके बाद जनता दरबार में ही ऑन स्पॉट माया कुमारी सिन्हा की विधवा पेंशन स्वीकृत कर दी गयी। मौके पर ही महिला को स्वीकृति पत्र भी सौंपा गया। उपायुक्त की इस त्वरित कार्रवाई से महिला ने राहत महसूस करते हुए प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।उपरोक्त के अतिरिक्त जन समाधान कार्यक्रम में मुख्य रूप से भूमि विवाद, सार्वजनिक रास्ता रोकने, अयोग्य लाभुकों को पीएम आवास दिये जाने, दाखिल-खारिज, राजस्व, स्वास्थ्य विभाग, आपूर्ति, पेयजल, शिक्षा एवं कल्याण विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए, जिनके त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गये।

सीट कटौती पर अभाविप और आजसू का प्रदर्शन, जेएस कॉलेज में तालाबंदी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

पलामू : जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में कई विषयों में सीट कटौती को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और आजसू छात्र संघ ने बुधवार को प्रदर्शन करते हुए तालाबंदी कर दी। महाविद्यालय के गेट पर धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान छात्रों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए प्राचार्य को भी बाहर बैठा कर दिया। रजिस्ट्रार से प्राचार्य ने वार्ता कर छात्रों को आश्वस्त करने का प्रयास किया गया मगर छात्र लिखित आश्वाशन की मांग पर अड़े रहे। उल्लेखनीय है कि अभाविप और आजसू छात्र संघ सहित अन्य छात्र संगठनों ने दो दिनों पूर्व प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर स्नातक नामांकन में सीट कटौती वापस लेने, कलस्टर सिस्टम पर रोक लगाने और सभी विषयों में 20 प्रतिशत अतिरिक्त सीटें

बढ़ाने की मांग की थी। साथ ही 24 घंटे के अंदर कार्रवाई की चेतावनी दी थी। जब 24 घंटे बीतने के बाद भी प्रशासन की ओर से कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई, तब अभाविप और आजसू कार्यकताओं ने महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर दी। प्रदर्शनकारियों ने महाविद्यालय परिसर में जोरदार नारेबाजी की और बैनर-तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। तालाबंदी के कारण महाविद्यालय में छात्रों का आना-जाना भी प्रभावित हुआ। मौके पर अभाविप के प्रदेश सह मंत्री अभय वर्मा ने चेतावनी दी कि यदि अभी भी मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 12 साल बेमिसाल के अवसर पर भाजपा जिला कमिटी की बैठक सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कोडरमा : भारतीय जनता पार्टी जिला की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक गुरुकृपा भवन, कोडरमा नगर में जिला अध्यक्ष अनूप जोशी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संयुक्त संचालन जिला महामंत्री विजय यादव एवं नरेंद्र पाल ने किया। सबसे पहले आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारह वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ध्वजाधारी धाम में राधा कृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना की गई उसके बाद स्वच्छता अभियान चलाया गया और पौधा रोपण किया गया। उसके बाद जिला की संघठनात्क बैठक शुरू की गयी। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला प्रभारी प्रवीण मेहता ने

संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि भाजपा का आधार बूथ स्तर का कार्यकर्ता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने तथा संगठन की नीतियों एवं केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की सक्रियता ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है और प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करना चाहिए। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि जिले के सभी पदाधिकारी और मंडल प्रभारी वे नियमित रूप से अपने-अपने मंडलों में प्रवास करें तथा प्रत्येक माह शक्ति केंद्रों की बैठक सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शक्ति केंद्र प्रभारी एवं संयोजक बूथों की निरंतर चिंता करें और संगठनात्मक गतिविधियों को बूथ स्तर तक सशक्त बनाएं।और बैठक कि फोटो सरल ऐप पर डालें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सभी बूथों पर 'मन की बात' कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया जाए तथा उसके उपरांत बूथ बैठक आयोजित की जाये।

पति ने की विवाद में पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

पूर्वी सिंहभूम : पति-पत्नी के झगड़े का दर्दनाक अंत, सिर पर हमला होने से महिला की मौत एमजीएम थाना क्षेत्र के तुरियाबेड़ा स्थित धमार्बांधा में मंगलवार देर रात पति-पत्नी के बीच हुआ विवाद खूनी वारदात में बदल गया। घरेलू कलह के दौरान एक होटल संचालक ने अपनी पत्नी के सिर पर खलबट्टे से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने आरोपित पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान 40 वर्षीय गीता मंडल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उनके पति बापी मंडल डिमना रोड क्षेत्र में एक होटल का संचालन करते हैं।

शाहजहां परवीन हत्याकांड में पति और देवर को उम्रकैद

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

पश्चिमी सिंहभूम : पश्चिमी सिंहभूम जिले के बहुचर्चित शाहजहां परवीन हत्याकांड में अदालत ने पति और देवर को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-प्रथम, चाईबासा की अदालत ने बुधवार को दोनों अभियुक्तों को हत्या का दोषी मानते हुए यह फैसला सुनाया। अदालत ने दोनों दोषियों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यह मामला मझगांव थाना क्षेत्र का है। वर्ष 2020 में शाहजहां परवीन की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद उसके मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने शाहजहां परवीन के पति मो. शोएब उर्फ शेफ और उसके भाई मो. मेराज के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोप था कि दोनों ने मिलकर शाहजहां परवीन की गला दबाकर हत्या कर दी थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की गहन

जांच शुरू की। जांच के दौरान साक्ष्य जुटाए गए और कई गवाहों के बयान दर्ज किए गए। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अनुसंधान पूरा होने के बाद पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया, जिसके बाद मामले की नियमित सुनवाई शुरू हुई। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने अदालत के समक्ष विभिन्न साक्ष्य और गवाहों के बयान प्रस्तुत किए। मामले के सभी पहलुओं पर विचार करने और साक्ष्यों का परीक्षण करने के बाद अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंची कि दोनों आरोपितों के खिलाफ लगाए गए आरोप सिद्ध होते हैं। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-प्रथम विनोद कुमार सिंह की अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों को पर्याप्त मानते हुए मो. शोएब उर्फ शेफ और मो. मेराज को हत्या का दोषी करार दिया और दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही प्रत्येक दोषी पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया।

14 जून को होगा रक्तदान शिविर, विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झुमरी तिलैया : मारवाड़ी युवा मंच, की आम सदस्यों की बैठक में जून माह के विभिन्न सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी। बैठक में समाज हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गयी तथा कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गयीं। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 14 जून को रक्तदान शिविर एवं विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों की सहायता की जाएगी, वहीं

बोर्ड परीक्षाओं एवं विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा। रक्तदान शिविर के लिए अनुराग हिसारिया एवं शिवेश पच्चीसिया को परियोजना निर्देशक बनाया गया है। मंच के अध्यक्ष मोहित संघई ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और युवा पीढ़ी को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन देना भी मंच का दायित्व है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सदस्यों एवं आम नागरिकों के लिए निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में प्रशिक्षित योगाचार्यों द्वारा योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया जाएगा तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। इसके अलावा भीषण गर्मी को देखते हुए निर्जला एकादशी के अवसर पर शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर राहगीरों के लिए निःशुल्क शीतल शरबत वितरण कार्यक्रम चलाया जाएगा, बैठक में आगामी नेत्र दिवस पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित करने का प्रस्ताव भी रखा गया। साथ ही प्रचार वाहन के माध्यम से बैनर एवं पोस्टर लगाकर नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाने की योजना पर भी चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त राजगढ़िया मोड़ पर स्थापित वाटर कूलर के सुचारू संचालन में आ रही समस्याओं को देखते हुए उसे उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान कोषाध्यक्ष महावीर खेतान ने वर्तमान सत्र का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया। वहीं सचिव अतुल खेतान ने सभी कार्यक्रमों की तैयारियों की जानकारी देते हुए युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में सामाजिक एवं सेवा कार्यों से जुड़ने की अपील की।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, राँची
(जिला ग्रामीण विकास शाखा)
दूरभाष :–0651-2201076 ई–मेल :–drdaranchi2017@gmail.com

पत्रांक (ii)/जि०ग्रा०वि०शा० दिनांक /06/2026

आवश्यक सूचना

आयुक्त, महात्मा गाँधी नरेगा कार्यालय, झारखण्ड के पत्रांक (N)623 दिनांक 29.05.2026 के द्वारा सूचित किया गया है कि मनरेगा कर्मियों द्वारा विगत माह मार्च 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर होने के कारण मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में काफी कठिनाई उत्पन्न हो रही है। चूँकि महात्मा गाँधी नरेगा योजना माँग आधारित योजना है एवं ग्रामीणों द्वारा काम की माँग के आधार पर 15 दिनों के अन्दर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना होता है। ऐसी परिस्थिति में कर्मियों के हड़ताल पर रहने के कारण मनरेगा योजना के क्रियान्वयन एवं ग्रामीणों को ससमय रोजगार उपलब्ध कराने पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

उपरोक्त परिस्थिति में मनरेगा योजना की महत्ता तथा ग्रामीणों को ससमय रोजगार उपलब्ध कराने के परिप्रेक्ष्य में यह निदेश दिया जाता है कि राँची जिला अंतर्गत हड़ताल में गये मनरेगा कर्मी दिनांक 12.06.2026 तक अपने कार्य क्षेत्र पर वापस लौट कर अपने दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे। यदि निर्धारित अवधि तक हड़ताल में गये किसी भी मनरेगा कर्मी द्वारा अपने पदस्थापित क्षेत्र में वापस नहीं लौटा जाता है तो बाध्य होकर उनके पद को रिक्त मानते हुए नई बहाली की कार्रवाई की जायेगी।

PR 382005 District(26-27)#D

परियोजना पदाधिकारी, जि०ग्रा०वि०शा०, राँची
निदेशक, जि०ग्रा०वि०शा०, राँची
उप विकास आयुक्त, राँची

एक झलक

प्रधानमंत्री के 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पूजा-पाठ

सहरसा : प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को महावीर चौक मंदिर में भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री डॉ आलोक रंजन की उपस्थिति में विशेष पूजा-अर्चना सामुहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर देश की उन्नति, समृद्धि तथा प्रधानमंत्री जी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु के लिए सामूहिक रूप से मंगल कामना की गई। कार्यक्रम में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ आलोक रंजन ने संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल को भारत के विकास, सुशासन, जनकल्याण और वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं तथा गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की गई हैं। इस अवसर पर सैकड़ों कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। सभी ने प्रधानमंत्री के दीर्घायु जीवन एवं राष्ट्र के निरंतर विकास के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम का वातावरण श्रद्धा, उत्साह और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत रहा। उपस्थित कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का भी संकल्प लिया।

निजी स्वास्थ्य संस्थानों के 30 दिन में निबंधन नहीं कराया, तो होगी कार्रवाई

सुपौल : जिले में संचालित निजी स्वास्थ्य संस्थानों के पंजीकरण को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। सदर अस्पताल में आयोजित बैठक में बताया गया कि बिहार लघु एवं मध्यम स्वास्थ्य सेवा प्रतिष्ठान (स्थापन एवं पंजीकरण) विनियम, 2026 के तहत एक से 40 बेड तक के सभी निजी अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लीनिक और डे-केयर सेंटर का पंजीकरण अनिवार्य है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी संबंधित संस्थानों को 30 दिनों के भीतर जिला पंजीकरण प्राधिकरण के समक्ष आवश्यक दस्तावेजों के साथ निबंधन कराना होगा। समय सीमा समाप्त होने के बाद विशेष जांच अभियान चलाया जाएगा और बिना पंजीकरण संचालित संस्थानों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अधिकारियों ने कहा कि इस व्यवस्था का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता लाना, गुणवत्ता सुनिश्चित करना और मरीजों को सुरक्षित व मानक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। विभाग ने सभी निजी स्वास्थ्य संस्थानों से निर्धारित अवधि के भीतर पंजीकरण कराने की अपील करते हुए कहा कि प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है।

मंडल कारा में महिला बन्दी ने लगायी फांसी, डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

किशनगंज : किशनगंज मंडल कारा में बुधवार की अहले सुबह एक विचाराधीन महिला बंदी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। महिला बंदी ने कथित तौर पर जेल परिसर स्थित महिला शौचालय में दुपट्टे का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। गंभीर अवस्था में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान कोचाधामन थाना क्षेत्र निवासी उषा रानी, पति अजय प्रसाद सिन्हा के रूप में हुई है। वह फरवरी 2026 से दहेज प्रताड़ना से जुड़े एक मामले में न्यायिक हिरासत के तहत किशनगंज मंडल कारा में बंद थी। उसके विरुद्ध कोचाधामन थाना कांड संख्या 367/25 के तहत दहेज अधिनियम से संबंधित मामला दर्ज था। जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह महिला वार्ड में ड्यूटी पर तैनात एक कर्मी की नजर महिला शौचालय की ओर गई, जहां उषा रानी दुपट्टे के सहारे फंदे से लटकी हुई मिली।

सम्राट चौधरी ने पेंशनभोगियों के खातें में 1,100 करोड़ रुपये की पेंशन राशि भेजी

एजेंसी

पटना : बिहार सरकार ने राज्य के वृद्धजनों, विधवाओं और दिव्यांगजनों को बड़ी राहत देते हुए सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि उनके बैंक खातों में हस्तांतरित कर दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित बिहार भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के 94 लाख से अधिक सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खातों में 1100 रुपये प्रति माह की दर से लगभग 1100 करोड़ रुपये की राशि जारी की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अब सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत लाभार्थियों को हर महीने की 10 तारीख को नियमित रूप से पेंशन की राशि उनके खातों में उपलब्ध

कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी पात्र व्यक्ति को आर्थिक सहायता प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के गरीब, वंचित और जरूरतमंद वर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि पूर्व में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत लाभार्थियों को 400 रुपये प्रति माह की राशि दी जाती थी, लेकिन सरकार ने इसे बढ़ाकर सीधे 1100 रुपये प्रति माह कर दिया है, ताकि बढ़ती महंगाई के बीच जरूरतमंद लोगों को बेहतर आर्थिक सहारा मिल सके। सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृद्धजनों, विधवा महिलाओं और निःशक्तजनों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के माध्यम से सहायता प्रदान कर रही है। इन योजनाओं का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को सम्मानजनक जीवन जीने में सहयोग देना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सबसे लंबा कार्यकाल पूरा करने के अवसर पर राज्य सरकार ने 94 लाख से अधिक लाभुकों के खातों में एक साथ लगभग 1100 करोड़ रुपये की राशि भेजी है। यह कदम सामाजिक सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि आगे भी प्रत्येक माह की 10 तारीख को सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की जाती रहेगी। इसके अलावा राज्य सरकार विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीबों, वरिष्ठ नागरिकों,

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से गूगल इंडिया के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा

पटना : मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से बुधवार को नई दिल्ली स्थित बिहार भवन में गूगल इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट चंदू थोटा के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान बिहार में डिजिटल विकास, तकनीकी नवाचार तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी बिहार ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) नीति-2026 की जानकारी देते हुए गूगल को राज्य में अपना ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि बिहार तेजी से डिजिटल परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ रहा है और राज्य में तकनीकी निवेश तथा नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक और डिजिटल समाधान के उपयोग पर भी चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने इस बात पर सहमति जताई कि तकनीकी सहयोग के माध्यम

से जनसेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सकता है तथा राज्य के विकास को नई गति दी जा सकती है। गूगल इंडिया के प्रतिनिधिमंडल ने भी बिहार में उपलब्ध संभावनाओं और डिजिटल अवसंरचना के विकास में सहयोग को लेकर सकारात्मक रुचि दिखाई। बैठक के दौरान राज्य में डिजिटल इकोसिस्टम को मजबूत बनाने, नवाचार को बढ़ावा देने तथा युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करने के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री और गूगल इंडिया के प्रतिनिधियों ने बिहार के डिजिटल विकास को गति देने के लिए दीर्घकालिक एवं सुदृढ़ साझेदारी की दिशा में कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

अंधविश्वास व क्रूरता की हदें पार, युवक के हाथ जला कर की गयी सच्चाई की परीक्षा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेडो : प्रखंड सह नरकोपी थाना क्षेत्र के सरवा गांव में करीब डेढ़ माह पूर्व हुई अंधविश्वास की आड़ में कानून को हाथ पर लेने और मानवता की जड़ों को झकझोरने का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। किसी ने यह सपने में भी इस तरह की अमानवीय घटना की कल्पना नहीं किया होगा। जो मानवता की रूह को कंपा कर एक एक अदभुत चर्चा का विषय बन जाएगा। घटना घर 27 अप्रैल की है। गौरतलब है कि गत 27 अप्रैल को सरवा गांव निवासी चंपा उरांव ने धान का बोरा को हटाने को लेकर सहयोग और मदद के लिए अमित उरांव को अपने घर पर बुलाया था। इसके बाद चंपा उरांव की पत्नी बंधईन उरांव ने युवक अमित उरांव पर उसके घर से 20 हजार रूपए चोरी करने का आरोप लगाया। साथ ही इस कथित चोरी के मामले को लेकर चोरी की सच्चाई को सामने लाने के लिए आरोपियों ने अंधविश्वास का सहारा लिया । वहीं इस वैज्ञानिक व डिजिटल युग में कानून को हाथ पर लेकर इसी गांव के

रहनेवाले एक युवक करीब 18 वर्षीय अमित उरांव पिता बुधवा उरांव पर चंपा उरांव और उसके दोनों पुत्रों आनंद उरांव व बिनोद उरांव ने इस घटना को अंजाम दिया। साथ ही घटना को अंजाम देने के पूर्व अमित उरांव के मुंह पर कपड़ा ढंक दिया। साथ ही उसके दोनों हाथों को मजबूती से पकड़कर खौलते हुए गोबर मिश्रित पानी में डूबो दिया। जिससे उसके दोनों हाथ झुलस गए। साथ ही उसकी हाथ की कुछ अंगूलियां कट कर गिर गईं। इस दौरान उसने अपने बचाव को लेकर चिल्लाने का प्रयास भी किया लेकिन मुंह पर कपड़ा ढंका रहने के कारण उसकी आवाज दबकर रह गई। वहीं भुक्तभोगी अमित उरांव ने बताया कि मानवता की सारी हदों को पार कर इन्होंने उसके हाथों को करीब पांच मिनट तक खौलते हुए गोबर मिश्रित पानी में रखा। जिससे उसके दोनों हाथ झुलस गए और कुछ अंगूलियां कट गईं। इस दौरान दर्द से कराहते हुए अमित उरांव ने निर्मम और व्हशी बने इन लोगों से चोरी नहीं करने की बात कही और छोड़ देने की मिन्नतें मांगी। इसके वावजूद पत्थर दिल वाले लोगों पर इसका कुछ असर नहीं हुआ। पीड़ित अमित उरांव ने बताया कि चंपा उरांव की पत्नी बंधईन उरांव उसके घर पर आई।उसने उसे भरोसे में लिया। साथ ही उसे अपने घर पर ले गई। वहां पूर्व से ही गोबर मिश्रित गर्म पानी खौल रहा था। भुक्तभोगी ने कहा कि उसे यह बताया गया कि चोरी की सच्चाई को सामने लाने के लिए एक प्रथा चली आ रही है। गोबर मिश्रित खौलते हुए पानी में हाथ डालने से जो व्यक्ति चोरी नहीं करता है उसका हाथ नहीं जलता है और जो व्यक्ति चोरी करता है उसका हाथ जल जाता है। बस इतना कहने के बाद चंपा उरांव और उसके दो पुत्र आनंद उरांव व बिनोद उरांव ने उसे कसकर पकड़ा और मुंह पर कपड़ा ढंककर उसके हाथों को खौलते हुए गोबर मिश्रित गर्म पानी में डूबो दिया। वह छटपटाता रहा,दया की भीख मांगी लेकिन व्हशी बने इन लोगों ने उसके दोनों हाथों को करीब पांच मिनट तक खौलते हुए गोबर मिश्रित गर्म पानी में रखा। जिससे उसके दोनों हाथ झुलस गए और कुछ अंगूलियां कट कर गिर गईं। इस दौरान

एक झलक

काउंटी क्रिकेट में खेलेंगे मानव सुथार, वारविकशायर ने किया दो मैचों का करार

नयी दिल्ली : भारत के युवा स्पिनर मानव सुथार को इंग्लैंड की काउंटी टीम वारविकशायर ने मौजूदा काउंटी चैंपियनशिप के अगले दो मुकाबलों के लिए अनुबंधित किया है। हाल ही में अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट पदार्पण करने वाले मानव सुथार अब 12 जून से स्कारबोरो में यॉर्कशायर के खिलाफ होने वाले मुकाबले में खेलेंगे। इसके बाद अगले सप्ताह टॉन्टन में समरसेट के खिलाफ भी टीम का हिस्सा रहेंगे। मानव ने मुल्लांपुर में अफगानिस्तान के खिलाफ अपने पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली पारी में छह विकेट लिए थे। उन्होंने अपने पहले ही ओवर में विकेट हासिल किया और पूरे मैच में कुल सात विकेट अपने नाम किए। घरेलू क्रिकेट में राजस्थान के लिए लगातार शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्हें भारतीय टीम में जगह मिली थी। मानव अब तक 29 प्रथम श्रेणी मुकाबलों में 129 विकेट ले चुके हैं।

इंग्लैंड के कोच टुचेल को अपनी टीम के फीफा विश्ककप जीतने की उम्मीद नहीं

न्यूयॉर्क : इंग्लैंड फुटबॉल टीम के मुख्य कोच थॉमस टुचेल का मानना है कि उनकी टीम के फीफा विश्वकप जीतने की अधिक संभवना नहीं है। इसका कारण है कि पिछले काफी समय से उनकी टीम ने कोई बड़ा टूर्नामेंट नहीं जीता है। कोच के अनुसार उनकी टीम को पहले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में अपना प्रदर्शन सुधारना होगा। तभी वह विश्वकप जैसे टूर्नामेंट में बड़ी दावेदार बनकर उभर सकती है। उन्होंने ये बात कोस्टा रिका के खिलाफ इंग्लैंड के आखिरी वॉर्म-अप मैच से पहले कही। वहीं पहले अभ्यास मैच में टीम ने न्यूजीलैंड को 1-0 से हराया था पर उसका प्रदर्शन उम्मीद के अनुसार नहीं था। इसी कारण कोच को टीम के विश्वकप में सफल होने की उम्मीद नहीं है। टुचेल ने कहा कि इस बार उनकी टीम उस स्थिति में नहीं है कि वह बड़े दावे कर सकें। उन्होंने कहा कि अभी के समय में विश्व फुटबॉल में ऐसी कई टीमें हैं जिन्होंने बड़े टूर्नामेंट जीते हैं और उनका रिकार्ड इंग्लैंड से कहीं अच्छा है।

मुंबई टी20 लीग : सूर्यकुमार की कप्तानी वाली ट्रायम्फस नाइट्स हुई बाहर

मुंबई : सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली ट्रायम्फस नाइट्स मुंबई टी20 लीग से बाहर हो गयी है। सूर्यकुमार के लिए ये दोहरा झटका है। भारतीय टी20 टीम की कप्तानी से बाहर होने के बाद अब उनकी टीम को मुंबई टी20 लीग में भी हार मिली है। सूर्या की टीम को अपने अंतिम मैच में ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स ने 24 रनों से हरा दिया। इस मैच में 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ट्रायम्फस नाइट्स 18.5 ओवर में केवल 148 रन ही बना सकी। कप्तान सूर्यकुमार एक बार फिर रन बनाने में विफल रहे। वह 16 गेंदों पर केवल 20 रन ही बना पाये। ट्रायम्फस की ओर से अखिल हेरवाडकर और परीक्षित वलसांगकर ने 33-33 रन जबकि नूतन कुमार गोयल ने 19 रन बनाये। इससे पहले, टॉस जीतकर सूर्यकुमार ने ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। ईगल के साईराज पाटिल ने 46 गेंदों में पांच चौकों और चार छक्कों की मदद से शानदार 69 रन बनाये।

चार साल बाद टेनिस कोर्ट पर लौटीं सेरेना, जीत के साथ की शानदार वापसी

एजेंसी

लंदन : टेनिस की दिग्गज खिलाड़ी सेरेना विलियम्स ने लगभग चार वर्ष बाद पेशेवर टेनिस में वापसी करते हुए क्वींस क्लब ग्रास कोर्ट प्रतियोगिता में मंगलवार को युगल मुकाबले में यादगार जीत दर्ज की। अमेरिकी स्टार ने कनाडा की 19 वर्षीय खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको के साथ मिलकर अपना पहला मुकाबला जीता। सेरेना और म्बोको की जोड़ी ने तीसरी वरीयता प्राप्त निकोल मेलिचार-मार्टिनेज और एरिन राउटलिफ की जोड़ी को 7-6 (2), 6-2 से हराया। यह मुकाबला वर्ष 2022 के अमेरिकी ओपन के बाद सेरेना का पहला पेशेवर मैच था। मैच के दौरान सेरेना ने 120 मील प्रति घंटे तक की रफ्तार से सर्विस की और कई दमदार विनर शॉट लगाए। मुकाबले का अंत भी उन्होंने अपने अंदाज में किया–दो ऐस और एक शानदार सर्विस विनर के साथ। जीत के बाद सेरेना ने कोर्ट पर कहा, यह बहुत मजेदार था। विक्टोरिया के साथ खेलकर मुझे बहुत आनंद आया। हमने पहले कभी साथ नहीं खेला, लेकिन कोर्ट पर सब कुछ बहुत स्वाभाविक लगा। हालांकि, बाद में प्रेस वार्ता में उन्होंने अपने प्रदर्शन को लेकर विनम्रता दिखाई। उन्होंने मजाकिया अंदाज में खुद को सी माइनस अंक दिए, लेकिन साथ ही कहा कि चार साल बाद सीधे घास के कोर्ट पर लौटना आसान नहीं होता और कुल मिलाकर उनका प्रदर्शन अच्छा रहा। सेरेना ने कहा, मुझे यहां खेलने का मौका पहले कभी नहीं मिला, क्योंकि यहाँ हमेशा पुरुष प्रतियोगिता होती थी। इतने प्रतिष्ठित स्थान पर खेलना बेहद खास अनुभव रहा। अपनी युवा जोड़ीदार विक्टोरिया म्बोको से प्रभावित सेरेना ने कहा, ह्लमुझे लगा वह बहुत शानदार तरीके से मूव कर रही थीं। एक बैकहैंड शॉट पर तो मैं खुद हैरान रह गई।ह्व सेरेना ने कहा, फिलहाल मैं एक-एक दिन आगे बढ़ रही हूँ। निर्णय लेने के लिए अभी थोड़ा समय है। सेरेना की वापसी इसलिए भी खास रही, क्योंकि विपक्षी टीम बेहद मजबूत थी। एरिन राउटलिफ दो बार अमेरिकी ओपन युगल चैंपियन रह चुकी हैं, जबकि निकोल मेलिचार-मार्टिनेज विंबलडन और अमेरिकी ओपन युगल फाइनल तक पहुंच चुकी हैं। सेरेना के खेल में कुछ जगह पुरानी लय की कमी दिखी, लेकिन कई मौकों पर उन्होंने साबित किया कि उनमें अभी भी शीर्ष स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता मौजूद है। क्वींस क्लब में दर्शकों ने भी उनका जोरदार स्वागत किया। एंडी मरे एरिना में सेरेना को दिन की सबसे बड़ी तालियां मिलीं। इससे पहले दर्शक ब्रिटेन की एमा राडुकानू और केटी बोल्टर के मुकाबले भी देख चुके थे। सेरेना पहली बार क्वींस क्लब में उतरीं। यह वही प्रतिष्ठित स्थल है, जहां वर्षों तक केवल पुरुष प्रतियोगिताएं आयोजित होती थीं और महिलाओं की प्रतियोगिता 2025 में दोबारा शुरू हुई। दर्शक दीर्घा में उनकी मित्र और स्कीइंग स्टार लिंडसे वॉन भी मौजूद थीं। उनकी दोनों बेटियाँ–ओलंपिया और अदीरा–भी मैच देखने पहुंचीं। अदीरा के लिए यह पहली बार था जब उन्होंने अपनी मां को खेलते देखा। अब सेरेना अगले सप्ताह जर्मनी में होने वाले बर्लिन ओपन में भी युगल मुकाबला खेलेंगी। हालांकि उन्होंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह 29 जून से शुरू होने वाले विंबलडन में हिस्सा लेंगी या नहीं।

क्वींस क्लब ग्रास कोर्ट युगल मुकाबला
विजेता : सेरेना विलियम्स / विक्टोरिया म्बोको
स्कोरलाइन
सेरेना विलियम्स / विक्टोरिया म्बोको
7-6 (7-2), 6-2
निकोल मेलिचार-मार्टिनेज / एरिन राउटलिफ
6-7 (2-7), 2-6

आईआईएफएल और समर्थानम की साझेदारी खेली जायेगी भारत-नेपाल ब्लाइंड क्रिकेट शृंखला

एजेंसी

नयी दिल्ली : भारत में दृष्टिबाधित खिलाड़ियों के लिए क्रिकेट को नई दिशा देने की पहल करते हुए आईआईएफएल होम फाइनेंस ने क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (कैबी) और समर्थानम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड के साथ साझेदारी की है। इस सहयोग के तहत तीनों संस्थाओं ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। साझेदारी के अंतर्गत अक्टूबर 2026 में दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में भारत-नेपाल द्विपक्षीय दृष्टिबाधित क्रिकेट शृंखला आयोजित की जाएगी। इसमें दोनों देशों के बीच पांच टी-20 मुकाबले खेले जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य दृष्टिबाधित क्रिकेटरों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा का मंच उपलब्ध कराना, देशभर में ब्लाइंड क्रिकेट के प्रति जागरूकता बढ़ाना और खेल में अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। आईआईएफएल होम फाइनेंस ने कहा कि यह पहल उसके समावेशी विकास और समाज के वंचित वर्गों को अवसर उपलब्ध कराने के व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है। संस्था का मानना है कि खेल न केवल प्रतिभा को मंच देता है, बल्कि आत्मविश्वास और सामाजिक परिवर्तन का माध्यम भी बनता है। इस अवसर पर आईआईएफएल होम फाइनेंस की मुख्य मानव संसाधन अधिकारी आरती मरवाहा ने कहा, ह्लहम ऐसे अवसरों को बढ़ावा देने में विश्वास रखते हैं जो समावेशन, आत्मविश्वास और दीर्घकालिक सामाजिक प्रभाव को मजबूत करें। समर्थानम ट्रस्ट और कैबी के साथ यह साझेदारी दृष्टिबाधित खिलाड़ियों के लिए अधिक समावेशी खेल व्यवस्था तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

हैरी ब्रूक बने दुनिया के नम्बर-1 टेस्ट बल्लेबाज

नयी दिल्ली : अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा टेस्ट रैंकिंग में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने अपने ही देश के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट को पीछे छोड़ते हुए दुनिया के नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज का स्थान हासिल कर लिया है। ब्रूक वर्ष 2024 के बाद पहली बार टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंचे हैं। वहीं, जो रूट दो स्थान नीचे खिसक कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में ब्रूक ने 56 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलकर इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। दूसरी ओर जो रूट दोनों पारियों में केवल 1 और 8 रन बना सके थे।

फीफा विश्वकप से पहले हुए मुकाबले में मेसी के गोल से अर्जेन्टीना ने आइसलैंड को हराया

एजेंसी

अलबामा : स्टार खिलाड़ी लियोनल मेसी के शानदार प्रदर्शन से अर्जेन्टीना ने फीफा विश्वकप से पहले अपने दोस्तान मैच में आइसलैंड को 3-0 से हरा दिया। इस जीत से टीम का उत्साह बढ़ा है। इससे मेसी की फिटनेस पर उठे सवाल भी समाप्त हो गये। मांसपेशियों की चोट से उबरने के बाद मैदान पर लौट रहे मेसी ने मुकाबले की शुरूआत स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में की, लेकिन जब वह मैदान पर उतरे तो उन्होंने अपनी क्षमता का भरपूर प्रदर्शन किया। मेसी 70 वें मिनट में मैदान पर उतरे, जिससे स्टेडियम में मौजूद प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह भर गया। उनके मैदान पर आने के केवल दो मिनट बाद ही, 72वें मिनट में लोटारो मार्टिनेज के खिलाफ फाउल के लिए मिली पेनल्टी को उन्होंने गोल में बदल दिया। यह गोल उनकी शानदार फिटनेस और खेल कौशल का प्रमाण था, और इसने यह संकेत भी दिया कि वह एक बार फिर विश्व कप के बड़े मंच पर चमकने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

जापान में चमका सिमडेगा का सितारा एशिया कप में कांस्य जीत कर लौटीं सिमडेगा की बेटियां, उपायुक्त ने किया भव्य सम्मान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

सिमडेगा : हॉकी की नर्सरी कहे जाने वाले सिमडेगा की बेटियों ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जापान में आयोजित अंडर-18 महिला एशिया कप हॉकी 2026 में कांस्य पदक जीतकर लौटी भारतीय टीम की सदस्य पुष्पा मांझी और संदीपा कुमारी का जिले में भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। 29 मई से 6 जून 2026 तक जापान में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारतीय महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। टीम की सफलता में सिमडेगा की दोनों बेटियों का अहम योगदान रहा। पुष्पा मांझी और संदीपा कुमारी ने पूरे टूर्नामेंट में दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए महत्वपूर्ण गोल दागे और देश का गौरव बढ़ाया। देश लौटने के बाद सिमडेगा पहुंचीं दोनों खिलाड़ियों तथा उनकी प्रशिक्षक तारिणी कुमारी को उपायुक्त सिमडेगा श्रीमती कंचन सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में सम्मानित किया। उपायुक्त महोदया ने बुके, मोमेंटो और माला पहनाकर खिलाड़ियों को बधाई दी तथा उनकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।

फरहान की कप्तानी में 2026 एशियाई खेलों में उतरेगी पाकिस्तान टीम

लाहौर : युवा बल्लेबाज साहिबजादा फरहान की कप्तानी में पाकिस्तान क्रिकेट टीम आगामी एशियाई खेलों में उतरेगी। एशियाई खेल जापान के आइची प्रांत और नागोया शहर में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किए जाएंग। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इन खेलों के लिए अपनी जो 15 सदस्यी टीम घोषित की है। उसमें कई अनुभवी खिलाड़ियों को जगह नहीं मिली है। टीम में बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, शाहीन अफरीदी और कप्तान सलमान अली आगा को शामिल नहीं किया गया है। इस प्रकार देखा जाये तो टीम में अधिकतर नये खिलाड़ी हैं।

टेक्सास में सेनेगल और सउदी अरब के बीच फुटबॉल के मैत्री मुकाबले में खेलते हुए खिलाड़ी।

खेलो इंडिया अस्मिता सिटी लीग के आयोजन को लेकर व्यापक तैयारी शुरू

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गढ़वा : बंशीधर नगर ऊंटारी में 11 जून 2026 को आयोजित होने वाली विश्व साइकिलिंग दिवस पखवाड़ा सह खेलो इंडिया अस्मिता सिटी लीग के सफल एवं बेहतर आयोजन को लेकर बुधवार को गढ़वा जिला साइकिलिंग संघ के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शैलेंद्र पाठक ने की, जिसमें आयोजन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में यह सहमति बनी कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक अनंत प्रताप देव को आमंत्रित किया जाएगा, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में झामुमो युवा नेता सह समाजसेवी दीपक प्रताप देव एवं अनुमंडल पदाधिकारी बंशीधर नगर को आमंत्रण देने का निर्णय लिया गया। आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने को लेकर सभी स्तरों पर तैयारी करने पर बल दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि विश्व साइकिलिंग दिवस पखवाड़ा सह खेलो इंडिया अस्मिता सिटी लीग के सभी कार्यक्रम बंशीधर नगर अनुमंडल कार्यालय मैदान में आयोजित होंगे।

नवनियुक्त उपायुक्त मेघा भारद्वाज का ओलिंपिक, एथलेटिक्स व साइकिलिंग संघ ने किया स्वागत

खेल प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच, पाकुड़ बनेगा खेल हब : उपायुक्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

पाकुड़ : पाकुड़ जिला ओलंपिक संघ तथा पाकुड़ जिला एथलेटिक्स एवं साइकिलिंग संघ की ओर से नवनियुक्त जिला उपायुक्त मेघा भारद्वाज का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर खेल संघों के पदाधिकारियों ने जिला उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर उन्हें पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व पाकुड़ जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अर्धेंदु गांगुली तथा पाकुड़ जिला एथलेटिक्स एवं साइकिलिंग संघ के महासचिव रणवीर सिंह ने किया। स्वागत उपरांत खेल संघों के पदाधिकारियों ने बारी-बारी से अपना परिचय देते हुए जिले में खेल गतिविधियों एवं खिलाड़ियों की उपलब्धियों की जानकारी उपायुक्त को दी। इस अवसर पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने खेल संघों को आश्वस्त किया कि जिले में खेलों के विकास एवं खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने जिले में मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण की दिशा में पहल करने की बात कही। साथ ही, दुगार्पुर में निमार्णाधीन इंडोर स्टेडियम की प्रगति एवं उससे खिलाड़ियों को मिलने वाले लाभों पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन एवं खेल संघों के संयुक्त प्रयास से पाकुड़ को खेल के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई जाएगी तथा प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर खेल संघों के पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा जिले में खेल अधोसंरचना के विकास से संबंधित सुझाव प्रस्तुत किए।

विश्व कप से पहले अंतिम अभ्यास मैच में अर्जेंटीना ने आइसलैंड को 3-0 से हराया

एजेंसी

ऑबर्न : मौजूदा विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने विश्व कप से पहले अपने अंतिम अभ्यास मुकाबले में बुधवार को आइसलैंड को 3-0 से हराकर दमदार तैयारी का संकेत दिया। अमेरिका के अलबामा राज्य के ऑबर्न स्थित जॉर्डन-हेयर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में लियोनेल मेसी ने बेंच से उतरकर पेनल्टी पर गोल दागा और टीम की जीत को यादगार बना दिया।अर्जेंटीना ने मुकाबले की शुरूआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। मैच के पहले दस मिनट के भीतर वेलेंटिन बार्को ने शानदार गोल कर टीम को शुरूआती बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में लगभग 20 मिनट शेष रहते लियोनेल मेसी मैदान पर उतरे। कुछ ही मिनट बाद अर्जेंटीना को पेनल्टी मिली, जब लाउतारो मार्टिनेज को बॉक्स के अंदर फाउल किया गया। मेसी ने मौके का पूरा फायदा उठाते हुए गेंद को जाल में पहुंचा दिया। यह गोल मेसी के लिए खास रहा क्योंकि वर्ष 2018 के विश्व कप में आइसलैंड के खिलाफ ही वह पेनल्टी चूक गए थे। इस बार उन्होंने उसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ गोल कर पुरानी याद को पीछे छोड़ दिया।



लिस्ट ए क्रिकेट में नम्बर वन औसत वाले बल्लेबाज बने रुतुराज

एजेंसी

मुम्बई : युवा बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ ने भारत ए की ओर से श्रीलंका ए के खिलाफ पहले ही मैच में शतकीय पारी खेलकर एक नया रिकार्ड भी अपने नाम किया है। इस शतकीय पारी के साथ ही रुतुराज लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे अधिक औसत वाले विश्वक के नंबर वन बल्लेबाज बन गए हैं। यहां तक कि सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली भी इस मामले में उनसे कहीं पीछें हैं। गौरतलब है कि लिस्ट ए प्रारुप उन सभी घरेलू 40 से 60 ओवर के मैचों, अंतरराष्ट्रीय एक दिवसीय मुकाबलों और अंतरराष्ट्रीय ए टीमों के बीच खेले गए मैचों की जानकारी देत है। इस प्रारुप में रुतुराज गायकवाड़ छाये हुए हैं। 100 लिस्ट ए मैचों की 96 पारियों में उनके नाम 59.32 की औसत से कुल 5161 रन हैं। इस दौरान उनके नाम 20 शतक और 19 अर्धशतक हैं, जिसमें उनका सबसे अधिक स्कोर 220 रन नाबाद रहा है। यह आंकड़े दिखाते हैं कि वह कितने निरंतर और प्रभावी बल्लेबाज हैं। इससे वह विराट से भी आगे निकल गये हैं। विराट का लिस्ट ए क्रिकेट में औसत 57.91 है। विराट ने अपने करियर (2006 से अब तक) में 347 लिस्ट ए मैच खेलते हुए 334 पारियों में 16447 रन बनाए हैं, जिसमें 59 शतक और 86 अर्धशतक शामिल हैं। आंकड़ों में भले ही कोहली के रन और शतक कहीं अधिक हों पर औसत की आती है तो गायकवाड़ ने उन्हें पछाड़ दिया है। वहीं तेंदुलकर, जिनके नाम कई रिकॉर्ड हैं, वे इस विशिष्ट औसत सूची के शीर्ष 5 में भी शामिल नहीं हैं, जिससे पता चलता है कि गायकवाड़ की उपलब्धि की बड़ी है। दुनिया के अन्य दिग्गज बल्लेबाज भी इस सूची में उनसे काफी पीछे हैं। रुतुराज के बाद दूसरे स्थान पर विराट कोहली हैं, जबकि तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज माइकल बेवन का नाम आता है। बेवन ने 1989 से 2006 के बीच 427 मैचों की 385 पारियों में 57.86 की शानदार औसत से 15103 रन बनाए थे, जिसमें 13 शतक और 116 अर्धशतक शामिल थे। चौथे पायदान पर इंग्लैंड के सैम हेन हैं, जिन्होंने 2013 से 2023 के बीच कुल 64 मैचों की 62 पारियों में बल्लेबाजी करते हुए 57.76 की औसत से 3004 रन बनाए और 10 शतक जड़े। इस सूची में पांचवें भारतीय नाम चेतेश्वर पुजारा का है, जिनकी 130 मैचों की 127 पारियों में 57.01 की औसत से 5759 रन हैं, जिसमें 16 शतक और 34 अर्धशतक शामिल हैं।

अंडर-16 झारखंड स्टेट बास्केटबॉल चैम्पियनशिप का चयन ट्रायल सपन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बोकारो : आगामी 16 से 19 जून तक धनबाद में आयोजित होने वाली अंडर-16 झारखंड राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ द्वारा बोकारो पब्लिक स्कूल, सेक्टर-3 के बास्केटबॉल कोर्ट में बालक एवं बालिका वर्ग का चयन ट्रायल आयोजित किया गया। ट्रायल में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं क्षेत्रों से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान बनाने का प्रयास किया। इस अवसर पर बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष सतेंद्र नारायण सिंह ने बोकारो पब्लिक स्कूल के प्रबंधन, निदेशक एवं प्राचार्य के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय हमेशा से जिला बास्केटबॉल संघ का सहयोग करता रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में संपन्न झारखंड सब-जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप में बोकारो की बालिका टीम द्वारा स्वर्ण पदक एवं बालक टीम द्वारा रजत पदक जीतने में भी बोकारो पब्लिक स्कूल के सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। टीम चयन प्रक्रिया में संघ के टेक्निकल चेयरमैन अमित कुमार एवं कोषाध्यक्ष किंकर कृष्णा चयनकर्ता की भूमिका में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को विशेष बनाने में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं भारतीय वायुसेना में कार्यरत राजीव रंजन तथा सुमित कुमार , मुकेश कुमार इंडियन आर्मी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। तीनों खिलाड़ियों ने चयन ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया और अपने अनुभव साझा किए। चयन ट्रायल के सफल संचालन में शांता मिश्रा, अनूप, पोलो, निशांत, वरुण, बंटी एवं प्रत्यूष सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

उतार चढ़ाव के बीच सपाट स्तर पर बंद हुआ शेयर बाजार

नयी दिल्ली : अमेरिका और ईरान के बीच एक बार फिर तनाव बढ़ने, चुनिंदा शेयरों में ऊपरी स्तर से बिकवाली होने और कमजोर ग्लोबल संकेतों की वजह से घरेलू शेयर बाजार आज बढ़त हासिल करने के बावजूद सपाट स्तर पर मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत भी सपाट स्तर पर ही हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी आ गई, लेकिन दोपहर एक बजे के बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.09 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ, जबकि निफ्टी ने 0.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

दिनभर के कारोबार के दौरान एफएमसीजी और प्राइवेट बैंक सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। दूसरी ओर पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस, मेटल और कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों में जमकर बिकवाली होती रही। इसी तरह ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, हेल्थ केयर और आईटी इंडेक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली होती रही, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 1.49 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स

ने 1.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में दिनभर हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 455.58 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 459.05 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.47 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,369 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,472 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,748 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 149 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,992 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 802 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 2,190 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 12 शेयर बढ़त के साथ और 18 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 19 शेयर हरे निशान में और 31 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 69.51 अंक की तेजी के साथ 73,988.27 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के थोड़ी देर बाद खरीदारी शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर एक बजे के करीब यह सूचकांक 694.25 अंक की मजबूती के साथ 74,613.01 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद बाजार में मुनाफा वसूली के चक्कर में बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में कमजोरी आने लगी। लगातार हो रही बिकवाली के कारण आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले यह सूचकांक ऊपरी स्तर से 715 अंक से अधिक टूट कर 21.19 अंक की कमजोरी के साथ 73,897.57 अंक के स्तर तक आ गया। हालांकि आखिरी वक्त में हुई मामूली खरीदारी की वजह से यह सूचकांक 64.42 अंक की मामूली बढ़त के साथ 73,983.18 अंक के स्तर पर बंद होने में सफल रहा। सेंसेक्स के विपरीत एनएसई के निफ्टी ने आज 8.15 अंक की कमजोरी के साथ 23,233.95 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के थोड़ी देर बाद खरीदारी शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक की चाल में भी तेजी आ गई। लगातार हो रही लिवाली के कारण दोपहर एक बजे तक यह सूचकांक 183.25 अंक की मजबूती के साथ 23,425.35 अंक तक पहुंच गया।

एक झलक

सूक्ष्म वित्त संस्थानों के लिए क्रेडिट गारंटी योजना-2.0 की समय सीमा 31 अगस्त तक बढ़ी

नयी दिल्ली : केंद्र सरकार ने सूक्ष्म वित्त संस्थानों के लिए ऋण गारंटी योजना-2.0 की वैधता 31 अगस्त तक या 20 हजार करोड़ रुपये की गारंटी जारी होने तक बढ़ाने को अपनी मंजूरी दे दी है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक केंद्र सरकार ने अधिकतम ऋण राशि को 300 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1000 करोड़ रुपये करने की भी मंजूरी दी है, जो एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के 20 फीसदी की कुल अधिकतम सीमा के तहत है। अब तक इस योजना के तहत कुल 770 करोड़ रुपये के लोन मंजूर किए गए हैं। इस योजना का मकसद 'नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड' के जरिए क्रेडिट गारंटी सपोर्ट देकर माइक्रोफाइनेंस संस्थान (एमएफआई) को लोन देने की क्षमता को मजबूत करना और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-सूक्ष्म वित्त संस्थान (एनबीएफसी-एमएफआई) को 20 हजार करोड़ रुपये तक का लोन आसानी से उपलब्ध कराना है। इसकी वैधता में विस्तार और बड़े आकार के एनबीसीएफसी-एमएफआई-एमएफआई के लिए निर्धारित अधिकतम ऋण राशि में वृद्धि से एमएफआई सेक्टर में ऋण प्रवाह में वृद्धि होने की उम्मीद है। केंद्र सरकार ने 20 मार्च को सीजीएसएमएफआई-2.0 स्कीम लागू की। इस योजना का उद्देश्य नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) के जरिए बैंकों, वित्तीय संस्थानों को गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-सूक्ष्म वित्त संस्थानों (एनबीएफसी-एमएफआई) और एमएफआई द्वारा छोटे उधारकताओं को दिए गए ऋण पर संभावित नुकसान के विरुद्ध गारंटी प्रदान करना है।

हुंडई मोटर को चेन्नई प्लांट एक में प्रोडक्शन 22 जून तक सामान्य होने की उम्मीद

नयी दिल्ली : दक्षिण कोरियाई ऑटोमोबाइल निमार्ता हुंडई मोटर कंपनी की भारतीय सहायक कंपनी हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) को चेन्नई प्लांट एक में 22 जून तक सभी उत्पादन सामान्य होने की उम्मीद है। इस संयंत्र में आग लगने से अस्थायी रूप से सेवाएं प्रभावित हुई हैं। हुंडई मोटर इंडिया ने बुधवार को शेयर बाजार को एक रेगुलेटरी अपडेट में जानकारी दी कि तमिलनाडु के कांचीपुरम जिले के इरुंगट्टुकोट्टई स्थित सप्लायर 'मोबिस इंडिया लिमिटेड' की फैसिलिटी में 31 मई को दोपहर में आग लगने के कारण चेन्नई प्लांट 1 में प्रोडक्शन में जो रुकावट आई है, जिसके 22 जून तक ठीक होने की उम्मीद है। इसका रिटेल सेल्स पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। कंपनी ने कहा कि यह व्यवधान मुख्य रूप से चेन्नई संयंत्र-1 तक सीमित है, जबकि पुणे संयंत्र और चेन्नई संयंत्र-2 में संचालन पर न्यूनतम प्रभाव पड़ा है। चेन्नई संयंत्र-1 में 15 जून तक जबकि सभी इकाइयों में 22 जून तक उत्पादन गतिविधियां पूरी तरह सामान्य होने का अनुमान है। कंपनी ने कहा कि वह मोबिस इंडिया में लगी आग के समग्र परिचालन पर प्रभाव का अभी आकलन कर रही है। कंपनी को उम्मीद है कि इस बाधा से हुए अधिकांश उत्पादन नुकसान की भरपाई अगली तिमाही में कर ली जाएगी। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने निवेशकों और ग्राहकों को आश्वस्त किया कि निकट अवधि में खुदरा बिक्री पर कोई उल्लेखनीय असर नहीं पड़ेगा।

रिलायंस जामनगर में मेटा के साथ मिल कर बनायेगी 168 मेगावाट का डेटा सेंटर

नयी दिल्ली : रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनी मेटा के साथ मिलकर जामनगर में 168 मेगावाट क्षमता वाला डेटा सेंटर विकसित करने के लिए साझेदारी की है। यह डेटा सेंटर दो वर्षों के भीतर तैयार किया जाएगा। इसकी क्षमता को भविष्य में 168 मेगावाट से आगे बढ़ाने का विकल्प भी रखा गया है। मेटा ने 2020 में जियो प्लेटफॉर्म्स में 5.7 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश किया था। यह भारत में मेटा के लिए पहला बिल्ट-टू-सूट डेटा सेंटर होगा। यह भारत के वैश्विक एआई अवसंरचना केंद्र के रूप में उभरने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। इसे आगे बढ़ाने का विकल्प भी होगा। मेटा इस सुविधा से क्षमता पट्टे

(लीज) पर लेगी। यह भारत में मेटा के लिए पहला बिल्ट-टू-सूट डेटा सेंटर होगा। यह भारत के वैश्विक एआई अवसंरचना केंद्र के रूप में उभरने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। आरआईएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा कि मेटा के साथ यह साझेदारी भारत के डिजिटल अवसंरचना क्षेत्र के लिए एक परिवर्तनकारी क्षण है। उन्होंने कहा कि मेटा जैसी वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी के लिए भारत का पहला बिल्ट-टू-सूट डेटा सेंटर बनाना इस बात का प्रमाण है कि भारत वैश्विक एआई क्रांति में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। अंबानी ने कहा कि जामनगर हाइपरस्केल एआई कंप्यूटिंग का एक प्रमुख केंद्र बनेगा और इस दृष्टि को साकार करने के लिए मेटा के साथ साझेदारी पर हमें गर्व है।

सर्राफा बाजार में चमका सोना चांदी के भाव में बदलाव नहीं

नयी दिल्ली : घरेलू सर्राफा बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में तेजी का रुख नजर आ रहा है। भाव में आए उछाल के कारण चेन्नई के अलावा देश के दूसरे सराफा बाजार में सोना आज 1,370 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,490 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। वहीं चेन्नई में सोने के भाव में 1,370 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,440 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की मजबूति दर्ज की गई। दूसरी ओर, चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है। भाव में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,53,170 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,54,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। 22 कैरेट सोना आज 1,40,410 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,42,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है।

डीपी वर्ल्ड और नीति आयोग ने शीर्ष 10 महिला उद्यमियों को किया सम्मानित

नयी दिल्ली : बहुराष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स कंपनी डीपी वर्ल्ड और नीति आयोग के महिला उद्यमिता मंच (डब्ल्यूईपी) ने बुधवार को 'वी राइज' के समापन पर नई दिल्ली में शीर्ष 10 महिला उद्यमियों को सम्मानित किया। इंडिया हैबिटैट सेंटर के जूनिपर हॉल में शीर्ष 10 महिला उद्यमियों को फूड, हैंडीक्राफ्ट, टेक्सटाइल्स, ब्यूटी एंड वेलनेस समेत विभिन्न क्षेत्रों में इनोवेटिव एवं प्रभावी कारोबार के लिए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। इन सभी को देशभर से मिले 600 से अधिक आवेदनों में से चुना गया है। ये सभी फाइनलिस्ट भारत के व्यापार एवं आर्थिक विकास की कहानी में हिस्सा लेने की महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों की बढ़ती महत्वाकांक्षा को प्रदर्शित करती हैं। इस अवसर पर अपने संबोधन में पूर्व भारतीय

कप्तान मिताली राज ने कहा कि एक क्रिकेटर के तौर पर मैं जानती हूं कि हर उपलब्धि सही तैयारी, रेजिलिएंस और सही समय पर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन देने के साहस का परिणाम होती है। नीति आयोग और डीपी वर्ल्ड के वी राइज प्रोग्राम के माध्यम से सम्मानित महिला उद्यमियों ने भी आगे बढ़ने की वही भावना प्रदर्शित की है, अपनी ताकत को साबित किया है और वैश्विक बाजार के लिए कारोबार खड़ा किया है। उनका सफर हमें याद दिलाता है कि जब अवसर और दृढ़ इच्छाशक्ति को साथ मिलाया जाता है, तो भविष्य का सिर्फ सपना नहीं देखा जाता, बल्कि उसे साकार भी किया जाता है। नीति आयोग की प्रधान आर्थिक सलाहकार एवं महिला उद्यमिता मंच की मिशन डायरेक्टर अन्ना रॉय कहा कि वैश्विक सप्लाई चेन में भारत अपनी स्थिति को मजबूत कर रहा है और ऐसे में उद्यमिता एवं व्यापार में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना ज्यादा समावेशी एवं रेजिलिएंट इकोनॉमी के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वी राइज को एक ऐसे व्यापक प्लेटफॉर्म के तौर पर डिजाइन किया गया है, जो महिला उद्यमियों को कौशल और आत्मविश्वास देता है। साथ ही सतत तरीके से विस्तार करने और वैश्विक बाजार में सार्थक भागीदारी के लिए जरूरी मार्केट ओरिएंटेशन भी प्रदान करता है। डीपी वर्ल्ड के कंट्री मैनेजर सबकॉन्टिनेंट (इंडिया) हेमंत कुमार रुइया ने कहा कि महिला उद्यमी इनोवेशन, रोजगार सृजन और मजबूत समाज के साथ भारत के आर्थिक भविष्य को आकार दे रही हैं। नीति आयोग के वीमेन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म के साथ मिलकर संचालित वी राइज प्रोग्राम के माध्यम से डीपी वर्ल्ड क्षमता बढ़ाने, नेटवर्क का विस्तार करने और वैश्विक बाजारों तक पहुंचने का अवसर देते हुए महिला उद्यमियों की सहायता कर रही है। यह पहल एक समावेशी ट्रेड इकोसिस्टम तैयार करने और उद्यमिता एवं इनोवेशन के माध्यम से भारत के विकास में योगदान देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

सेबी ने ओयो समेत 05 कम्पनियों को दिया ऑब्जर्वेशन लेटर, अब ला सकेंगी आईपीओ

नयी दिल्ली : देश का प्राइमरी मार्केट एक बार फिर रफ्तार पकड़ता हुआ नजर आने लगा है। मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने अलग-अलग सेक्टर की पांच कंपनियों को आईपीओ लाने के लिए ऑब्जर्वेशन लेटर जारी कर दिया है। यानी सेबी की ओर से इन कंपनियों को आईपीओ लाने की मंजूरी मिल गई है। सेबी ने इंडस्ट्रियल इक्विपमेंट, एग्रीकल्चर, हॉस्पिटेलिटी, रियल एस्टेट और हाउसिंग फाइनेंस सेक्टर की कंपनियों को आईपीओ लाने के लिए मंजूरी दी है। इन कंपनियों में हॉस्पिटेलिटी सेक्टर में काम करने वाली ओयो की पैरेंट कंपनी ऑरवेल स्टेज, रियल एस्टेट सेक्टर की कंपनी विगालैंड डेवलपर्स, अफॉर्डेबल हाउसिंग फाइनेंस कंपनी टू होम फाइनेंस, एग्रीकल्चर सेक्टर की कंपनी एडवांटा एंटरप्राइजेज और इंडस्ट्रियल इक्विपमेंट बनाने वाली कंपनी मेहता हाइटेक इंडस्ट्रीज हैं। सबसे पहले बात करते हैं ओयो की पैरंट कंपनी ऑरवेल स्टेज की। यह कंपनी हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में टेक्नोलॉजी बेस्ड प्लेटफॉर्म चलाती है। कंपनी होटल, वेकेशन होम्स और अन्य रेसिडेंशियल सर्विस के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बन चुकी है। सेबी ने कंपनी को 6,650 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने के लिए ऑब्जर्वेशन लेटर जारी कर दिया है। कंपनी की योजना अपने आईपीओ के जरिए कारोबार बढ़ाने के लिए फंड जुटाने की है। इस आईपीओ के जरिए कंपनी अपना वैल्यूएशन बढ़ा कर 66 हजार करोड़ तक ले जाना चाहती है। कुछ साल पहले तक लगातार नुकसान का सामना कर रही यह कंपनी पिछले कुछ वर्षों से मुनाफा कमाने की राह पर चल पड़ी है, जिसकी वजह से इसके आईपीओ को लेकर प्राइमरी मार्केट में लोगों के बीच काफी उत्साह बना हुआ है। इसी तरह केरल की रियल एस्टेट कंपनी विगालैंड डेवलपर को भी मार्केट रेगुलेटर सेबी ने आईपीओ लाने के लिए ऑब्जर्वेशन लेटर जारी कर दिया है। आईपीओ के जरिए कंपनी 250 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है।

कोयला व लिग्नाइट गैसीकरण परियोजना पर हैदराबाद में होगा रोड शो

नयी दिल्ली : कोयला मंत्रालय 11 जून को हैदराबाद में अपना अगला रोड शो का आयोजन करेगा। नई दिल्ली में कोयला और लिग्नाइट गैसीफिकेशन प्रोजेक्ट्स पर सफल रोड शो से मिली मजबूत गति को आगे बढ़ाते हुए यह रोड शो किया जायेगा। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी हैदराबाद रोडशो में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे विशिष्ट अतिथि होंगे। कोयला मंत्रालय के मुताबिक यह रोडशो नीतिगत समर्थन, तकनीकी नवाचारों, निवेश के अवसरों और परियोजना कार्यान्वयन रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करेगा। ये नीति निर्माताओं, उद्योगपतियों, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं और निवेशकों को एक साथ एक मंच लाएगा ताकि, देशभर में कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं के विकास में तेजी लाने के लिए सहयोगात्मक मार्ग ढूंढे जा सकें। इस आयोजन से हितधारकों की सहभागिता को और मजबूत करने, रणनीतिक साझेदारियों को सुगम बनाने और भारत में कोयला गैसीकरण के लिए एक सशक्त इकोसिस्टम के निर्माण में सहयोग मिलने की आशा है।

डॉ. अतुल मलिकराम ने समाज की प्रगति और राजनीतिक चेतना पर दिया जोर

इटारसी (नर्मदापुरम) : अपने प्राचीन मंदिरों, सिद्ध पीठों और दर्शनीय स्थलों के लिए पूरे भारत में प्रसिद्ध मध्य प्रदेश का नर्मदापुरम जिला आज सामाजिक -राजनीतिक चेतना का भी केंद्र बनता जा रहा है। बीते दिनों जिले के इटारसी शहर में चौरिया कुर्मी समाज महासंघ द्वारा समाज के बुद्धिजीवियों, पत्रकारों, खिलाड़ियों और प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए एक विशेष प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अपना दल (एस) के राष्ट्रीय महासचिव व मध्य प्रदेश प्रभारी आर. बी. सिंह पटेल बतौर अति विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे, वहीं राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल

मलिकराम भी वर्चुअल रूप से कार्यक्रम का हिस्सा बने। इस समारोह में मुख्यरूप से मध्य प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि समाज सेवी नवीन चौरे की अध्यक्षता में संपन्न हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को नई दिशा देना और युवाओं को राजनीतिक दृष्टि से प्रोत्साहित करना था। समारोह को संबोधित करते हुए अपना दल (एस) के राष्ट्रीय महासचिव आर. बी. सिंह पटेल ने सामाजिक एकजुटता पर जोर देते हुए समाज के आंतरिक बिखराव को दूर करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, आज समय की मांग है कि हम सभी उपजातियों के भेदों को छोड़कर 'पटेल' नाम के सूत्र में बंधें और एक सशक्त नाता जोड़ें। हमारी असली ताकत हमारी एकता में है। कार्यक्रम के सामाजिक और राजनैतिक सरोकारों को रेखांकित करते हुए राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम ने कहा, यह सम्मान समारोह न केवल समाज की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का एक सराहनीय प्रयास है, बल्कि यह इस बात का भी पुख्ता सबूत है कि अपना दल (एस) मध्य प्रदेश की जमीनी राजनीति और आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पूरी तरह से कमर कस चुका है। जमीनी स्तर पर बढ़ती यह सक्रियता साफ दर्शाती है कि पार्टी मध्य प्रदेश की जनता के लिए एक बेहद मजबूत और विश्वसनीय राजनीतिक विकल्प बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रही है।

पेज एक के शेष

प्रधानमंत्री को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने दी बधाई...

सतत शासन यात्रा के निकट पहुंच रही है। प्रस्ताव में प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक जीवन को राष्ट्रसेवा और जनकल्याण के प्रति समर्पण का उदाहरण बताया गया। इसमें कहा गया कि 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र के साथ गरीबों के कल्याण को शासन के केन्द्र में रखा गया। सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आवास, बिजली, स्वच्छ जल, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन तथा करोड़ों गरीबों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायी गयीं।

युवाओं, महिलाओं और किसानों के सशक्तीकरण को भी प्रस्ताव में प्रमुखता से रेखांकित किया गया। स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के विस्तार, चंद्रयान मिशन, महिला आरक्षण, लखपति दीदी अभियान और पीएम किसान सम्मान निधि जैसी पहलों का उल्लेख किया गया। प्रस्ताव में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, जीएसटी, वन रैंक वन पेंशन, नागरिकता संशोधन अधिनियम, नये आपराधिक कानूनों तथा श्रम सुधारों को महत्त्वपूर्ण उपलब्धियां बताया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवाद के विरुद्ध कार्रवाई, आत्मनिर्भर भारत, जी-20 की सफल अध्यक्षता तथा वैश्विक मंचों पर भारत की बढ़ती भूमिका को भी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की प्रमुख उपलब्धियों के रूप में रेखांकित किया गया।

चार नामों पर लगी राज्यपाल की स्वीकृति की मुहर...

यह भी स्पष्ट किया है कि यदि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया में किसी प्रकार की प्रक्रियागत त्रुटि पायी जाती है अथवा उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुपालन को लेकर कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो उसकी पूरी जवाबदेही राज्य सरकार की होगी।

सूचना आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान पैनल में शामिल कुछ नामों के राजनीतिक सम्बन्धों को लेकर भी चर्चा और विवाद हुआ था। अमूल्य नीरज खलखो का कांग्रेस, तनुज खत्री का झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) तथा शिवपूजन पाठक का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़ाव होने की बात सामने आयी थी।

विपक्षी दलों और कुछ सामाजिक संगठनों ने सूचना आयोग जैसे महत्त्वपूर्ण वैधानिक संस्थान में राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों की नियुक्ति को लेकर सवाल उठाये थे। उनका तर्क था कि आयोग की निष्पक्षता और स्वतंत्रता बनाये रखने के लिए नियुक्तियों में पारदर्शिता और राजनीतिक तटस्थता आवश्यक है।

राज्य सरकार ने दोबारा भेजे गये प्रस्ताव में स्पष्ट किया कि जिन व्यक्तियों के सम्बन्ध में आरोपों या आपत्तियों का उल्लेख किया गया था, वे आरोपों से मुक्त हो चुके हैं। सरकार ने यह भी कहा कि राजनीतिक दलों से जुड़े नाम नियुक्ति के बाद अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे देंगे।

राज्य सरकार के अनुसार, सम्बन्धित व्यक्ति वर्तमान में किसी राजनीतिक दल में लाभ के पद पर नहीं हैं और उनकी नियुक्ति सभी कानूनी एवं प्रक्रियागत मानकों के अनुरूप की जा रही है।

अनिल अम्बानी को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ी राहत...

याचिका पर अंतिम फैसला आने तक अनिल अंबानी के खिलाफ कोई भी कठोर या दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाए। इसमें आपराधिक मुकदमा दर्ज करना और जुमार्ना लगाने जैसी कार्रवाई भी शामिल है। हालांकि, हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि आयकर विभाग द्वारा पहले जारी किए गए मूल्यांकन आदेश के खिलाफ अनिल अंबानी की ओर से आयकर आयुक्त (अपील) के समक्ष दायर अपील की सुनवाई सामान्य रूप से जारी रह सकती है। दरअसल, आयकर विभाग ने 8 अगस्त 2022 को अनिल अंबानी को नोटिस जारी किया था। विभाग का आरोप है कि उन्होंने स्विट्जरलैंड के दो बैंक खातों में रखी गई 814 करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी संपत्तियों की जानकारी छिपाई और इस पर लगभग 420 करोड़ रुपये के कर का भुगतान नहीं किया। आयकर विभाग का दावा है कि अंबानी ने अपनी आयकर रिटर्न में विदेशी बैंक खातों और विदेशों में अपने आर्थिक हितों का खुलासा नहीं किया। ब्लैक मनी एक्ट की धारा 50 और 51 के तहत इस तरह के मामलों में मुकदमा चलाया जा सकता है। दोषी पाए जाने पर अधिकतम 10 वर्ष तक की सजा और आर्थिक दंड का प्रावधान है। अपनी याचिका में अनिल अंबानी ने तर्क दिया है कि ब्लैक मनी एक्ट वर्ष 2015 में लागू हुआ था, जबकि जिन लेन-देन और संपत्तियों को लेकर आरोप लगाए गए हैं, वे मूल्यांकन वर्ष 2006-07 और 2010-11 से संबंधित हैं। इसलिए इस कानून को पूर्व प्रभाव (रेट्रोस्पेक्टिव इफेक्ट) से लागू नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि कानून की कुछ धाराएं भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का उल्लंघन करती हैं और उनकी संवैधानिक वैधता पर पुनर्विचार होना चाहिए। आयकर विभाग के अनुसार, अनिल अंबानी बहामास स्थित ह्यडायमंड ट्रस्टह्ल के आर्थिक योगदानकर्ता और लाभार्थी मालिक थे। इसके अलावा, उनका संबंध ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स में पंजीकृत ह्यनॉर्दर्न अटलांटिक ट्रेडिंग अनलिमिटेडह्ल नामक कंपनी से भी बताया गया है। विभाग का आरोप है कि इन विदेशी परिसंपत्तियों और खातों का उल्लेख आयकर रिटर्न में नहीं किया गया। विभाग ने अघोषित विदेशी संपत्तियों का कुल मूल्य लगभग 814.27 करोड़ रुपये आंका है, जबकि इन पर देय कर राशि करीब 420.29 करोड़ रुपये बताई गई है। हाईकोर्ट द्वारा याचिका स्वीकार किए जाने के बाद अब ब्लैक मनी एक्ट की कुछ धाराओं की संवैधानिक वैधता पर महत्वपूर्ण न्यायिक सुनवाई होने की संभावना है। फिलहाल अनिल अंबानी को अंतरिम राहत मिल गई है, लेकिन मामले की कानूनी प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी और अंतिम फैसला अदालत की सुनवाई के बाद ही सामने आएगा।

नीति आयोग की बैठक गुरुवार को, केन्द्र व राज्यों के बीच समन्वय बढ़ाने पर होगी चर्चा...

अवसर सृजित करने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

बैठक में राज्यों के विकास दृष्टिकोण को राष्ट्रीय समावेशी मानव विकास दृष्टि के साथ जोड़ने पर विशेष बल रहेगा, ताकि संतुलित और टिकाऊ विकास के लिए एकीकृत रणनीति तैयार की जा सके। नीति आयोग की शासी परिषद दिसंबर 2025 में आयोजित मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की सिफारिशों पर भी विचार करेगी। इन सिफारिशों में प्रारंभिक बाल शिक्षा, स्कूली शिक्षा, कौशल विकास, उच्च शिक्षा तथा खेल एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों से जुड़े विषय शामिल हैं।

सरकार का मानना है कि यह बैठक विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच सहयोगात्मक संघवाद को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण मंच साबित होगी।

कैबिनेट ने अहमदाबाद मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के फेज-2ए को दी मंजूरी...

समय में लगभग दो हजार लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है, जबकि परिचालन और रखरखाव के दौरान करीब 500 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

अमरावती में दो बड़ी अवसंरचना परियोजनाओं को भी मंजूरी...

हरित रेटिंग (गृहा) 4-स्टार रेटिंग सुनिश्चित की जायेगी और ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता (ईसीबीसी 2024) के अनुरूप डिजाइन तैयार किया जायेगा। भवनों को ऊर्जा-कुशल और पर्यावरण-अनुकूल बनाने पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं में समावेशी विकास को भी प्राथमिकता दी गई है। परिसर को दिव्यांगजन के लिए बाधा-मुक्त बनाया जाएगा और आधुनिक नागरिक एवं सामुदायिक सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी।

एक झलक

सामूहिक गोलीबारी में 12 लोगों की मौत

जोहान्सबर्ग : दक्षिण अफ्रीका में एक बार फिर सामूहिक गोलीबारी की बड़ी घटना सामने आई है। मंगलवार शाम देश के गौतेंग प्रांत में जोहान्सबर्ग के पूर्व में स्थित क्लीवलैंड इलाके की जंपर्स अनौपचारिक बस्ती में अज्ञात हमलावरों ने कई जगहों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस हमले में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक हमलावर एक सफेद टोयोटा क्वांटम वाहन में पहुंचे थे। वे बस्ती में दो अलग-अलग रास्तों से दाखिल हुए और कई स्थानों पर गोलीबारी करने के बाद उसी वाहन से फरार हो गए। अधिकारियों का मानना है कि इस हमले में 10 से ज्यादा लोग शामिल थे। घटना के बाद पुलिस ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस फिलहाल हमले के कारणों की जांच कर रही है और अभी तक किसी मकसद की पुष्टि नहीं हुई है। यह घटना ऐसे समय हुई है जब दक्षिण अफ्रीका पहले से ही हिंसक अपराधों की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। देश में औसतन हर दिन करीब 60 हत्याएं दर्ज की जाती हैं।

पीओके में पाक सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश

कराची : पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बुधवार को पाकिस्तानी सेना का एक एमआई-17 हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सेना ने बताया कि हादसे में हेलिकॉप्टर में सवार सभी लोगों की मौत हो गई। हेलिकॉप्टर मुजफ्फराबाद के पास उड़ान भरने के दौरान तकनीकी खराबी का शिकार हो गया। सेना ने अभी यह नहीं बताया है कि हेलिकॉप्टर में कुल कितने लोग सवार थे। हादसे के बाद बचाव और राहत दल तुरंत मौके पर पहुंच गए। दुर्घटना की वजह का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं। सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन 2030 तक हो जायेगा खत्म

न्यूयॉर्क : पृथ्वी से करीब 400 किलोमीटर दूर अंतरिक्ष में स्थित इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। नासा ने 2028 से शुरू करके 2030 तक इसे सुरक्षित तरीके से धरती पर गिराने की अपनी योजना को सार्वजनिक किया है। इसके लिए नासा ने 1 अरब डॉलर (करीब 9500 करोड़ रुपए) का प्लान तैयार किया है। आईएसएस पिछले 25 साल से सबसे बड़ी अंतरिक्ष प्रयोगशाला के रूप में काम कर रहा है।
आईएसएस निर्धारित उम्र पूरी कर चुका है। इसका कार्यकाल कई बार बढ़ चुका है। पिछले कुछ सालों से इसमें लगातार तकनीकी खामियां आ रही हैं। स्टेशन को सुरक्षित बनाए रखने पर अरबों डॉलर खर्च होते हैं। नासा अब अपने संसाधनों को चंद्रमा और मंगल मिशनों पर केंद्रित करना चाहता है। इसलिए आईएसएस को सम्मानजनक और सुरक्षित तरीके से रिटायर करने का फैसला लिया गया है।

फर्जी लाइसेंस पर 17 साल तक प्लेन उड़ाता रहा पायलट

ओटाया : कनाडा की एयरलाइन एयर कनाडा के पूर्व पायलट ज्योफ्री वॉल पर फर्जी लाइसेंस के सहारे 17 साल तक कमर्शियल फ्लाइट उड़ाने का आरोप लगा है। डिप्टी चीफ निक मिलिनोविच ने कहा कि आरोपी ने हजारों यात्रियों की सुरक्षा को खतरे में डाला। पुलिस के मुताबिक वॉल पर 5 हजार डॉलर से ज्यादा की धोखाधड़ी, पब्लिक मिसचीफ, फर्जी दस्तावेज इस्तेमाल करने और नकली प्रमाण चिह्न रखने समेत कई आरोप लगाए गए हैं। 59 वर्षीय वॉल को 1 जून को गिरफ्तार किया गया। ट्रांसपोर्ट कनाडा की जांच में दस्तावेजों में गड़बड़ी मिलने के बाद यह मामला सामने आया। आरोप है कि वॉल ने 1998 में एविएशन करियर शुरू किया था और 2009 में फर्जी क्रेडेंशियल के आधार पर पायलट-इन-कमांड यानी कप्तान का पद हासिल कर लिया।

आईएएस को केवल नौकरी नहीं, संविधान और राष्ट्र के प्रति आजीवन प्रतिबद्धता मानें : ओम बिरला

एजेंसी

नयी दिल्ली : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को 2024 बैच के आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों से भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) को केवल एक पेशा नहीं, बल्कि संविधान, राष्ट्र और नागरिकों के प्रति आजीवन प्रतिबद्धता के रूप में देखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शासन की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि कानूनों और नीतियों को जमीनी स्तर पर कितना प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है।
संसद भवन में लोकसभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र के लिए अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा आयोजित सहायक सचिव कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि लोक सेवक परिवर्तन के वाहक होते हैं और नागरिकों की आकांक्षाओं को वास्तविक परिणामों में बदलने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।
उन्होंने कहा कि संसद केवल कानून बनाने का मंच नहीं है, बल्कि देश की जनता की आकांक्षाओं, अपेक्षाओं और चिंताओं की सर्वोच्च अभिव्यक्ति भी है। संसद के साथ जुड़ाव अधिकारियों को लोकतांत्रिक शासन, विधायी प्रक्रिया और संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली को निकट से समझने का अवसर प्रदान करता है।
लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी कानून का वास्तविक मूल्य उसके

प्रभावी क्रियान्वयन में निहित होता है। संसद कानून बनाती है, लेकिन प्रशासनिक तंत्र ही विधायी मंशा को नागरिकों के लिए ठोस परिणामों में बदलता है। निर्वाचित प्रतिनिधि जनता की उम्मीदों को आवाज देते हैं, जबकि प्रशासक नीतियों, योजनाओं और बेहतर सेवा वितरण के माध्यम से उन उम्मीदों को साकार करते हैं।
बिरला ने प्रशिक्षु अधिकारियों को जनता से निरंतर जुड़े रहने और भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक तथा भौगोलिक विविधता को समझने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि एक प्रशासक के लिए कानूनों और नियमों का ज्ञान जितना जरूरी है, उतनी ही महत्वपूर्ण संवेदनशीलता, सहानुभूति और स्थानीय परिस्थितियों की समझ भी है। स्थानीय भाषाओं में संवाद करने और लोगों की समस्याओं को समझने वाले अधिकारी अधिक प्रभावी ढंग से जनविश्वास अर्जित कर सकते हैं।
उन्होंने सिविल सेवाओं में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि उनका योगदान देशभर में शासन व्यवस्था को मजबूत बना रहा है। बिरला ने ईमानदारी, करुणा, जवाबदेही और जनसेवा के प्रति समर्पण को प्रत्येक सिविल सेवक के लिए अनिवार्य गुण बताया।
लोकसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों से पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने का आग्रह करते हुए कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा पर देश के लोगों का गहरा विश्वास है। अधिकारियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने और नागरिक-केंद्रित प्रशासन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए।

पश्चिम बंगाल में विभागों का हुआ बंटवारा

शुभेन्दु ने सम्भाला गृह भूमि व ऊर्जा विभाग

एजेंसी

कोलकाता : पश्चिम बंगाल की नई सरकार में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मंत्रिपरिषद के बीच विभागों का विस्तृत बंटवारा कर दिया है। राज्य सरकार के गृह एवं पर्वतीय मामलों के विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार मुख्यमंत्री ने कई अहम विभाग अपने पास रखे हैं, जबकि कैबिनेट मंत्रियों, स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्रियों और राज्य मंत्रियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। विभागों के आवंटन के साथ ही नई सरकार का प्रशासनिक ढांचा पूरी तरह सक्रिय हो गया है।
मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने गृह एवं पर्वतीय मामले विभाग, भूमि एवं भूमि सुधार तथा शरणार्थी राहत एवं पुनर्वास विभाग, विद्युत विभाग, सूचना एवं संस्कृति विभाग, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग सहित वे सभी विभाग अपने पास रखे हैं, जो किसी अन्य मंत्री को आवंटित नहीं किए गए हैं। इससे स्पष्ट है कि सरकार की आंतरिक सुरक्षा, प्रशासनिक नियंत्रण और भूमि संबंधी नीतियों पर मुख्यमंत्री की सीधी निगरानी रहेगी।
निशीथ प्रमाणिक को उत्तर बंगाल विकास विभाग तथा जल संसाधन जांच एवं विकास विभाग का प्रभार दिया गया है। अशोक कीर्तनिया को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग तथा सहकारिता विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दिलीप घोष को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और कृषि विपणन विभाग का मंत्री बनाया गया है। खुदिराम टुडू को जनजातीय विकास विभाग, अल्पसंख्यक मामले विभाग तथा मदरसा शिक्षा विभाग का दायित्व सौंपा गया है। अग्निमित्रा पॉल को शहरी विकास एवं नगर मामलों के विभाग की जिम्मेदारी मिली है।
शुभेंदु सरकार में तीन राज्य मंत्रियों को स्वतंत्र प्रभार दिया गया है। मालती रावा राय को महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग, स्वयं सहायता समूह एवं स्वरोजगार विभाग तथा कार्यक्रम निगरानी विभाग का स्वतंत्र प्रभार मिला है। राजेश महाता को पशु संसाधन विकास विभाग और मत्स्य विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। डॉ. इंद्रनील खान को युवा कल्याण एवं खेल विभाग तथा उपभोक्ता मामले विभाग का स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है।

स्वपन दासगुप्ता को वित्त, अग्निमित्रा को शहरी विकास

उद्योग ही बंगाल का भविष्य, टाटा समूह को वापस लाना प्राथमिकता : तापस

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने औद्योगिक विकास को सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल किया है। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की जिम्मेदारी संभालने के बाद मंत्री तापस राय ने स्पष्ट संकेत दिया है कि राज्य में निवेश बढ़ाने और उद्योगों को पुनर्जीवित करने के लिए सरकार बड़े कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य का प्रमुख लक्ष्य टाटा समूह सहित उन बड़े उद्योग घरानों को वापस लाना है, जिन्होंने पूर्व में पश्चिम बंगाल से दूरी बना ली थी। एक साक्षात्कार में तापस राय ने कहा कि उद्योग ही पश्चिम बंगाल के भविष्य की कुंजी है। राज्य के युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास को साथ लेकर आगे बढ़ना सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती है, जिसे स्वीकार करते हुए काम किया जाएगा। तापस राय ने पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार की औद्योगिक नीतियों की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों में राज्य में उद्योगों की उपेक्षा हुई।

मणिपुर के उखरूल जिले से लापता छह नागा पुरुषों के शव बरामद, क्षेत्र में तनाव

एजेंसी

उखरूल : मणिपुर के उखरूल जिले में पिछले महीने से लापता छह नागा पुरुषों के शव बुधवार को व्यापक तलाशी अभियान के दौरान बरामद किए गए। शवों की बरामदगी ऐसे समय हुई है जब एक दिन पहले ही इसी घटना से जुड़े 14 बंधकों की रिहाई की सूचना सामने आई थी।
मणिपुर पुलिस, असम राइफल्स और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के लगभग 450 जवानों ने स्निफर डॉग और फॉरेंसिक विशेषज्ञों की सहायता से करीब 24 घंटे तक लगातार तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान छह लोगों के शव बरामद किए गए। सूत्रों के अनुसार, शव अत्यंत क्षत-विक्षत अवस्था में मिले, जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय सूत्रों ने आरोप लगाया है कि मृतकों को यातनाएं देने के बाद उनकी हत्या की गई।
घटना की शुरूआत 13 मई को हुई थी, जब कोंसाखुल नगा गांव में आयोजित एक स्वागत समारोह से लौट रहे ग्रामीणों के एक समूह को लेइलोन वैफेई गांव के पास कथित रूप से रोक लिया गया। बताया गया है कि सड़क पर लगाए गए एक बांस के अवरोधक के पास 18 लोगों को हिरासत में लिया गया था, जिनमें पुरुषों के अलावा महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल थे।
बाद में बातचीत और समझौते के प्रयासों के बाद महिलाओं और बच्चे को रिहा कर दिया गया।

पानीपत में राष्ट्रीय पक्षी मोर की हत्या

वन्यजीव संरक्षण कानून के तहत मामला दर्ज

पानीपत : हरियाणा के पानीपत के मतलौडा क्षेत्र में राष्ट्रीय पक्षी मोर को मारने की घटना सामने आई है। बुधवार को मतलौडा के रहने वाले नरेश ने स्थानीय पुलिस को यह सूचना दी। शिकायतकर्ता नरेश के अनुसार, मतलौडा में रेलवे फाटक के पास कुछ असमाजिक तत्व झुग्गी-झोपड़ी डालकर रह रहे हैं। इन झोपड़ियों से कुछ ही दूरी पर उन्हें भारत के राष्ट्रीय पक्षी मोर के कटे हुए पंख, हड्डियां और अन्य अवशेष बिखरे हुए मिले। इसे देखकर आशंका जताई जा रही है कि इन लोगों ने राष्ट्रीय पक्षी मोर का शिकार कर उसे मार डाला और उसका मांस पका कर खा गए।

योगी ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिख कर दी बधाई, कहा

12 वर्षों में भारत को मिली नयी दिशा और गति

एजेंसी

लखनऊ : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 12 वर्ष के कार्यकाल पर उन्हें पत्र लिखकर बधाई दी है। योगी ने कहा कि राष्ट्रसेवा, सुशासन और जनकल्याण को समर्पित 12 वर्षों में भारत के विकास को नई दिशा, नई गति और नया विश्वास मिला है। उन्होंने कहा कि आपके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश 'आस्था और अर्थव्यवस्था का अद्भुत संगम' बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी को प्रेषित पत्र में लिखा कि राष्ट्रसेवा, सुशासन एवं जनकल्याण को समर्पित 12 वर्ष के सफलतम कार्यकाल पर आपको समस्त प्रदेशवासियों की ओर से अनंत शुभकामनाएं। योगी ने कहा कि अयोध्या में श्री रामजन्मभूमि पर रामलला का विराजमान होना, काशी विश्वनाथ धाम के सफल पुनरोद्धार आदि के साथ ही 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के आपके मूल मंत्र ने विगत 12 वर्षों में भारत के विकास को नई दिशा, नई गति और नया विश्वास प्रदान किया है।

राज्यसभा टिकट नहीं मिलने से सार्वजनिक जीवन खत्म नहीं होता : एच. डी. देवेगौड़ा

एजेंसी

बेंगलुरु : कर्नाटक से राज्यसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ओर से टिकट नहीं मिलने को लेकर जारी चर्चाओं के बीच पूर्व प्रधानमंत्री एवं जनता दल (सेक्यूलर) के संरक्षक एच. डी. देवेगौड़ा ने स्पष्ट किया है कि उनकी राजनीतिक और सार्वजनिक सक्रियता पहले की तरह जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि राज्यसभा की सदस्यता नहीं मिलने का अर्थ यह नहीं है कि उनका सार्वजनिक जीवन समाप्त हो गया है। बेंगलुरु स्थित जेडीएस मुख्यालय जेपी भवन में बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में देवेगौड़ा ने कहा, 'मैं चुप बैठने वालों में नहीं

हूं। अपनी क्षमता के अनुसार राज्य और देश से जुड़े मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखता रहूंगा। राज्यसभा सदस्य नहीं बनने से मेरी राजनीतिक भूमिका समाप्त नहीं होती।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अपने संबंधों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उनका रिश्ता केवल राज्यसभा की एक सीट तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा, 'पिछले दस वर्षों से हमारे बीच व्यक्तिगत मित्रता और परस्पर सम्मान का संबंध रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और शासन के बारे में मैंने हमेशा खुलकर अपनी बात रखी है और भविष्य में भी यह संबंध इसी तरह बना रहेगा।' सात दशक से अधिक लंबे अपने राजनीतिक जीवन का जिक्र करते हुए देवेगौड़ा ने कहा कि उन्होंने हमेशा जनसेवा को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि यदि उनकी इच्छा राज्यसभा सदस्य बनने की होती तो वे केंद्रीय नेतृत्व से संपर्क कर इसके लिए प्रयास कर सकते थे, लेकिन उनकी पार्टी ने ही राज्यसभा चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया था।

36 हजार भारतीय सिम कंबोडिया में एक्टिव

नयी दिल्ली : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कंबोडिया से संचालित एक अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्थान और पंजाब में बड़े पैमाने पर छापेमारी की है। जांच में खुलासा हुआ है कि हजारों भारतीय सिम कार्ड फर्जी तरीके से एक्टिव कर विदेशी नेटवर्क तक पहुंचाए जा रहे थे, जिनका इस्तेमाल भारत में बड़े पैमाने पर साइबर धोखाधड़ी के लिए किया जा रहा था। जांच के दौरान एजेंसी ने करीब 2.3 लाख संदिग्ध मोबाइल नंबरों का विश्लेषण किया। इसमें सामने आया कि लगभग 36 हजार भारतीय सिम कार्ड कंबोडिया में सक्रिय थे। इनमें से करीब 5300 सिम कार्ड सीधे तौर पर भारत में साइबर फ्रॉड के मामलों में इस्तेमाल किए गए।

मेकर्स ने बदला 'लाहौर 1947' का टाइटल

एजेंसी

मुम्बई : सनी देओल की बहुप्रतीक्षित पीरियड ड्रामा फिल्म 'लाहौर 1947' का शीर्षक आधिकारिक तौर पर बदल दिया गया है। निमार्ताओं ने फिल्म का नया नाम 'बटवारा 1947' घोषित करते हुए इसका मोशन पोस्टर भी जारी कर दिया है। लंबे समय से फिल्म के टाइटल बदलने की चर्चा चल रही थी, जिस पर अब आधिकारिक मुहर लग गई है। फिल्म का निर्देशन राजकुमार संतोषी ने किया है, जबकि इसका निर्माण आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले किया गया है।
सोशल मीडिया पर जारी मोशन पोस्टर के साथ सनी देओल ने फिल्म की रिलीज डेट का भी खुलासा किया। अभिनेता ने लिखा,

'नफरत और भय के दौर में उन्होंने साहस को चुना। 14 अगस्त 2026 से सिनेमाघरों में देखें 'बटवारा 1947'।' पोस्टर में सनी देओल के अलावा प्रीति जिंटा, शबाना आजमी, अली फजल और करण देओल की झलक भी देखने को मिली है। खास बात यह है कि इस फिल्म के जरिए प्रीति जिंटा लंबे समय बाद अभिनय की दुनिया में वापसी कर रही हैं। भारत विभाजन की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म आजादी और बंटवारे के दौर की भावनात्मक तथा ऐतिहासिक कहानी को बड़े पर्दे पर पेश करेगी। फिल्म की रिलीज के साथ बॉक्स ऑफिस पर दिलचस्प मुकाबला भी देखने को मिलेगा, क्योंकि 14 अगस्त 2026 को ही इमरान हाशमी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'आवारापन 2' भी सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन रद्द होने पर एमपी में कांग्रेस का प्रदर्शन

एजेंसी

भोपाल : मध्य प्रदेश से राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने के बाद प्रदेश में सियासी घमासान तेज हो गया है। कांग्रेस ने इस कार्रवाई को चुनावी प्रक्रिया और लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत बताते हुए भोपाल सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन किया। राजधानी भोपाल में कांग्रेस नेताओं ने सामूहिक उपवास कर विरोध दर्ज कराया, जबकि पार्टी ने मामले को कानूनी और राजनीतिक स्तर पर चुनौती देने की घोषणा की है।
बुधवार को भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर आयोजित विरोध कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, विधायक आरिफ मसूद, हेमंत कटारे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हाथों में संविधान की प्रतियां लेकर तथा काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। कांग्रेस का आरोप है कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन ऐसे आधार पर निरस्त किया गया है, जो चुनावी कानून की भावना के अनुरूप नहीं है।
उपवास कार्यक्रम से पहले प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में दिग्विजय सिंह, जीतू पटवारी और उमंग सिंघार समेत वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई। करीब एक घंटे चली इस बैठक में कानूनी और राजनीतिक रणनीति पर चर्चा की

गई। इसके बाद कांग्रेस ने स्थानीय निर्वाचन अधिकारियों से मिलने का कार्यक्रम स्थगित कर दिया। पार्टी नेताओं का कहना है कि अब पूरा मामला केंद्रीय नेतृत्व के स्तर पर चुनाव आयोग के समक्ष रखा जाएगा और दिल्ली से आगे की रणनीति तय होगी।
रोशनपुरा चौराहे पर आयोजित सामूहिक उपवास में कांग्रेस नेताओं ने इसे लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का आंदोलन बताया। कांग्रेस विधायक दिनेश गुर्जर ने कहा कि पार्टी नेतृत्व जो भी निर्णय लेगा, वे उसके साथ खड़े रहेंगे। उनके भाषण के दौरान मुख्यमंत्री निवास पर पत्थर मारने को लेकर की गई टिप्पणी राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गई।
विधायक हेमंत कटारे ने कहा कि पार्टी लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए हर संवैधानिक मंच पर अपनी बात रखेगी। कांग्रेस विधायक और आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष रीना बोरासी ने आरोप लगाया कि विभिन्न राज्यों में चुनावी मामलों में अलग-अलग मानदंड अपनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मीनाक्षी नटराजन के मामले में निर्णय लेने की प्रक्रिया अत्यंत त्वरित रही, जबकि अन्य मामलों में पक्षकारों को अधिक समय दिया गया।
विधायक आरिफ मसूद ने कहा कि केवल नोटिस के आधार पर नामांकन निरस्त किया जाना गंभीर कानूनी बहस का विषय है। कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने दावा किया कि मीनाक्षी नटराजन के खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं था। उन्होंने कहा कि केवल एक निजी शिकायत के आधार पर जारी नोटिस को नामांकन खारिज करने का आधार बना दिया गया।
भोपाल के अलावा खंडवा सहित अन्य जिलों में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन और नारेबाजी की। खंडवा में कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंककर विरोध जताया। स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि इस फैसले से लोकतांत्रिक मूल्यों को नुकसान पहुंचा है।